वर्ष 13, अंक 251
गैरसैंण
शुक्रवार
20 जनवरी 2023
पृष्ठ 8

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित   डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2020-23   फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8445596074, 7060517714, 9412081969   e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com   मूल्य-2 रुपये

## केदारनाथ धाम में बर्फबारी

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ सहित अनेक ऊंची पहाड़ियों में बर्फबारी हुई है, जिससे मौसम में ठिठुरन आ गई है।

हिमालयी क्षेत्रों के अलावा निचले इलाकों में भी बर्फबारी के कारण ठंड बढ़ गई है। गुरुवार को जनपद में सुबह से ही मौसम खराब रहा। आसमान में बादल छाए रहे। लोगों को धूप के बिना मायूस होना पड़ा। हालांकि बेहतर मौसम के लिए हर कोई बारिश और बर्फबारी की उम्मीद कर रहा है। केदारनाथ, मद्महेश्वर, तुंगनाथ और चन्द्रशिला में हल्की बर्फबारी हुई है। गुरुवार रात तक अच्छी बर्फ गिरने की उम्मीद जताई जा रही है। केदारनाथ में दोपहर तक 2 इंच नई बर्फ गिरी है। हालांकि केदारनाथ में बीते वर्षों की तुलना इस बार कम बर्फ गिरी है।

## मेरी भी बेटी है, चाहूंगा कि वो भी महिला आईपीएल खेले : सुरेश रैना

**मेरठ (एजेंसी)।** भामाशाह पार्क क्रिकेट स्टेडियम में चल रहे रणजी मैच के मुकाबले का आज तीसरा दिन है।


रणजी मैच में दूसरी पारी में ओडिशा 15 ओवर में एक विकेट पर 126 रन बनाए हैं। क्रिकेटर सुरेश रैना और प्रवीण कुमार भी स्टेडियम पहुंचे हैं। उन्होंने उत्तर प्रदेश की टीम के खिलाडियों का हौसला बढ़ाया।

इस दौरान आयोजकों ने उन्हें मेरठ में बना बैट प्रतीकचिन्ह के रूप में भेंट किया। इस दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने महिला आईपीएल को लेकर खुशी जाहिर की। सुरेश रैना बोले-मेरी बेटी है, उसे महिला आईपीएल में खिलाना चाहूंगा गुरुवार को भामाशाह पार्क में रणजी मैच देखने पहुंचे पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना ने उत्तर प्रदेश की टीम का हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा महिला आईपीएल से बेटियों को लाभ मिलेगा। महिला का क्रिकेट भी अच्छा होगा। मेरी बेटी है और मैं भी चाहूंगा कि वह आईपीएल में खेले। कहा कि मेरठ में रणजी मैच में काफी दर्शक हैं।

यूपी के लड़के सबसे ज्यादा नीलामी में रहे हैं। मेरठ के पास अच्टे तेज गेंदबाज हैं। शिवम मावी, कार्तिक त्यागी अच्छा कर रहे हैं और प्रियम गर्ग और रिंकू सिंह भी फर्म में हैं। रणजी में सीनियर खिलाडियों को भी खेलना चाहिए। शिवम मावी से खुश हूं कि अभी इंडिया खेल कर आने के बाद भी यहां है।

# प्रधानमंत्री ने मुंबई को दी 38800 करोड़ की सौगात

## बोले- दुनिया को भारत के बड़े-बड़े संकल्पों पर भरोसा




**मुंबई , एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुंबई में लगभग 38,800 करोड़ रुपए की परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री मोदी ने मुंबई मेट्रो लाइन 2ए और 7 का उद्घाटन किया, इसमें अंधेरी से दहिसर तक फैला 35 किलोमीटर लंबा एलिवेटेड करिडोर शामिल है। प्रधानमंत्री ने शिवसेना के संस्थापक बाल ठाकरे के नाम पर रखे गए 20 आपला दवाखाना (स्वास्थ्य क्लीनिक) का भी उद्घाटन किया। इस मौके पर राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस समेत अन्य मौजूद थे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मुंबई के लिए बेहद जरूरी मेट्रो हो, छत्रपति शिवाजी टर्मिनस के आधुनिकीकरण का काम हो, सड़कों में सुधार का बहुत बड़ा प्रोजेक्ट हो और बाला साहेब ठाकरे जी के नाम से आपला दवाखाने की शुरुआत हो, ये मुंबई शहर को बेहतर बनाने में बड़ी भूमिका निभाने वाले हैं।

उन्होंने कहा कि आजादी के बाद पहली बार आज भारत बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने का साहस कर रहा है, वरना हमारे यहां तो पिछली सदी का एक लंबा कालखंड सिर्फ गरीबी की चर्चा करना, दुनिया से मदद मांगना, जैसे-तैसे गुजारा करने में ही बीत गया। पीएम मोदी ने कहा कि ये भी आजाद भारत के इतिहास में पहली बार हो रहा है जब दुनिया को भी भारत के बड़े-बड़े संकल्पों पर भरोसा है। भारत को लेकर दुनिया में इतनी सकारात्मकता इसलिए है क्योंकि आज सभी को लगता है कि भारत अपने सामर्थ्य का बहुत ही उत्तम तरीके से सदुपयोग कर रहा है। आज भारत अभूतपूर्व आत्मविश्वास से भरा हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज हर किसी को लगता है कि भारत तेजी से विकास और समृद्धि के लिए कुछ जरूरी काम कर रहा है। छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रेरणा से श्स्वराजश और श्सुराजश की भावना आज के हिंदुस्तान में डबल इंजन सरकार में झलकती है।

उन्होंने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में हमारे शहरों की भूमिका सबसे अहम है। वर्ष 2014 तक मुंबई में केवल 10-11 किलोमीटर तक मेट्रो चलती थी लेकिन हमारी डबल इंजन की सरकार ने मेट्रो के काम को अभूतपूर्व गति दी है। इस दौरान सीएम एकनाथ शिंदे ने कहा कि महाराष्ट्र की जनता सौभाग्यशाली है। पीएम मोदी आज विभिन्न परियोजनाओं और मुंबई मेट्रो की दो लाइनों का उद्घाटन करने के लिए यहां आए हैं। कुछ लोग चाहते थे कि पीएम मोदी को ऐसा करने को न मिले, लेकिन इसके उलट हो रहा है। एमवीए सरकार ने महाराष्ट्र में विकास कार्य रुकवाए थे। कार्यक्रम में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री ने कहा कि 2019 में पीएम ने यहां कहा था कि डबल इंजन सरकार ने महाराष्ट्र को बदल दिया और कहा कि सरकार को सत्ता में वापस लाया जाए। आप पर भरोसा करके जनता ने सरकार वापस लाई, लेकिन कुछ लोग गुंडागर्दी में लिप्त थे और 25 साल से लोगों को पसंद नहीं करने वाली सरकार थी। उन्होंने बालासाहेब ठाकरे के सच्चे अनुयायी एकनाथ शिंदे ने साहस दिखाया और आपके आशीर्वाद से जनता की पसंद की सरकार एक बार फिर महाराष्ट्र में आ गई। महाराष्ट्र विकास के रास्ते पर एक बार फिर तेजी से चलने लगा।

इससे पहले पीएम मोदी मुंबई एयरपोर्ट पहुंचे। यहां महाराष्ट्र के राज्यपाल कोश्यारी, मुख्यमंत्री शिंदे, उपमुख्यमंत्री फडणवीस ने उनका स्वागत किया। राज्य भाजपा प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले भी इस दौरान मौजूद रहे।

## कर्नाटक में शराब खरीदने के लिए 21 साल ही रहेगी उम्र सीमा

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक सरकार शराब खरीदने और बेचने की उम्र सीमा बदलने की कोशिश की थी। विरोध के बाद इस फैसले को वापस ले लिया गया है। अब शराब खरीदने और बेचने के लिए कम से कम उम्र 21 साल ही होनी चाहिए। कर्नाटक सरकार ने शराब पीने, खरीदने और बेचने की उम्र 21 से घटाकर 18 साल करने का प्रस्ताव रखा था। हालांकि, जोरदार विरोध के बाद कर्नाटक सरकार अपने इस प्रस्ताव और फैसले को वापस लेने पर मजबूर हुई है।

कर्नाटक आबकारी विभाग ने अपना फैसला वापस लेने के लिए जनता, संघों और मीडिया की ओर से उठाई गई आपत्तियों का हवाला दिया है। उम्र कम करने का प्रस्ताव 30 दिनों के लिए लोगों की राय जानने के लिए सार्वजनिक डोमेन में रखा गया था। राज्य में लोगों के

### राज्य सरकार ने अपने प्रस्ताव को लिया वापस

बढ़ते विरोध के कारण बसवराज बोम्मई सरकार ने उक्त प्रस्ताव को तुरंत वापस ले लिया। आबकारी कानून और नियमों में अनावश्यक पहलुओं खत्म करने के लिए सेवानिवृत्त नौकरशाह वी यशवंत के नेतृत्व में गठित एक उच्चस्तरीय समिति द्वारा आयु कम करने की सिफारिश की गई थी।

वर्तमान बोम्मई सरकार ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए आबकारी विभाग को 29,000 करोड़ रुपये का लक्ष्य दिया है। विभाग को क्रिसमस और नए साल के दौरान बिक्री में गिरावट के बावजूद मार्च -23 के अंत तक 30,000 करोड़ रुपये के स्तर तक पहुंचने की उम्मीद है।

## किशोरी से छेड़छाड़ : आरोपी युवक को 5 साल की कैद

**हरिद्वार।** नाबालिग किशोरी से टेड़छाड़ और लैंगिक उत्पीड़न करने के मामले में अपर जिला जजधविशेष पक्सो कोर्ट न्यायाधीश अंजली नौलियाल ने अभियुक्त को दोषी करार दिया है। विशेष कोर्ट ने अभियुक्त को पांच साल की कठोर कारावास और 30 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। शासकीय अधिवक्ता फौजदारी आदेश चंद चौहान ने बताया कि 19 जुलाई 2022 की शाम पांच बजे खानपुर लक्सर क्षेत्र में एक किशोरी अपने घर से ट्यूशन जा रही थी। रास्ते में बैठे अभियुक्त ने उसे जबरदस्ती खेत में खींचने का प्रयास करने लगा था। यही नहीं, पीड़िता के साथ अश्लील हरकत की थी। पीड़िता किसी तरह से आरोपी के चंगुल से बचकर अपने घर पहुंची। पीड़िता ने अपने परिजनों को सारी आपबीती बताई। उसी दिन पीड़िता के दादा ने आरोपी गौरव पुत्र संजीव निवासी ग्राम खानपुर थाना खानपुर के खिलाफ छेड़छाड़,लैंगिक उत्पीड़न करने का केस दर्ज कराया था। सरकारी अधिवक्ता ने साक्ष्य में सात गवाह पेश किए। विशेष कोर्ट ने अभियुक्त को पांच साल की कठोर कारावास व 30 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड की राशि जमा न करने पर उसे तीन महीने के अतिरिक्त कारावास भुगतने के आदेश दिए हैं। कोर्ट ने पीड़िता को बतौर प्रतिकर धनराशि 50 हजार रुपये निर्भया फंड से दिलाने के आदेश दिए हैं। साथ ही, उक्त निर्णय की एक प्रति जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को भेजकर पीड़ित किशोरी को उचित आर्थिक सहायता राशि 50 हजार दिलाने के लिए कहा है।

### गवाही के दौरान मुकरने पर मुकदमा दर्ज करने के आदेश

पीड़िता का दादा कोर्ट में गवाही के दौरान मुकर गए और पुलिस कार्रवाई को नकार दिया। ऐसी स्थिति में विचारण कोर्ट ने स्थानीय थानाध्यक्ष को शिकायतकर्ता के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई कर मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए हैं। साथ ही, स्थानीय थानाध्यक्ष को शिकायतकर्ता के खिलाफ की गई कार्रवाई से अवगत कराने के लिए कहा गया है।

## विपक्ष के लोग एकजुट हों, मेरी अपनी कोई ख्वाहिश नहीं: नीतीश कुमार

**पटना (एजेंसी)।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) प्रमुख के. चंद्रशेखर राव द्वारा बुधवार को खम्मम में आयोजित एक रैली में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नहीं बुलाए जाने पर अब सवाल उठने लगे हैं। इधर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रैली में बुलाए जाने पर कहा कि यह उनकी बैठक थी। नीतीश कुमार ने पत्रकारों द्वारा पूटे गए प्रश्न के उत्तर में कहा कि कोई अपनी पार्टी की बैठक करता है और अगर लोगों को बुलाता है तो इसमें कौन-सी नई बात है। उन्होंने कहा कि मेरी अपनी कोई ख्वाहिश नहीं है, बस यही चाहत है कि विपक्ष के लोग एकजुट हों और देशहित में आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि वे लोग यहां भी आए हुए थे। सब से बातचीत हो ही रही है। उन्होंने यह भी कहा कि अभी हमलोग अपने काम में लगे हैं।मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पहले भी विपक्षी दलों को एकजुट करने पर अभियान चलाने की बात करते रहे हैं।तेलंगाना के मुख्यमंत्री और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) प्रमुख चंद्रशेखर राव द्वारा बुधवार को खम्मम में आयोजित रैली में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ वाम दल के नेता डी राजा पहुंचे थे।

## प्रभावितों की सहमति से ही बनेगा नया जोशीमठ, सीएम धामी ने दिए फीडबैक लेने के निर्देश



**देहरादून ।** भू-धंसाव के संकट से घिरे जोशीमठ के प्रभावित परिवारों की रायशुमारी से ही नया जोशीमठ बसेगा। प्रदेश सरकार एक मडल हिल टाउन बनाने पर गंभीरता से विचार कर रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चमोली के जिलाधिकारी हिमांशु खुराना को निर्देश दिए कि वे नए जोशीमठ, वन टाइम सेटलमेंट या किसी अन्य विकल्प के संबंध में प्रभावित परिवारों के सुझाव लेकर अपनी रिपोर्ट जल्द से जल्द शासन को भेजें।

मुख्यमंत्री बृहस्पतिवार को राज्य सचिवालय में जोशीमठ भू-धंसाव के हालात की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जोशीमठ के प्रभावित क्षेत्र से जिन लोगों को विस्थापित किया जाएगा, उनको सरकार की ओर से उनकी बेहतर व्यवस्थाएं की जाएंगी।

सचिव आपदा प्रबंधन ड. रंजीत कुमार सिन्हा ने बैठक में बताया कि राष्ट्रीय जल विज्ञान (एनआईएच) की प्राथमिक जांच रिपोर्ट में जोशीमठ में रिस रहा पानी और एनटीपीसी परियोजना के टनल का पानी अलग-अलग है। अन्य केन्द्रीय एजेंसियों की रिपोर्ट एवं एनआईएच की फाइनल रिपोर्ट आने के बाद स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगी। प्रभावित क्षेत्र में पानी का डिस्चार्ज एवं सिल्ट दोनों काफी तेजी से कम हुआ है। बैठक में मुख्य सचिव ड. एसएस. संधु, अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, आनंद बर्द्धन, सचिव आरमीनाक्षी सुंदरम, अपर सचिव सविन बंसल, आनन्द श्रीवास्तव एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य के जिन शहरों में समुचित ड्रेनेज प्लान एवं सीवर सिस्टम नहीं हैं, उनमें ड्रेनेज एवं सीवर सिस्टम के लिए चरणबद्ध तरीके से कार्य योजना बनाई जाए। शहरों को श्रेणी वार चिन्हित किया जाए।

उन्होंने कहा कि जोशीमठ में भू-धसांव के कारणों को लेकर सभी तकनीकी संस्थानों एवं वैज्ञानिकों की रिपोर्ट आते ही आगे की योजना पर तेजी से कार्य किया जाए। भू-धंसाव क्षेत्र के अध्ययन की फाइनल रिपोर्ट के बाद ट्रीटमेंट के कार्य तेजी से सुनिश्चित किए जाएं।

जोशीमठ भू-धंसाव को लेकर देश में विभिन्न जगहों पर बैठे कुछ लोग सोशल मीडिया पर उत्तराखंड की स्थिति को भयावह दर्शा रहे हैं। वे जोशीमठ समेत पूरे प्रदेश के बारे में ऐसा दर्शा रहे हैं कि यह खतरे में है और डूब रहा है। जबकि वास्तव ऐसा कुछ नहीं है। जोशीमठ में ही 70 फीसदी लोग सामान्य जीवन जी रहे है। यह व्यथा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने व्यक्त की।

राज्य सचिवालय में मीडियाकर्मियों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने जोशीमठ भू-धंसाव के बारे में सोशल मीडिया पर प्रसारित की जा रही खबरों पर चिंता जाहिर की।

बकौल सीएम, सबसे बड़ी बात यह है कि देश भर के लोग ट्वीटर और सोशल मीडिया के माध्यम से उत्तराखंड की स्थिति को बहुत भयावह दर्शा रहे हैं। मैं कहना चाहता हूं कि ऐसी स्थिति नहीं है। गलत खबरों से उत्तराखंड में ही नहीं पूरे देश में नकारात्मक संदेश जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में हर साल लाखों की संख्या में लोग आते हैं। ऐसे गलत संदेश नहीं जाने चाहिए कि उनमें गलत संदेश न जाए। उन्होंने अपील की कि देश के विभिन्न स्थानों पर बैठकर इस प्रकार के संदेश देना बंद करें।

## डकैती डालने पहुंचे थे अंतरराज्यीय गैंग के बदमाश, पुलिस ने छह को किया गिरफ्तार

**हरिद्वार ।** होंडा सिटी कार से लक्सर क्षेत्र स्थित सोलर पावर प्लांट में डकैती की वारदात को अंजाम देने पहुंचे अंतरराज्यीय गैंग के छह बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से तमंचे, कारतूस और चाकू बरामद हुए हैं। आरोपी भगवानपुर में कार लूट की वारदात के साथ ही लक्सर क्षेत्र में आधा दर्जन से अधिक चोरी की घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं। आरोपियों से चोरी का माल भी बरामद हुआ है। पुलिस ने सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।

बृहस्पतिवार को रोशनाबाद स्थित एसएसपी कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने बताया कि बुधवार की रात लक्सर कोतवाली में तैनात पुलिस जवान पंचम प्रकाश और होमगार्ड दिनेश को एक खंडहर में बदमाशों के डकैती की योजना बनाने की सूचना मिली। उन्होंने उच्च अधिकारियों को अवगत कराया। तत्काल एक टीम को आरोपियों की धरपकड़ के लिए लगाया गया। खंडहर में पहुंचकर टीम ने घेराबंदी करते हुए छह बदमाशों को पकड़ लिया।

एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम नकुल निवासी ग्राम कुंजा बहादरपुर थाना भगवानपुर, दीपक, यशवीर सिंह, मोहित, राहुल सैनी निवासीगण नन्हेडा अनंतपुर थाना भगवानपुर, अभिषेक निवासी ग्राम खतौली गुर्जर थाना गागलहेडी जिला सहारनपुर उत्तर प्रदेश बताया। तलाशी लेने पर आरोपियों के पास से तीन तमंचे, तीन चाकू, कारतूस और अन्य उपकरण बरामद हुए। आरोपी लक्सर के सोलर पावर प्लांट में डकैती की वारदात को अंजाम देने पहुंचे थे। लक्सर कोतवाली प्रभारी अमरजीत सिंह ने बताया कि आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। आरोपियों ने लक्सर क्षेत्र में सोलर पावर प्लांट में डकैती डालने की योजना बनाई थी। इसके बाद आरोपियों ने एक सप्ताह पहले ही होंडा सिटी कार खरीदी थी। लेकिन वीआईपी कार में डकैती की वारदात को अंजाम देने पहुंचे बदमाशों के मंसूबों पर पुलिस ने पहले ही पानी फेर दिया। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि तीन आरोपियों ने भगवानपुर में कार लूट की वारदात भी को अंजाम दिया था। आरोपी मोहित, अभिषेक और नकुल ने मिलकर 30 नवंबर को भगवानपुर टोल प्लाजा के पास रात में एक व्यक्ति के सिर पर लोहे की रड से हमला कर कार लूट की वारदात को अंजाम दिया थ। आरोपी कार लेकर भाग निकले थे।

## पेशाब कांड के आरोपी शंकर मिश्रा पर एयर इंडिया का एक्शन, 4 महीने के लिए किया बैन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** फ्लाइट में दिन भर बढ़ रहे लड़ाई व पेशाब कांड को लेकर एयर इंडिया हरकत में आई है। गत महीनों पेशाब कांड आरोपी शंकर मिश्रा पर एयरलाइन ने एक्शन लिया है। एयरलाइन द्वारा आरोपी शंकर मिश्रा को 4 महीने के लिए बैन कर दिया गया है। अब आरोपी एयर इंडिया की फ्लाइट में प्रवेश नहीं कर सकता। इस बात की जानकारी एयरलाइन की ओर से दी गई है।बता दें कि नवंबर के अंत में यह घटना पेश आई थी जिस पर आरोपी को गिरफ्तार भी किया गया था। आरोपी 26 नवंबर को न्यूयार्क से नई दिल्ली की यात्रा दौरान नशे में था इस दौरान आरोपी ने महिला पर पेशाब कर दिया था। शंकर मिश्रा को एक अदालत ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में है। कोर्ट ने पुलिस की हिरासत के अनुरोध को ठुकरा दिया था। शिकायतकर्ता ने कहा कि उसकी मंशा यह सुनिश्चित करने की रही है कि संस्थागत परिवर्तन किए जाएं ताकि किसी व्यक्ति को पीडिघ्ता के भयानक अनुभव से न गुजरना पड़े। महिला ने कहा कि अपने द्वारा किए गए घृणित कार्य के लिए पछताने के बजाय, उसने (शंकर) पीडिघ्ता को और परेशान करने के इरादे से गलत सूचना और झूठ फैलाने का अभियान अपनाया है।

# पहलवान बोले- अध्यक्ष के इस्तीफे तक जारी रहेगा धरना, खिलाड़ियों से मिलेंगे खेल मंत्री



**नई दिल्ली, एजेंसी।** बुधवार (18 जनवरी) को भारतीय कुश्ती में अचानक तूफान खड़ा हुआ। विनेश फोगाट, बजरंग पूनिया समेत करीब 30 पहलवान भारतीय कुश्ती संघ के खिलाफ दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरने पर बैठ गए। संघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह और कई कोच के खिलाफ यौन शोषण के आरोप लगे। इसके बाद दोनों तरफ से आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हुआ। खेल मंत्री अनुराग ठाकुर इस मामले को लेकर पहलवानों से मिलेंगे। हम इस खबर से जुड़ी सारी जानकारी आपको यहां दे रहे हैं। भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा ने भी इस मामले पर अपना पहला बयान दिया। उन्होंने कहा, हम एथलीटों से अनुरोध करते हैं कि वे आगे आएं और हमारे साथ अपनी चिंताओं को व्यक्त करें। हम न्याय के लिए एक पूरी जांच सुनिश्चित करेंगे। हमने भविष्य में ऐसी स्थितियों से निपटने के लिए एक विशेष समिति बनाने का भी फैसला किया है।केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने पहलवानों के धरने को लेकर पहली बार बयान दिया। उन्होंने चंडीगढ़ में कहा, श्पहलवानों के आरोपों का संज्ञान लेते हुए खेल मंत्रालय ने भारतीय कुश्ती संघ को नोटिस भेजकर 72 घंटे में जवाब मांगा है। आगामी शिविर भी तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दिया गया है। मैं दिल्ली जा रहा हूं और पहलवानों से मिलूंगा।

विनेश फोगाट के चाचा और गीता-बबीता फोगाट के पिता महावीर फोगाट ने भारतीय कुश्ती संघ के प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, भ्रष्ट व्यक्ति को पद पर नहीं बने रहना चाहिए। एक अच्छा पहलवान या एथलीट आना चाहिए, राजनीतिक व्यक्ति नहीं। अगर लड़कियां आवाज उठाएं तो भविष्य में इस तरह के खतरों से बचा जा सकता है।

पहलवान बजरंग पूनिया ने कहा, अगर शुक्रवार (20 जनवरी) तक फेडरेशन को बर्खास्त नहीं किया जाता है तो हम कुश्ती संघ के अध्यक्ष के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाएंगे। साथ ही जब तक हमें न्याय नहीं मिल जाता है तब तक धरने पर बैठे रहेंगे।

खेल मंत्रालय से बैठक के बाद बजरंग पूनिया, विनेश फोगाट और साक्षी मलिक ने मीडिया के सामने अपनी बात रखी। पहलवानों ने कहा कि वह कुश्ती संघ के अध्यक्ष का इस्तीफा लेकर रहेंगे। पहलवानों ने यह भी साफ कर दिया कि जब तक कार्रवाई नहीं होगी, तब तक धरना जारी रहेगा। वे आश्वासन से खुश नहीं हैं। उन्हें कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला है। वह ठोस कार्रवाई चाहते हैं। वह इस बात की उम्मीद में बैठे हैं कि उन्हें न्याय मिलेगा। पूरे कुश्ती संघ को भंग करना चाहिए, जब तक संघ को भंग नहीं किया जाएगा, हम पीटे नहीं हटेंगे।

पहलवानों ने कहा कि उनके पास कुश्ती संघ के अध्यक्ष के खिलाफ पर्याप्त सबूत हैं। उनके साथ 5-6 लड़कियां हैं, जिनका यौन शोषण हुआ है और इसे साबित करने के लिए सबूत भी हैं, लेकिन वह सबूत सार्वजानिक नहीं करना चाहते हैं। इस बीच पहलवानों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से न्याय दिलाने की गुहार लगाई। पहलवानों ने यह भी कहा है कि हम यह सुनिश्चित करेंगे कि बृजभूषण सिंह इस्तीफा दें और उन्हें जेल भिजवाकर रहेंगे। पहलवानों ने यह भी कहा कि इस मामले में वह केस भी फाइल करेंगे। शरद पवार की पार्टी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण सिंह का इस्तीफा मांगा है। एनसीपी के राष्ट्रयी प्रवक्ता क्लाइड क्रास्टो ने कहा ष्हमारे देश के लिए पदक जीतने वाली महिला पहलवान भारतीय कुश्ती महासंघ के सभी गलत कामों के खिलाफ खुद के लिए न्याय मांगने के लिए दिल्ली के जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन कर रही हैं।ष दिल्ली की पालम 360 खाप पंचायत के प्रधान सुरेंद्र सिंह सोलंकी ने भी पहलवानों का समर्थन किया है। उन्होंने कहा, इस मामले में कुश्ती फेडरेशन के अध्यक्ष को तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दे देना चाहिए। सरकार को उन्हें बर्खास्त कर देना चाहिए। ऐसा निष्पक्ष जांच के लिए जरुरी है। जंतर मंतर पर सैंकड़ों खिलाड़ी बैठे हैं। वे यूं ही किसी पर आरोप नहीं लगा सकते। उनकी भी अपनी साख है।

भारतीय कुश्ती महासंघ की कार्यकारी समिति और वार्षिक आम बैठक (एजीएम) 22 जनवरी को यूपी के अयोध्या में होगी। बैठक में महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह हिस्सा लेंगे। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार बृजभूषण सिहं इस बैठक में इस्तीफा दे सकते हैं। खेल मंत्रालय के अधिकारियों के साथ पहलवानों की बैठक खत्म हो चुकी है। इस बैठक में पहलवानों की तरफ से चार लोग प्रतिनिधिमंडल में शामिल हुए थे।

पहलवानों की मांग है कि कुश्ती संघ को पूरी तरह से खत्म कर दिया जाए और नए संघ का गठन किया जाए। खिलाड़ियों का कहना है कि कुश्ती संघ में भ्रष्ट लोगों की भरमार है।

प्रदर्शन कर रहे पहलवानों का प्रतिनिधि मंडल बातचीत के लिए खेल मंत्रालय पहुंच चुका है। पहलवानों के प्रतिनिधिमंडल में कुल चार पहलवान शामिल हैं। बजरंग पूनिया ने कहा है कि खेल मंत्रालय के अधिकारियों से बातचीत के बाद वह मीडिया को जानकारी देंगे। यह केन्द्रीय खेल मंत्रालय के अफिस में होगी, जो शास्त्री भवन में है। दिल्ली के जंतर-मंतर में प्रदर्शन कर रहे पहलवानों को खेल मंत्रालय की तरफ से संदेश आया है। बजरंग पूनिया ने बताया कि खेल मंत्रालय की तरफ से उन्हें बातचीत के लिए बुलाया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि वे बातचीत के लिए जा रहे हैं। चार पहलवानों का प्रतिनिधि मंडल खेल मंत्रालय से बातचीत के लिए जाएगा।

## छात्रसंघ ने उठाई परीक्षा तिथि में बदलाव की मांग

**कोटद्वारः** छात्र संघ पदाधिकारियों ने श्री देव सुमन विश्वविद्यालय से बीएड परीक्षा तिथि में परिवर्तन करने की मांग की है। कहा कि उक्त तिथि पर सीटीईटी की परीक्षा भी है। ऐसे में विद्यार्थियों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

गुरुवार को छात्रसंघ अध्यक्ष अंकुश घिल्डियाल के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने महाविद्यालय की प्राचार्य डा.जानकी पंवार के माध्यम से विश्वविद्यालय को ज्ञापन भेजा। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय की ओर से बीएड परीक्षा की तिथि घोषित की गई है। लेकिन, दो, चार व छह फरवरी को सीटीईटी की परीक्षा भी होनी है। ऐसे में विश्वविद्यालय को उक्त तिथि में होने वाली परीक्षाओं में बदलाव करना चाहिए।

# कण्वाश्रम का बेहतर विकास मेरी प्राथमिकताः ऋतु

## विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने किया कण्वाश्रम का निरीक्षण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने कहा कि कण्वाश्रम का बेहतर विकास मेरी प्राथमिकता है। इस-के लिए वह लगातार प्रयास में जुटी हुई हैं। इस दौरान उन्होंने कण्वाश्रम के साथ ही गढ़वाल मंडल विकास निगम, गाड़ी घाट स्थित कूड़ा डंपिंग जोन, खोह नदी, हेलीपैड, मालन नदी सुखरो पुल, कोडिया चेकपोस्ट, सिडकुल क्षेत्र आदि का स्थलीय निरीक्षण किया।

गुरुवार को विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी ने जिलाधिकारी डा.आशीष चौहान के साथ क्षेत्र का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि भरत की जन्म स्थली को पर्यटन नगरी के रूप में विकसित किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि जहां वन भूमि की समस्या आ रही है, उसका प्रस्ताव बनाकर शासन में रखा जाएगा, जिससे शासन स्तर पर उसका निस्तारण होते ही जल्द कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि यहां पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं, कर्णाश्रम को भव्य बनाया जाएगा जिससे दूर–दूर से पर्यटक यहां पहुंचेंगे।

इसके पश्चात गाड़ीघाट स्थित डंपिंग कूड़ा जोन के निरीक्षण में मा0 अध्यक्षा ने नगर निगम से संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया कि डंपिंग जोन जल्द बेहतर तरीके से बनाया जाए साथ ही ध्यान रखें कि कूड़ा इधर–उधर बिखरा ना रहे। हेलीपैड के निरीक्षण के दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं को चाक–चौबंद करने के निर्देश दिए। सुखरो पुल मालन नदी के निरीक्षण के दौरान भू कटाव की समस्या को देखते हुए उन्होंने सिंचाई विभाग से संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया कि इसका जल्द ही ट्रीटमेंट कर लिया जाए जिससे वह भू कटाव की समस्या उत्पन्न ना हो। इसके पश्चात उन्होंने कोडिया चेकपोस्ट स्थित गेट का अवलोकन किया, उन्होंने निर्देशित किया कि गेट का सौंदर्यीकरण किया जाएगा तथा इसे भव्य रूप दिया जाएगा, उन्होंने जिलाधिकारी को चैक पोस्ट के निकट राजा भरत की मूर्ति लगाने के निर्देश दिए। तत्पश्चात उन्होंने सिडकुल क्षेत्र का निरीक्षण किया, उन्होंने निर्देशित किया कि सिडकुल में स्थानीय लोगों को रोजगार में प्राथमिकता जी दी जाए। कहा कि सिडकुल औद्योगिक क्षेत्र में स्थित खाली भवन को उपयोग में लाने के लिए भवन में स्थानीय लोगों के लिए प्रशिक्षण केंद्र बनाया जाए। इसके पश्चात तहसील के निकट निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि वकीलों के लिए बन रहे चैंबर को बेहतर ढंग से बनाया जाए साथ ही निचले तल पर पार्किंग की व्यवस्था की जाए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी डॉ0 आशीष चौहान ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि विधानसभा अध्यक्षा के निर्देशों का पालन करना सुनिश्चित करें। साथ ही जिन कार्यों पर डीपीआर तैयार की जानी है, डीपीआर तैयार कर प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अपूर्वा पांडे, उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार, तहसीलदार विकास अवस्थी सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।



कण्वाश्रम का निरीक्षण करती विस अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण।

# 27 जनवरी को कोटद्वार में निकलेगी हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा

## यात्रा की सफलता को पदाधिकारियों ने ली कार्यकर्ताओं की बैठक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** कांग्रेस की ओर से 26 जनवरी को कोटद्वार में हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा को सफल बनाने के लिए पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने एकजुट होने का संकल्प लिया।

गुरुवार को नजीबाबाद रोड स्थित एक बारात घर में बैठक का आयोजन किया गया। जिला संगठनिक कोटद्वार के प्रभारी नवीन जोशी ने कार्यर्त्तओं व पदाधिकारियों को यात्रा के संबंध में जानकारी दी।



कोटद्वार में आयोजित बैठक को संबोधित करते पूर्व काबीना मंत्री

उन्होंने कहा कि पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ों यात्रा के साथ ही अब हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा भी निकाली जाएगी। यात्रा के दौरान कांग्रेस जनता को केंद्र व प्रदेश सरकार की जनविरोधी नीतियों से अवगत करवाएगी। कहा कि आज भ्रष्टाचार, महंगाई व बेरोजगारी ने जनता का जीना मुहाल कर दिया है।

ऐसे में जनता को कांग्रेस ही एक बेहतर विकल्प के रूप में दिखाई दे रही है। पूर्व कांबीना मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए सभी पदाधिकारी व कार्यर्त्ताओं को एकजुट होकर कार्य करना होगा। बैठक में दुगड्डा, यमकेश्वरी, रिखणीखाल, द्वारीखाल से पहुंचे कार्यकर्त्तओं व पदाधिकारियों ने भी भाग लिया। इस मौके पर पूर्व विधायक शैलेंद्र रावत, अनुकृति गुसाईं, गीता नेगी, जसवीर राणा, विजय नारायण, रंजना रावत, माधव अग्रवाल, नईम अहमद, आशा चौहान, बीना नेगी, सोनिया नेगी, अमित नेगी आदि मौजूद रहे।

## ब्लॉक प्रमुख ने किया टीन शेड का लोकार्पण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : द्वारीखाल ब्लाक के ग्राम पंचायत चमोलीगांव में द्वारीखाल ब्लाक प्रमुख महेन्द्र सिंह राणा ने क्षेत्र पंचायत विकास निधि से निर्मित टीन शेड का लोकार्पण किया।

ब्लाक प्रमुख ने कहा कि चमोलीसैंण स्थित शमशान काली मंदिर में श्रद्धालुओं एवं भक्तजनों के लिए बैठने की कोई व्यवस्था नहीं थी। भक्तजनों को धूप वर्षा में काफी परेशानी होती थी। ग्रामीणों को परेशानियों को देखते हुए क्षेत्रपंचायत निधि से टिन शेड का निर्माण कार्य करवाया गया। जिससे कि भक्तजनों को इसका लाभ मिल सके। इस अवसर पर काली मन्दिर के पुजारीर वीरेन्द्र प्रताप द्वारा भण्डारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें सभी भक्तजनों ने भण्डारे में प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी जयकृत सिंह बिष्ट, प्रधान चमोलीगांव मीना देवी, प्रधान संगठन के अध्यक्ष अर्जुन सिंह नेगी, अशोक रावत, दीपक असवाल, ताजबर सिंह, संजीव जुयाल, मनीष, मनदीप आदि मौजूद रहे।

# बोर्ड परीक्षा तैयारी को लेकर विस अध्यक्ष ने छात्राओं से की चर्चा



राजकीय बालिका इंटर कलालघाटी में बोर्ड परीक्षा को लेकर छात्राओं से चर्चा करती विस अध्यक्ष

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** बोर्ड परीक्षा की तैयारी को लेकर विधानसभा अध्यक्ष ने छात्राओं से चर्चा की। कहा कि विद्यार्थियों को नंबर के बजाय ज्ञान के पीछे दौड़ना चाहिए। कई बार कम नंबर पाने वाले विद्यार्थी भी भविष्य में बेहतर कार्य कर जाते हैं। इस दौरान उन्होंने छात्राओं का परीक्षा को लेकर मार्ग दर्शन भी किया।

गुरुवार को राजकीय बालिका इंटर कालेज कलालघाटी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विधानसभा अध्यक्ष ने विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने की सीख दी। उन्होंने अपने अनुभव के आधार पर कहा कि कम नंबर पाने वाले बच्चे भी आज सफलता के मुकाम पर पहुंचे हैं। परीक्षाओं में नंबरों के पीछे भागने के बजाय विद्यार्थियों को विषयों की बेहतर जानकारी के पीछे दौड़ना चाहिए। कहा कि शिक्षकों को भी बच्चों में विषय की रूचि को जगाना होगा। जिससे बच्चों का ध्यान अपने विषय पर बेहतर तरीके से लगा रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ खेल के क्षेत्र में भी आग बढ़ने की सीख दी। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी अयाजुद्दीन, प्रधानाचार्य पुष्पा धस्माना, डा.मनु कपरवाण, मनीष भट्ट आदि मौजूद रहे।

# ठंड ने बढ़ाई मुश्किल, नहीं हुए धूप के दर्शन



कोटद्वार में ठंड से बचने को अलाव का सहारा लेते श्रमिक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** कोटद्वार शहर में ठंड का सितम लगातार बढ़ता जा रहा है। ठंड के कारण आमजन का घरों से बाहर निकलना भी मुश्किल हो गया है। गुरुवार को पूरे दिन शहर में धूप के दर्शन तक नहीं हुए।

कोटद्वार व भबर क्षेत्र में लगातार ठंड का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। सुबह-शाम कोहरे के साथ चल रही शीतलहर आमजन को परेशान कर रह है। ठंड से बचने के लिए लोग अलाव व हीटर का सहारा ले रहे हैं। ठंड के कारण आमजन जीवन अस्त–व्यस्त हो गया है। सबसे अधिक परेशानी बुजुर्गजनों को हो रही है। यही नहीं, ठंड के कारण राजकीय बेस चिकित्सालय के साथ ही निजी अस्पतालों में सर्दी, जुकाम, बुखार, खांसी, अस्थमा व वायरल के मरीजों की संख्या भी बढ़ने लगी है। चिकित्सक बुजुर्गों को सुबह धूप खिलने के बाद ही घर से बाहर निकलने की सलाह दे रहे हैं। वहीं, नगर निगम की ओर से शहर में सड़क पर घूमने वाले निराश्रित जनों के लिए अलाव की व्यवस्था की गई गई है।

## महिलाओं को मोबाइल एप की दी जानकारी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः नगर निगम के अंतर्गत वार्ड नंबर 37 पश्चिमी झंडीचौड में आयोजित बैठक में जशोधरपुर पुलिस की ओर से महिलाओं की सुरक्षा के लिए लांच किए गए उत्तराखंड पुलिस के नए मोबाइल ऐप की जानकारी दी गई। बैठक में जशोधरपुर पुलिस चौकी प्रभारी दिनेश कुमार ने बताया कि पुलिस द्वारा महिलाओं की सुरक्षा को लेकर एक नया एप लांच किया गया है। इसमें महिला को मुसीबत में होने पर एप के बटन को दबाना होगा, जिससे तुरंत महिला की शिकायत पुलिस कंट्रोल रूम में दर्ज हो जायेगी। साथ ही महिला की लोकेशन का पता भी पुलिस को लग जायेगा। पार्षद सुखपाल शाह ने कहा कि पुलिस द्वारा महिलाओं की सुरक्षा की दृष्टि को देखते हुए जो नया ऐप बनाया गया है, निश्चित ही महिलाओं की सुरक्षा के लिए यह बहुत ही अच्छा प्रयास है। महिलाओं के पास स्मार्टफोन होना चाहिए और मोबाइल में उत्तराखंड पुलिस का ऐप डाउनलोड होना जरूरी है। इससे महिलाओं को काफी सुरक्षा मिलेगी। इस मौके पर पर पूर्व प्रधान पुष्पा देवी, मंजू देवी, सरोज देवी, बबीता देवी, भागीरथी देवी, गुड्डी देवी और सुनीता देवी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय महिलाएं मौजूद रही।

# शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए जमीनी स्तर पर करें कार्य

## प्रधानाचार्यों की तय होगी जवाबदेही

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी :** जिलाधिकारी ने कहा कि शिक्षा के अधिकार के तहत जरूरतमंद बच्चों को संचालित योजना का लाभ मिल सके इसके लिए लगातार निगरानी किये जाने की आवश्यकता है। कहा कि विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने व गलत सूचनाओं को रोकने के लिए प्रधानाचार्यों की जबावदेही तय की जाएं। शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए जमीनी स्तर पर कार्य करने की आवश्यकता है।



जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान जिला परियोजना समिति की बैठक में निर्देश देते हुए।

जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान की अध्यक्षता में बुधवार देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में समग्र शिक्षा एवं प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के अंतर्गत जिला परियोजना समिति की बैठक आयोजित की गयी। डीएम ने मुख्य शिक्षा अधिकारी को निर्देशित कि नंदा गौरा योजना में आ रही समस्याओं के समाधान के लिए स्कूल स्तर पर प्रधानाचार्य की मद्द से गरीब व जरूरतमंद बच्चों को स्कूल स्तर पर ही चिन्हित कर उन्हें योजना की जानकारी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जनपद के 61 विद्यालय जहां पेयजल की व्यवस्था उपलब्ध नही हैं वहां जल जीवन मिशन के तहत इस माह तक पेयजल उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित किया कि जिन स्कूलों में विद्युत व्यवस्था उपलब्ध नहीं है उन्हें चिन्हित करें साथ 61 विद्यालय जहां पेयजल की व्यवस्था नही है पेयजल की व्यवस्था होने तक बच्चों को वाटर बोतल उपलब्ध करायी जाएं। उन्होंने निर्देशित कि अन्त्योदय परिवारों के बच्चों को चिन्हित कर उन्हें शिक्षा उपलब्ध कराया जाना आवश्यक है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अपूर्वा पांडे, मुख्य शिक्षा अधिकारी डॉ. आनन्द भारद्वाज सहित संबंधित अधिकारी, शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित थे।

## ब्लॉक भवन के निर्माण में लेटलतीफी पर प्रमुख ने जताई नाराजगी

श्रीनगर गढ़वाल : खिर्सू ब्लॉक प्रमुख भवानी गायत्री ने ब्लॉक भवन के निर्माण में की जा रही लेटलतीफी पर गहरी नाराजगी जताई है। उन्होंने अधिकारियों पर भवन निर्माण में जबरन लेटलतीफी किए जाने का आरोप लगाया है। कहा भवन निर्माण न होने से खिर्सू ब्लॉक कार्यालय गेस्ट हाउस में संचालित करने पड़ रहे हैं। जिससे कर्मचारियों व अधिकारियों को बैठने की समस्या भी पैदा हो रही है। साथ ही बैठकों के आयोजन में भी दिक्कतें हो रही हैं। उन्होंने कहा कि इससे पूरे विकासखंड के विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

पत्रकारों से बातचीत में प्रमुख भवानी गायत्री ने कहा कि दो करोड़ 74 लाख रुपये की लागत से ब्लॉक भवन का निर्माण कार्य 16 अगस्त 2021 से शुरू हो गया था। जिसे 15 नवंबर 2022 तक पूरा होना था। लेकिन अभी तक इसकी एक ही मंजिल बन पाई है। जबकि दूसरी मंजिल का लेंटर तक नहीं पड़ पाया है। इससे स्वान केंद्र, ई-डिस्ट्रिक सहित अन्य व्यवस्थाएं बुरी तरह से चरमरा गई हैं। कहा कि 2019-20 में परिसीमन के दौरान खिर्सू ब्लॉक के कुछ गांव श्रीनगर नगर पालिका में चले गए। जबकि थलीसैंण व पाबौ ब्लॉक से 11 ग्राम सभाओं को खिर्सू ब्लॉक में शामिल किया गया। कहा अभी तक इन गांवों का बजट खिर्सू ब्लॉक को नहीं मिल पा रहा है। इन चार सालों में करीब 19 लाख का बजट थलीसैण व पावौ ब्लॉक में है। जिसे खिर्सू ब्लॉक को हस्तांतरित नहीं किया जा रहा है। कहा इससे इन गांवों में क्षे.पं. के माध्यम से होने वाले विकास कार्य बुरी तरह से प्रभावित हो गए हैं। कहा मुख्य विकास अधिकारी को भी इस संदर्भ में कई बार अवगत करा दिया गया है।

# पोकलैंड मशीन पर लगा चार लाख जुर्माना

## अलकनंदा नदी में अवैध खनन करते हुए पकड़ी गई थी पोकलैंड मशीन

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी :** माननीय उच्च न्यायालय उत्तराखण्ड द्वारा पारित आदेशों एवं उत्तराखण्ड खनिज (अवैध खनन, परिवहन एवं भण्डारण निवारण) नियमावली के प्राविधानों का उल्लघंन करने पर अलकनंदा नदी में अवैध खनन करते हुए पकड़ी गई पोकलैंड मशीन पर चार लाख रूपये का जुर्माना लगाया गया।

उपजिलाधिकारी सदर आकाश जोशी ने बताया कि पौड़ी गढ़वाल क्षेत्रान्तर्गत अलकनंदा नदी में ग्राम फतेहपुर रेती, पट्टी इडवालस्यूं, तहसील श्रीनगर से पोकलैण्ड मशीन द्वारा अलकनंदा नदी में 130 मीटर लम्बा एवं 3 मीटर चौड़ा बंध बनाकर आने-जाने के लिए रास्ता बनाया गया है। मौके पर मशीन के चालक निकेश सैनी पुत्र कमल सैनी निवासी ग्राम बिजौरी, जनपद बिजनौर, उत्तर प्रदेश से कार्यानुमति मांगी गयी जो अनुमति दिखाने में असफल रहा। पूछताछ करने पर मशीन चालक ने बताया कि अलकनंदा नदी में रास्ता बनाने का कार्य राजेन्द्र सिंह बिष्ट निवासी श्रीकोट गंगानाली द्वारा कराया जा रहा है। साथ ही अलकनंदा नदी में रास्ता राजेन्द्र सिंह बिष्ट के स्वीकृत खनन पट्टे में जाने के लिए बनाया जा रहा है। पौकलैण्ड मशीन द्वारा अलकनंदा नदी में 130 मीटर लम्बा एवं 3 मीटर चौड़ा बंधा बनाकर आने-जाने के लिए रास्ता बनाया गया है। जो कि अवैध खनन की श्रेणी में आता है। उपजिलाधिकारी ने बताया कि किया गया कार्य माननीय उच्च न्यायालय उत्तराखंड द्वारा दिये गये आदेशों का उल्लंघन है। वर्तमान समय में बिना अनुमति के नदी में पोकलैंड मशीन के प्रयोग पर उत्तराखण्ड खनिज (अवैध खनन, परिवहन एवं भण्डारण निवारण) नियमावली में चार लाख रुपये के अर्थदण्ड का प्राविधान है।



अलकनंदा नदी में अवैध खनन करते हुए पोकलैंड मशीन।

## मंडल अध्यक्ष ध्यानी का किया स्वागत

**पौड़ी** : शशि कुमार ध्यानी को भाजपा नेतृत्व द्वारा नैनीडांडा भाजपा का मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने खुशी जताते हुए उन्हें बधाई व शुभकामना दी। पूर्व मंडल अध्यक्ष एमडी रावत की अध्यक्षता में ब्लाक मुख्यालय में आयोजित बैठक में कार्यकर्ताओं ने फूलमाला से स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि संगठन को मजबूत करने व क्षेत्र के विकास के लिए कार्य करते हुए सभी कार्यकर्ता उनके साथ हैं। नव नियुक्त मंडल अध्यक्ष शशि कुमार ध्यानी ने मंडल, जिला, प्रदेश व राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार जताया। उन्होंने जिलाध्यक्ष व क्षेत्रीय विधायक दिलीप रावत का भी आभार जताया। कार्यक्रम में ज्येष्ठ उप प्रमुख ललित पटवाल, सत्यपाल सिंह रावत, दीपक कंडारी, मनोज मधवाल, सोहनलाल, मुन्नी लाल, धर्मपाल आर्य, धनपाल सिंह, भगत सिंह, सोशियल मीडिया मंडल प्रमुख दीनू चतुर्वेदी व आईटी प्रमुख आशीष पटवाल सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे। नव नियुक्त मंडल अध्यक्ष शशि कुमार ध्यानी ने कार्यकर्ताओं के साथ ब्लाक प्रमुख प्रशांत कुमार व खंड विकास अधिकारी यशोधर प्रसाद डोभाल से भी मुलाकात की।

# कश्मीरी हिंदुओं की शीघ्र घाटी में सुरक्षित वापसी कराई जाए



रुद्रपुर : 33 साल से खानाबदोश की जिंदगी जी रहे लगभग चार लाख से अधिक कश्मीरी हिंदुओं की सुरक्षित घाटी में वापसी को लेकर राष्ट्रीय बजरंग दल और अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के कार्यकर्ता सड़क पर उतरे। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर केंद्र सरकार से उनकी सुरक्षित वापसी की मांग की। गुरुवार को प्रदर्शन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अहिप के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव कुमार महाजन ने कहा कि 19 फरवरी 1990 को लगभग 4 लाख हिंदुओं ने जिहादियों के दबाव के कारण कश्मीर घाटी छोड़ दी थी। उस समय आतंकवादियों ने निर्दोष हिंदुओं की हत्या की थी। सरकारी आंकड़े के अनुसार लाखों कश्मीरी हिंदुओं को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा था। ने बताया तब से लेकर आज तक 95 फीसदी हिन्दू घाटी से पलायन कर चुके हैं। लगभग 6000 से 7000 हिंदू ही घाटी में बचे हैं। महाजन ने प्रधानमंत्री व गृहमंत्री से अपील की है कि उन सभी कश्मीरी हिंदुओं को घाटी में स्थापित करें।

## पेपर लीक के दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए

पिथौरागढ़ : यूथ कांग्रेस ने पटवारी भर्ती परीक्षा का पेपर लीक करने वाले दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। गुरुवार को युकां प्रदेश उपाध्यक्ष और उत्तराखंड स्पोर्ट्स सेल के प्रभारी करन सिंह ने कहा कि भाजपा शासन में युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। लगातार भर्ती परीक्षाओं में धांधली होना सरकार की नाकामी को दर्शाता है। कहा युवा नौकरी के सपने लिए कड़ी मेहनत करते हैं, लेकिन उनके सपनों को इस तरह चकनाचूर किया जा रहा है। कभी परीक्षा के चंद घंटे तो कभी तीन से चार दिन बाद पेपर लीक होने का मामला सामने आता हैं। करन ने कहा अगर सरकार ने शीघ्र ही दोषियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की तो संगठन प्रदेश भर में उग्र आंदोलन करेगा। (एजेंसी)



## छात्रो को गर्म कंबलो का वितरण किया

रुद्रपुर : लायंस क्लब काशीपुर ग्रेटर द्वारा मोहल्ला किला स्थित संस्कृत पाठशाला में सर्द मौसम को देखते हुए छात्रो को गर्म कंबलो का वितरण किया। गुरुवार को लायंस क्लब काशीपुर ग्रेटर अध्यक्ष अनुराग सोलंकी एवं सचिव गौतम मेहरोत्रा ने संयुक्त रूप से बताया कि सर्द मौसम के चलते छात्रो को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जिसके चलते क्लब का एक छोटा सा प्रयास है। यहां क्लब कोषाध्यक्ष नीरज अग्रवाल, सरित चतुर्वेदी, धीरज अग्रवाल, अभिषेक गोयल, रूपेश अग्रवाल, पुनीत शर्मा तमाम पदाधिकारीगण मौजूद रहे व संस्कृत पाठशाला के संरक्षक संजय चतुर्वेदी एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहे। (एजेंसी)

# संगठन की मजबूती के लिए कार्य करेगें : बोरा



अल्मोड़ा : भारतीय जनता पार्टी सोमेश्वर मंडल की नवनियुक्त अध्यक्ष लीला बोरा के सम्मान में कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें फूल मालाओं से उनका भव्य स्वागत किया गया। कार्यकर्ताओं का आभार जताते हुए नव नियुक्त मंडल अध्यक्ष लीला बोरा ने सबको साथ लेकर संगठन की मजबूती के लिए कार्य करने की बात कही। उन्होंने प्रदेश और जिला नेतृत्व एवं संगठन मंत्री अजेय कुमार, कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य, जिला अध्यक्ष रमेश बहुगुणा, सांसद अजय टम्टा का आभार जताया।

कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता मोहन सिंह दोसाद, राजेंद्र कैड़ा, महामंत्री चंदन सिंह बिष्ट, पूर्व अध्यक्ष खड़क सिंह नेगी, उमेश मेहरा, प्रकाश नेगी, भूपेंद्र रावत, हीरा भाकुनी, प्रमोद कुमार आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## सागौन की लकड़ी से भरी ट्रॉली पकड़ी, चालक फरार

रुद्रपुर : प्रभागीय वनाधिकारी तराई पूर्वी, वन प्रभाग हल्द्वानी के निर्देश पर गठित वन सुरक्षा दल ने मुखबिर की सूचना पर सोख्ते की आड़ में किलपुरा वन रेंज से जा रही एक टैक्टर ट्रॉली को पकड़ा। इसमें सागौन की लकड़ी छिपाकर रखी गई थी। वन सुरक्षा दल प्रभारी प्रमोद सिंह बिष्ट ने बताया कि बुधवार रात टीम को सूचना मिली कि किलपुरा आरक्षित वन से एक ट्रैक्टर ट्रॉली में लकड़ी चोरी कर ले जाई जा रही है। मौके पर पहुंची टीम को नौगंवानाथ-अंजनिया मोटर मार्ग पर एक ट्रैक्टर ट्रॉली आती दिखाई दी। ट्रैक्टर को रोकने का इशारा किया, लेकिन चालक वाहन को रोड पर खड़ा कर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया। ट्रैक्टर ट्रॉली में सोख्ते के नीचे सागौन के 21 मोटे गिल्टे पाए गए।

# पदाधिकारियों के नाम के बोर्ड पर स्याही फेंकने से छात्रसंघ में आक्रोश



रुद्रपुरः एसबीएस महाविद्यालय में छात्रसंघ पदाधिकारियों के नाम के बोर्ड पर स्याही फेंके जाने से छात्रसंघ पदाधिकारियों में आक्रोश व्याप्त है। विरोध में पदाधिकारियों ने महाविद्यालय के प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा। साथ ही ऐसे असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वहीं इस संबंध में प्राचार्य ने कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंपी है। गुरुवार को छात्रसंघ पदाधिकारियों ने प्राचार्य प्रो. केके पांडे को सौंपे ज्ञापन में कहा कि बोर्ड पर स्याही फेंककर पदाधिकारियों की छवि धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है।

इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस दौरान छात्रसंघ अध्यक्ष गौतम पपनेजा, सचिव रोहित भट्ट, उपसचिव गौरव शुक्ला, उपाध्यक्षा केशु दस, उपाध्यक्ष आकाश कुमार, संयुक्त सचिव गौरव शुक्ला, कोषाध्यक्ष कुनाल गोस्वामी, सांस्कृतिक सचिव दीपक भट्ट, विश्वविद्यालय प्रतिनिधि हिमांशु सिंह, कला संकाय प्रतिनिधि अभिषेक कुमार, विज्ञान संकाय प्रतिनिधि धीरज गंगवार, वाणिज्य संकाय प्रतिनिधि मनीष शर्मा आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# एसपी ने किया स्मार्ट बैरिक का उदघाटन



चम्पावत : पुलिस लाइन चम्पावत में एसपी देवेंद्र पींचा ने पुलिस जवानों के लिए बनाए गए आधुनिक सुविधाओं से युक्त स्मार्ट पुलिस बैरिक का किया शुभारंभ किया। पुलिस कर्मचारियों के रहन-सहन के स्तर में सुधार कराते हुए जनपद में पुरानी बैरिकों का आधुनिकरण करवाकर विभिन्न सुविधाओं से युक्त कराया गया है। जिसमें कर्मचारियों को ड्यूटी के बाद बैरिकों में आकर घर जैसा सुकुन महसूस हो सकेगा। सभी जवानों को अन्यत्र पोस्टिंग होने या ड्यूटियों में बाहर जाने के दौरान सामान व बिस्तर नहीं ले जाना पड़ेगा। इससे पूर्व में पुलिस लाइन चम्पावत, कोतवाली चम्पावत, थाना टनकपुर, थाना लोहाघाट, चौकी चल्थी, ठुलीगाड बैरिकों का उच्चीकरण किया गया है। स्मार्ट पुलिस बैरिकों में दीवान बैड व प्रत्येक बैड के पास जवानों के सामान को सुव्यवस्थित तरीके से रखने हेतु एक-एक अलमारियां, डेस्क स्थापित हैं। पुलिस बैरिकों के अतिरिक्त चम्पावत में पुलिस भोजनालयों का भी उच्चीकरण किया गया है। जिसमें सप्ताह में एक दिन पहाड़ी व्यंजनों को भी शामिल किया गया है।

## डीएम ने दिए राजस्व में बढ़ोत्तरी और कर चोरी रोकने के आदेश

अल्मोड़ा : जिला स्तरीय राजस्व संवर्धन एवं अनुश्रवण समिति की गुरुवार को बैठक आयोजित हुई। जिसमें डीएम वंदना ने संबंधित अधिकारियों को जनपद में राजस्व में बढ़ोतरी करने और कर चोरी रोकने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी अधिकारी अपने स्तर पर यह आंकलन करें कि पिछले पांच वर्ष में किस क्षेत्र में अधिक राजस्व संग्रहीत हुआ है, और इसका भी आंकलन करें कि किस क्षेत्र में राजस्व संग्रह में कमी आई है। इसके अलावा उन्होंने प्रवर्तन की कार्यवाही बढ़ाने, जनपद के बड़े ठेकेदार और व्यापारियों के जीएसटी आदि की समय समय पर जांच करने, जीएसटी संबंधी कार्यशाला आयोजित करने समेत परिवहन विभाग, आबकारी विभाग को भी प्रवर्तन की कार्यवाही बढ़ाने के निर्देश दिए।

# वीपीडीओ ने किया प्रदर्शन, पदों के एकीकरण को बताया गलत



चम्पावत : चम्पावत में ग्राम पंचायत अधिकारियों ने दूसरे दिन भी कार्य बहिष्कार कर प्रदर्शन किया। उन्होनें कहा कि ग्राम विकास अधिकारी और ग्राम पंचायत अधिकारी के पदों का एकीकरण गलत है। वे इस फैसले को नहीं मानेंगे। गुरुवार को वीपीडीओ ने चम्पावत स्थित कलेक्ट्रेट में धरना प्रदर्शन किया। एसोसिएशन अध्यक्ष शिवांशु वर्मा के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट में अपनी मांगों को लेकर कहा कि कार्यात्मक एकीकरण की व्यवस्था, जो कि 1999 में ग्राम पंचायतों में लागू थी। इसके विरोध में हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी। जिसके बाद कोर्ट ने इस व्यवस्था को समाप्त करने के आदेश दिए थे। आरोप लगाया कि कोर्ट के आदेश के बावजूद सरकार की ओर से इस प्रणाली को ग्राम पंचायतों में थोपा जा रहा है। यह प्रणाली कर्मचारियों की पदोन्नति में बाधा बनती है। जबकि उच्चाधिकारियों के लिए यह लागू नहीं किया जा रहा।

# अनादि रंजन को दूसरी बार मिली मंडल अध्यक्ष की जिम्मेदारी



रुद्रपुर। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की सहमति पर जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने अनादि रंजन मंडल को दिनेशपुर मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया है। क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं का बधाई देने के लिए दिनभर तांता लगा रहा। गुरुवार को नगर पंचायत अध्यक्ष सीमा सरकार के आवास पर उनके नेतृत्व में सभासदों ने अनादि मंडल को पुष्प भेंट करते हुए शुभकामनाएं दीं। भाजपा मंडल अध्यक्ष बनने पर मंडल ने प्रदेश नेतृत्व, विधायक अरविंद पांडे ओर जिलाध्यक्ष सुखीजा का आभार जताया। साथ ही कहा कि संगठन ने जो जिम्मेदारी दी है, उसको पूरा करने का प्रयास करेंगे और सभी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर पार्टी को मजबूत करेंगे। यहां किसान सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष रोहित मंडल, सत्यजीत विश्वास, गोविंद मंडल, सुकुमार सरकार, प्रोजीत मंडल, प्रसनजीत शाह, सुनीता मिस्त्री, सुकुमार सरकार, भोला शील आदि रहे। (एजेंसी)

## डीएम ने लिया राजकीय पोल्ट्री फार्म का जायजा

पिथौरागढ़ : नगर के विण स्थित राजकीय पोल्ट्री फार्म का डीएम रीना जोशी ने निरीक्षण किया।

डीएम रीना बीते रोज पोल्ट्री फार्म पहुंची। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से पोल्ट्री फार्म की व्यवस्थाओं, हेचरी, डिबलेटर, मुर्गीबाड़ा व निर्माणाधीन डिबलेटर को लेकर जानकारी ली। अधिकारियों ने उन्हें अंडा और चूजा उत्पादन कार्यों से भी अवगत कराया। बाद में डीएम ने भटेड़ी स्थित पोल्ट्री फार्म, मत्स्य तालाब व पॉलीहाउस का भी निरीक्षण किया। यहां एसडीएम अनुराग आर्य, सीवीओ योगेश भारद्वाज, मुख्य कृषि अधिकारी रितु टम्टा आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# वॉलीबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच ताड़ीखेत ने जीता



अल्मोड़ा : अल्मोड़ा जिला स्तरीय स्पेशल कम्पोनेंट प्लान के तहत अनुसूचित जाति के अंडर-19 बालक वर्ग की तीन दिवसीय वॉलीवॉल प्रतियोगिता शुरू हो गई है। गुरुवार को प्रतियोगिता का उद्घाटन मुकाबला ताड़ीखेत-(ए) ने अपने नाम किया। प्रतियोगिता में विभिन्न विकासखंडों से 15 टीमें हिस्सा ले रही हैं। हेमवती नंदन बहुगुणा स्टेडियम में प्रतियोगिता का गुरुवार को शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष धर्मवीर आर्या, विशिष्ट अतिथि भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष हरीश कनवाल और क्रीड़ा अधिकारी अरुण बग्याल ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। वहीं धौलादेवी ब्लॉक के कुवाली और ताड़ीखेत-ए के मध्य मुकाबला खेला गया। शानदार मुकाबले में ताड़ीखेत की टीम ने 25-05, 25-05 के अंतर से उद्घाटन मुकाबला अपने नाम किया, जबकि प्रतियोगिता के दूसरे मुकाबले में दन्या की टीम ने जीत दर्ज की। निर्णायक की भूमिका में वालीबॉल प्रशिक्षक गीता बिष्ट, प्रभा नेगी, अंकित बिष्ट और पारूल दानू रहे। इस मौके पर नवीन वर्मा, जीवन प्रकाश, यशवंत पवार, हरीश गोस्वामी, निर्मला नैनवाल, लता साह, कृष्ण कुमार, हीरा कनवाल, कैलाश राम आर्या, कृष्ण कुमार टम्टा, योगेश कुमार, जगत सिंह रावत आदि खेल प्रेमी मौजूद रहे। (एजेंसी)

# नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष मंगल रावत का किया स्वागत



अल्मोड़ा : भारतीय जनता पार्टी के भैंसियाछाना मंडल अध्यक्ष बने मंगल सिंह रावत का गुरुवार को जगह जगह कार्यकर्ताओं ने में स्वागत किया। गुरुवार को नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष का धौलछीना, कसान बैंड, जमराडी, बाड़ेछीना, सेराघाट, लिंगुड़ता, मंगलता, नाली, हरडा में कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहना कर स्वागत किया तथा मिष्ठान वितरण किया।

नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष मंगल रावत ने जिला अध्यक्ष तथा प्रदेश नेतृत्व का आभार प्रकट किया। मंगल रावत इससे पूर्व मंडल महामंत्री के पद पर रहे हैं। इस मौके पर बसंत बल्लभ भट्ट, भगवान सिंह नेगी, धीरज नेगी, दीवान सिंह, धरम सिंह, गोपाल मेहरा, पवन चम्याल, राजू बोरा, बलवंत नेगी, लक्ष्मण सिंह, शिवराज बोरा, रवि नेगी, पवन सिंह रावत, दीवान सिंह मेहता, हिमांशु मेहरा, गोपाल सिंह मेहरा, कैलाश चंद तिवारी, नंदन सिंह नेगी, मोहन सिंह नेगी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे। (एजेंसी)

## आंगनबाड़ी केंद्र खोलने की मांग उठाई

रुद्रपुर : पर्वतीय उकरौली में आंगनबाड़ी केंद्र खोलने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने एसडीएम को मांगपत्र सौंपा। कैलाश नदी किनारे बसे पर्वतीय उकरौली में फैक्ट्री श्रमिक, खनन श्रमिकों के परिवार रहते हैं। यहां आंगनबाड़ी केंद्र किराये के भवन में संचालित हो रहा है। ग्राम प्रधान राधा देवी ने ग्राम पंचायत की भूमि स्थायी आंगनबाड़ी केंद्र के लिए चिह्नित कर गांव के नजदीक आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि सिडकुल की कंपनी गांव के बच्चों के लिए निजी खर्च पर आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण की मंजूरी दे रही है। ग्राम प्रधान ने आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण के लिए एसडीएम से संस्तुति के साथ अनुमति की मांग की है। (एजेंसी)

# भाजपा ने की 14 मंडलों में अध्यक्षों की नियुक्ति

अल्मोड़ा : भारतीय जनता पार्टी ने मंडल अध्यक्षों की घोषणा करते रानीखेत जिले के सभी 14 मंडलों में अध्यक्षों की नियुक्ति कर दी है। रानीखेत नगर मंडल अध्यक्ष की जिम्मेदारी रानीखेत व्यापार मंडल अध्यक्ष मनीष चौधरी को सौंपी गई है।

जबकि ताड़ीखेत में मुकेश पांडे मंडल अध्यक्ष मनोनीत किए गए हैं। इनके अलावा चंद्र प्रकाश फुलेरिया मासी मंडल, नारायण सिंह रौतेला चौखुटिया, महिपाल सिंह किरौला जालली, धीरेंद्र मठपाल द्वाराहाट, महेश कैड़ा बग्वालीपोखर, कुंदन लाल स्याल्दे, गोविंद सिंह नेगी चित्रकूट, नरेंद्र सिंह बिष्ट मानिला, भगवत सिंह बोरा सल्ट, गुड्डी देवी मछोड़, दरबान सिंह बिष्ट भिकियासैंण और राम सिंह रावत बिनसर महादेव के मंडल अध्यक्ष नियुक्त गए हैं। नव नियुक्त मंडल अध्यक्षों को सांसद अजय टम्टा, विधायक डॉ. प्रमोद नैनवाल सहित जिलाध्यक्ष लीला बिष्ट, उपाध्यक्ष विमल भट्ट, अनिल शाही, जगदीश अग्रवाल, ध्यान सिंह नेगी, गिरीश भगत, विनोद भट्ट, मोहन नेगी, आशु भगत, चंदन भगत, दीप भगत, हंसादत्त बवाड़ी, संजय पंत, नरेंद्र रौतेला, राजेंद्र जसवाल, शौकत अली, मदन कुवार्बी, विनोद भार्गव, नवल पांडे, हर्षवर्धन पंत, भुवन पपनै, विनोद आर्या, कमल कुमार, कवि भंडारी, शंकर बिष्ट, रेखा पांडे, दीप्ति बिष्ट, भावना पालीवाल, सुनीता डाबर, तनुजा शाह, रेखा आर्या, भारती भगत आदि कार्यकर्ताओं ने शुभकामनाएं दीं हैं। (एजेंसी)

## 10 लाख के कृषि यंत्र वितरित किए

अल्मोड़ा : उत्तराखंड ग्राम्य विकास समिति के अन्तर्गत संचालित परियोजना ग्रामीण उद्यम वेग वृद्धि परियोजना के तहत ताकुला के बसौली ग्राम में नारी शक्ति स्वायत्त सहकारिता, बसौली को मुख्यमंत्री कृषि विकास योजनान्तर्गत 10 लाख रुपये की धनराशि के विभिन्न कृषि यंत्र बांटे गए। जिसमें घास काटने की मशीन, गेहूं पिसाई, खेत जुताई हेतु पावर टिलर एवं सिंचाई पंप शामिल हैं।

# पौड़ी, कोट, कल्जीखाल ब्लॉक में हड़ताल का असर, काम काज प्रभावित



ग्राम पंचायत विकास अधिकारी आदेश को वापस लेने की मांग को लेकर प्रदर्शन करते हुए।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों का प्रदेश भर में अनिश्चित कालीन कार्य बहिष्कार और कलम बंद हड़ताल से पंचायत के कार्य प्रभावित हो रहे है। पौड़ी, कोट और कल्जीखाल ब्लॉक में कार्यबहिष्कार और हड़ताल का असर देखने को मिला। जिस कारण पंचायत स्तर में परिवार रजिस्टर नकल, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, राशन कार्ड सहित पंचायत संबधित सभी कार्य बाधित हो रहे है।

अपर मुख्य सचिव ग्राम्य विकास द्वारा ग्राम पंचायतों में ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों का कार्य पंचायती राज एवं ग्राम्य विकास विभाग में से किसी एक विभाग के कर्मचारी को दिए जाने संबंधी आदेश दिए गए है।

उक्त निर्णय के पूर्व संभावनाओं को देखते हुए ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के प्रदेश संगठन द्वारा पूर्व में भी शासन स्तर पर अपना विरोध दर्ज करवाया गया था, जिसका संज्ञान लिए बिना उक्त आदेश को निर्गत किया गया।

उक्त निर्णय के विरोध में प्रदेश भर में पंचायत सचिव अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार और कलम बंद हड़ताल पर है।

ग्राम पंचायत विकास अधिकारी संगठन के जिला अध्यक्ष सुनील कोटनाला ने प्रमुख संगठन के प्रदेश अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा। वहीं कल्जीखाल ब्लॉक के प्रधान संगठन के अध्यक्ष रमेश चंद शाह को पंचायत सचिव कल्जीखाल ब्लॉक संगठन के अध्यक्ष अरविंद बुटोला ने ज्ञापन सौंपा।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत सचिव प्रभारी एडीओ अर्चना काला, जगत रावत, सुबोध रुडोला, जगदीश लाल, दिनेश लाल, जितेंद्र रावत, रीना, प्रमोद रावत आदि मौजूद थे। वहीं कोट ब्लॉक में विजय कप्रवाण के नेतृत्व में हनी नौटियाल, ज्योति बमरारा, पूर्ण सिंह नेगी, अरुण रावत, रोशन कुमार, रोहित ठाकुर, हिसार अली आदि ने प्रमुख कोट पूर्णिमा नेगी एवं प्रधान संगठन के अध्यक्ष विजय दर्शन बिष्ट को ज्ञापन सौंपा।

## वीपीडीओ ने अपर मुख्य सचिव को भेजा ज्ञापन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों के बहिष्कार से दूरस्थ क्षेत्रों के विकासखंडों के ग्रामीणों को जन्म प्रमाण, मृत्यु, परिवार रजिस्टर नकल लेने के लिए लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा हैं। बीरोंखाल के वीपीडीओ संघ ने प्रमुख राजेश कंडारी के माध्यम से अपर मुख्य सचिव को ज्ञापन भेजा हैं।

बीरोंखाल ब्लाक के ग्राम पंचायत विकास अधिकारी संघ बीरोंखाल अध्यक्ष धर्मराज जोशी ने बताया कि सरकार द्वारा वीपीडीओ के कार्यात्मक एकीकरण किया गया हैं। उन्होंने कहा कि यदि सरकार एकीकरण करना चाहती है तो वहां पंचायतीराज विभाग एवं ग्राम्य विकास विभाग का पूर्ण विलय कर सहायक विकास अधिकारी को खण्ड विकास अधिकारी पद पर पदोन्नति कर दी जाए। उन्होंने चेतवानी दी की जब तक सरकार इस एकीकरण को वापस नहीं लेती तब तक अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगी। ज्येष्ठ प्रमुख कुलदीप नेगी ने बताया कि दो दिनों से ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों के हड़ताल पर जाने से लोगों को परिवार रजिस्टर नकल, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र सहित विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार को लोगों की समस्या ध्यान में रखते हुए वैकल्पिक व्यवस्था करनी चाहिए। धरने पर कैलाश सिंह पापड़ा, ललित कुमार, विकास कुमार, राजेन्द्र सिंह, प्रेम सिंह नेगी आदि थे।

## दस बजे होगा ध्वजारोहण

कोटद्वारः गढ़वाल पूर्व सैनिक लीक की ओर से 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर प्रातः दस बजे ध्वजारोण किया जाएगा। जानकारी देते हुए लीग के सदस्य डीसी खंतवाल ने बताया कि ध्वजारोहण गौरव सेनानी भवन में होगा। जिसमें थल सेना, वायु सेना व नौ सेना के गौरव सेनानी प्रतिभाग करेंगे।

## सुरक्षा कर्मियों ने सीखें अग्नि सुरक्षा के गुर

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विवि में तैनात सुरक्षा कर्मियों के लिए दो दिवसीय अग्नि सुरक्षा प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिसमें सुरक्षा कर्मियों को अग्नि घटना के दौरान किए जाने वाले बचाव सुरक्षा उपायों के बारे में जानकारी दी गई। विवि के सुरक्षा अधिकारी हेम जोशी के निर्देशन में प्रशिक्षक विष्णु साहू ने सुरक्षा कर्मियों को प्रशिक्षण दिया। पहले दिन यह प्रशिक्षण चौरास परिसर व दूसरे दिन बिड़ला परिसर में दिया गया। (एजेंसी)

## मोहनपुर बिजलीघर में ट्रांसफार्मर फूंकने से घंटों गुल रही बिजली

देहरादून। मोहनपुर बिजलीघर परिसर में 400 केवी का ट्रांसफार्मर फूंक जाने से सैकड़ों बिजली उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ा। पूरा दिन बिजली गुल रहनेसे बड़े इलाके में उपभोक्ता प्रभावित रहे। पहले से बिजली कटौती की समस्या झेल रहे मोहनपुर, प्रेमनगर क्षेत्र के बिजली उपभोक्ताओं को गुरुवार को दोहरी मुसीबत झेलनी पड़ी। सुबह शाम कटौती की मार से परेशान इलाके में अचानक बिजली गुल हो गई। उपभोक्ता बिजलीघर में कारण जानने के लिए फोन मिलाने लगे तो वह लगातार इंगेज आने लगा। सामाजिक कार्यकर्ता वीरू बिष्ट ने बताया कि इलाके में रोजाना एक से डेढ़ घंटे और कभी कभी उससे भी अधिक समय तक बिजली गुल रहती है। ऐसे में गुरुवार का पावर कट से उपभोक्ताओं का पूरा दिन अस्त व्यस्त भरा रहा। एसडीओ शैलेन्द्र मधवाल ने बताया कि मोहनपुर पावर हाउस प्रांगण के भीतर लगा 400 केवी का ट्रांसफार्मर फुंक ये परेशानी शुरू हुई।

## किसानों को कम खर्च वाली प्राकृतिक खेती को अपनाने को जागरूक किया

नई टिहरी : वीर चंद्र सिंह गढ़वाली उत्तराखंड उद्यानिकी एवं वानिकी विवि के कृषि विज्ञान केंद्र रानीचौरी के कृषि वैज्ञानिकों ने प्राकृतिक खेती का विस्तार परियोजना के अंतर्गत ग्राम सेमवाल गांव में कृषक प्रशिक्षण एवं प्राकृतिक खेती का प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र की नोडल अधिकारी प्राकृतिक खेती डा. शिखा ने प्राकृतिक खेती के चार सिद्धांतो बीजामृत, जीवामृत, आच्छादन व वापसाष आदि के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद ग्रामीणों को उनके घर में ही उपलब्ध गाय के गोबर, गौमूत्र, चूना, बेसन, गुड़ इत्यादि से बहुत कम खर्च में बीजामृत एवं जीवामृत बनाने का प्रशिक्षण दिया। साथ ही उन्होंने किसानों घनजीवामृत बनाने की विधि से अवगत करवाया। उन्हें कम खर्च वाली प्राकृतिक खेती को अपनाने के प्रति जागरूक एवं प्रेरित किया। केंद्र के पादप संरक्षण वैज्ञानिक डा. सचिन कुमार ने किसानों को प्राकृतिक विधि द्वारा आपसी परिवेश में उपलब्ध पौधों के माध्यम से पौधास्त्र तथा ब्रह्मास्त्र बनाकर फसलों के कीटों तथा जीवाणुवों से बचाव के बारे में जागरूक किया। इसके साथ एसआरएफ उदित जोशी ने अंतर्राष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष 2023 के विषय में जानकारी साझा करते हुए मोटे अनाजों से होने वाले स्वास्थ लाभ के बारे में बताया।

# भाजपा ने की 14 मंडलों के अध्यक्षों की घोषणा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : भाजपा के सांगठनिक जनपद पौड़ी में शामिल 14 मंडलों के मंडल अध्यक्षों की घोषणा कर दी है। जिलाध्यक्ष सुषमा रावत ने हाईकमान की संस्तुति पर जिले में शामिल 14 मंडलों के अध्यक्षों की सूची जारी कर दी है।

भाजपा के सांगठनिक जिला पौड़ी के मंडलों में अध्यक्षों के नामों की घोषणा हो गई हैं। पौड़ी नगर मंडल में क्रांति किशोर नेगी व खिर्सू मंडल में अध्यक्ष पद पर रमेश मंद्रवाल की दोबारा ताजपोशी हुई है। कल्जीखाल मंडल में ज्येष्ठ प्रमुख अनिल नेगी ने एक कार्यकाल के बाद मंडल अध्यक्ष पद पर वापसी की है।

इसके अलावा पौड़ी ग्रामीण मंडल में विवेक मंमगाई, कोट में हिम्मत सिंह नेगी, थलीसैण में नवीन जोशी, पैठाणी में अमर सिंह, अगरोड़ा में रश्मि देवी, पाबौ में नरेंद्र सिंह भंडारी, श्रीनगर में जितेंद्र धीरवाण को मंडल अध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है। बीरोंखाल मंडल में ओमपाल सिंह बिष्ट, पोखड़ा में प्रभुशरण बुड़ाकोटी, एकेश्वर में गणेश रावत व सतपुली में सुरेंद्र सिंह बिष्ट को मंडल अध्यक्ष बनाया गया है।

जिलाध्यक्ष सुषमा रावत ने कहा कि जिले के सभी 14 मंडलों में अध्यक्ष बने कार्यकर्ताओं से पार्टी को और अधिक मजबूती मिलेगी। कहा सभी मंडलों की कार्यकारिणी का जल्द ही विस्तार कर लिया जाएगा।

## पुस्तक प्रदर्शनी को लेकर छात्रों में दिखा उत्साह

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विवि के बिड़ला परिसर स्थित केंद्रीय पुस्तकालय में आयोजित दो दिवसीय पुस्तक प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं ने जमकर किताबें खरीदी। पुस्तक प्रदर्शनी को लेकर छात्र-छात्राओं में खूब उत्साह भी देखा गया। पुस्तक प्रदर्शनी में 70 से अधिक प्रकाशकों द्वारा नई शिक्षा नीति के तहत विभिन्न पाठ्यक्रमों की पुस्तकों को रखा गया। जिसका छात्र-छात्राओं ने खूब लाभ उठाया। प्रदर्शनी के माध्यम से विभागों ने भी प्रकाशकों को पुस्तकें उपलब्ध कराने का आर्डर दिया।

## नदियों में कूड़ा फेंकने वालों की निगरानी करें : डीएम

रुद्रप्रयाग : गंगा नदी एवं इसकी प्रमुख नदियों की सफाई, संरक्षण एवं संवर्द्धन के लिए जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने जिला गंगा संरक्षण समिति की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने कई जरूरी निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में मौजूद नदियों की हर हाल में बेहतर साफ-सफाई व्यवस्था की जाए। नदियों में लोगों द्वारा किसी तरह का कूड़ा-करकट न फेंका जाए। इसके लिए सभी अधिशासी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में निगरानी रखें। उन्होंने जनपद के घाटों में भी अच्छी सफाई रखने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने गंगा संरक्षण समिति के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि नदियों के संवर्द्धन एवं सरंक्षण के लिए नदियों के किनारे वृहद वृक्षारोपण किया जाए। इसके लिए आवश्यक प्लान तैयार किया जाए।

उन्होंने अधिशासी अभियंता लोनिवि को निर्देश दिए हैं कि उनके द्वारा नवनिर्मित सड़कों एवं अन्य सड़कों में भी वृक्षारोपण किया जाए। अधिशासी अभियंता सिंचाई को भूस्खलन क्षेत्रों में चैकडैम तैयार करने, नदी के किनारे किसी भी तरह का अतिक्रमण हटाने आदि के भी निर्देश दिए।

# जल संस्थान के आश्वासन पर प्रस्तावित आंदोलन स्थगित

श्रीनगर गढ़वाल : कीर्तिनगर ब्लॉक के अंतर्गत लक्ष्मोली-हडिमधार पेयजल योजना से जलापूर्ति न होने से गुस्साए क्षेत्रीय विकास एवं संघर्ष समिति ने जल संस्थान की ओर से मिले आश्वासन पर 21 जनवरी से प्रस्तावित आंदोलन को स्थगित कर दिया है।

समिति का कहना है कि यदि जल संस्थान अपने आश्वासन पर खरा नहीं उतरता है तो 15 जनवरी से आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय विकास एवं संघर्ष समिति को समस्याओं के समाधान को लेकर जल निगम व जल संस्थान की ओर से सकारात्मक आश्वासन दिया गया है।

समिति के अध्यक्ष पितांबर दत्त बलूनी व मीडिया प्रभारी अजय सेमवाल ने कहा कि जल संस्थान के अधिशासी अभियंता नरेश पाल ने योजना के फेज–2 के प्राक्कलनप पर निर्माण कार्य किए जाने तक पूर्व निर्मित पेयजल योजना पर सुचारू जलापूर्ति हेतु योजनाप के इंफिल्ट्रेशन वेल पर वैकल्पिक व्यवस्था हेतु 100 एमएम व्यास या उससे अधिक व्यास के पाइप को बिछाने के लिए 14 फरवरी तक कार्य पूर्ण किए जाने की बात कही।

साथ ही योजना के ग्रेविटी स्त्रोत त्यूणा गदेरे से बिछाई गई पाइप लाइन से भगदोरी खाल टैंक पर बाईपास करने को लेकर एक सप्ताह के अंतर्गत योजना से सबंधित अभियंता एवं समिति के सदस्यों द्वारा संयुक्त निरीक्षण कर तकनीकी पहलू पर निर्णय लिए जाने की बात भी कही गई है।

जिस पर समिति ने सर्वसम्मति से 14 फरवरी तक आंदोलन को स्थगित करने का निर्णय लिया है। (एजेंसी)

## राणा के मंडल अध्यक्ष बनने से कार्यकर्ताओं में उत्साह

रुद्रप्रयाग : भारतीय जनता पार्टी जखोली मण्डल अध्यक्ष पद पर प्रधान धनकुराली धूम सिंह राणा के मनोनीत होने पर खुशी जताई है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी हाईकमान, प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट व जिलाध्यक्ष महावीर पंवार आदि का आभार व्यक्त किया है। नवनियुक्त मण्डल अध्यक्ष धूम सिंह राणा ने कहा कि वह पार्टी हाईकमान के निर्देश पर केन्द्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को आम जनमानस तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने सभी भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों सहित शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है। (एजेंसी)

## टिहरी झील महोत्सव की तैयारियां शुरू, डीएम ने किया महोत्सव स्थल का निरीक्षण



नई टिहरी : टिहरी झील महोत्सव 2023 के आयोजन को लेकर डीएम डॉ. सौरभ गहरवार ने आलाधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने महोत्सव को भव्य तरीके से आयोजित करने के लिए तमाम व्यवस्थाओं पर चर्चा करते हुए कहा कि महोत्सव को भव्य बनाने में अधिकाधिक सहयोग प्रदान करें। बैठक से पूर्व डीएम ने झील महोत्सव स्थल कोटी का निरीक्षण भी किया। जिला सभागार में झील महोत्सव को लेकर आयोजित बैठक में डीएम गहरवार ने कहा कि महोत्सव आगामी 10 मार्च से प्रस्तावित है। जिसे नई टिहरी व कोटी में आयोजित किया जाना है। महोत्सव के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के तहत आध्यात्मिक प्रकाश व स्थानीय लोक संस्कृति। जबकि इंडो वेस्टर्न कार्यक्रम के साथ ही योग, मैराथन, खेल, साइकिल प्रतिस्पर्धा, सांस्कृतिक संध्या, स्थानीय परिधान शो, लाइट एण्ड साउण्ड शो, फिल्म एवं फूड फेस्टिवल, हाट इयर बैलून, पैराग्लाइडिंग, जेटी पर इवनिंग कार्यक्रम आदि पर चर्चा की गई। कार्यक्रमों के अनुसार सभी अधिकारियों को प्लान आउट करने के निर्देश दिये गये। कार्यक्रम स्थल पर किट जोन, एल्डर जोन, फिशिंग जोन, स्लाइड शो गैलरी, रेस्ट–चेंजिंग रूम, प्रवेश बिन्दु पर सहायता केन्द्र व सेल्फी प्वाइंट बनाने के भी निर्देश अधिकारियों को दिये।

## एनआईवीएच और यूपीसीएल ने जीता क्रिकेट मुकाबला

देहरादून। चौथे ऊर्जा कप में एनआईवीएच ने 27 और यूपीसीएल ने 29 रन से अपने–अपने मुकाबले जीते। शिमला बाईपास स्थित तनुष क्रिकेट अकादमी में गुरुवार को पहला मैच एनआईवीएच और फूड टाइटंस के बीच खेला गया। एनआईवीएच ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट खोकर 135 रन बनाए। इसमें विकास नौटियाल ने 41, मुकुल सजवाण ने 33 रन का योगदान दिया। फूड टाइटंस की ओर से पंकज ने सर्वाधिक दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी फूड टाइटंस की टीम 16 ओवरों में 108 रन पर ही ऑल आउट हो गई। टीम के लिए लोकेश पंत ने सर्वाधिक 47 रनों का योगदान दिया। वहीं, एनआईवीएच की ओर से देवी लाल ने दो विकेट लिए। दूसरे मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए यूपीसीएल ने छह विकेट खोकर 179 रन का लक्ष्य रखा। टीम के लिए आशीष रावत ने शानदार 83 रनों की पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी आईसीएफआरई की टीम 20 ओवर पूरे नहीं खेल पाई। 19.4 ओवर में 149 रन पर पूरी टीम पवेलियन लौट गई। अंकुर चौहान ने सर्वाधिक 49 रनों का योगदान दिया।

### 22 जनवरी से शुरू होगी 75वीं डिस्ट्रिक्ट लीग, जिले की 51 टीमें भिड़ेंगी

देहरादून। 75वीं डिस्ट्रिक्ट लीग 2023–24 का महामुकाबला 22 जनवरी यानी रविवार से शुरू हो जाएगा। लीग में जिले की 51 टीमें प्रतिभाग करेंगी।

डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन देहरादून की ओर से लीग आयोजित की जा रही है।

# कांग्रेस जोशीमठ प्रभावितों की समस्या को सदन में उठाएगी

### नेता प्रतिपक्ष सहित कांग्रेस नेताओं ने किया भूधंसाव प्रभावित क्षेत्र का दौरा

चमोली : गुरुवार को कांग्रेस नेताओं के दल ने नगर पालिका के बहुगुणानगर भूधंसाव प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया। कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी देवेंद्र यादव के नेतृत्व में यहां पहुंचे कांग्रेस नेताओं के दल ने कहा कि प्रभावितों की समस्या विधानसभा के सदन में उठाई जाएगी। गुरुवार को प्रदेश प्रभारी देवेंद्र यादव, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, प्रदेश अध्यक्ष करना माहरा, पूर्व अध्यक्ष गणेश गोदियाल, बदरीनाथ के विधायक राजेंद्र भंडारी, जिलाध्यक्ष मुकेश नेगी आदि नगर पालिका के बहुगुणानगर पहुंचे। इस मौके पर कांग्रेस नेताओं ने कहा कि बहुगुणानगर में पिछले काफी समय से लगातार भूधंसाव हो रहा है। लोग जान जोखिम में रखकर अपने घरों में रह रहे हैं। कहा कि प्रशासन द्वारा कुछ प्रभावितों के लिए रहने की व्यवस्था की है। लेकिन मात्र एक कमरे में एक बड़े परिवार का रहना संभव नही है। प्रशासन द्वारा दिए गए कमरों में न ही किचन की व्यवस्था है न ही ढंग से शौच आदि की व्यवस्था है। वहीं प्रभावित परिवारों से सरकार का मुआवजा सम्बंधी कोई भी वार्ता नहीं हुई है। उन्होंने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार द्वारा बेतरतीब ढंग से बिना किसी प्लानिंग से जहां भी निर्माण किया गया है। वहा भूधंसाव की स्थिति बनी हुई है। सरकार ने विकास के नाम पर पूरे उत्तराखंड में विनाश कर दिया है। कहा कि कांग्रेस का एक शिष्टमंडल जल्द ही राज्यपाल से मिलेगा। कांग्रेस पार्टी की पहली प्राथमिकता प्रभावित लोगों को मुआवजा दिलाने की रहेगी। ताकि वो फिर से अपना आशियाना बना सके। इस मौके पर ब्लाक अध्यक्ष गौतम मिंगवाल, नगर अध्यक्ष महेश खंडूड़ी, राजेश नेगी, संजय रावत, पुष्कर रावत, गजपाल सोनी, रामदयाल आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

## पर्यटन मंत्री का किया स्वागत

चमोली : गुरुवार को अपने जोशीमठ दौरे के दौरान यहां पहुंचने पर प्रदेश के पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज का कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इस दौरान नवनियुक्त नगर अध्यक्ष सुभाष चमोली, मनोरमा नैनवाल, महिपाल नेगी, महावीर रावत, गणेश शाह, चेतन मनोड़ी, कैलाश चंद आदि शामिल थे। (एजेंसी)

## मीट मार्केट संचालित करने की मांग उठाई

चमोली : विहिप के जिलाध्यक्ष प्रताप लूथरा ने मीट मार्केट संचालित करने की मांग की है। उपजिलाधिकारी को प्रेषित ज्ञापन में लूथरा ने कहा कि नगर में कई जगह मांस की दुकानें संचालित हो रही हैं। जबकि इसके लिए नगर पालिका ने मीट मार्केट के नाम से दुकानें बनाई हैं।

## हेली सेवा संचालन के मामले में छात्र नेता दो गुटों में बंटे

बागेश्वर। बागेश्वर में पहली बार पहुंची हेली सेवा जहां लोगों को सैर करा रही है वहीं नगर पालिका, प्रशासन के लिए परेशानी भी पैदा कर रही है। बुधवार को छात्र संघ के विरोध के कारण मेले में हेली सेवा बंद रही। देर सायं जिलाधिकारी ने छात्र संघ की मांग पर एक लाख रूपये देकर छात्रों का विरोध शांत कर दिया। इधर डीएम व छात्र संघ पदाधिकारियों के बीच वार्ता में उपाध्यक्ष समेत कोषाध्यक्ष को न बुलाए जाने पर उन्होंने विरोध जारी रखा।

जिसके बाद डीएम ने उन्हें भी वार्ता पर बुलाया तथा वार्ता की। विरोध के दौरान छात्र नेताओं की उपजिलाधिकारी से नोंक झोंक भी हुई। बुधवार को छात्र संघ ने डिग्री कॉलेज प्रशासन की अनुमति के बिना उनके मैदान से हेलीसेवा का विरोध किया था, जिससे हेली सेवा संचालित नहीं हुई। दो उड़ान पुलिस लाइन से जरूर हुई।


उत्तर रेलवे

G20

आज़ादी का अमृत महोत्सव

ई–नीलामी

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग, (ए.सी.ओ.) उत्तर रेलवे, मुरादाबाद मण्डल के द्वारा ए.टी.एम के आवंटन हेतु ई–बोली आमंत्रित की गयी है, जिसकी बोलियां दिनांक 03.02.2023 को www.ireps.gov.in पर शुरू होगी। इसके लिए विस्तृत नियम व शर्ते ही उपलब्ध है।

| कैटेगरी | कैटलॉग संख्या | एसेट डिटेल | ई–बोली की आरम्भ तिथि | ई–बोली की अन्तिम तिथि |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| ए.टी.एम. | 22-MB-ATM-8 | देहरादून, शाहजहॉपुर, हरदौई एवं अमरोहा रेलवे स्टेशन | 03.02.23 10.00.00 | 03.02.23 11.00.00 |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 206/23



उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

G20

निविदा सूचना

निविदा सूचना सं. 03/2023

दिनांक : 19.01.2023

| क्र. सं. | कार्य का नाम एवं लोकेशन | कार्य की अनुमानित लागत (रू.) | कार्यालय का पता जहाँ से निविदा प्रपत्र जारी किया गया है। | बिड सिक्यूरिटी राशि (रू.) | कार्य के पूर्ण करने की समय अवधि | निविदा प्रपत्र जमा करने तथा खुलने की दिनांक व समय | वेबसाइट एवम कार्यालय का पता |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| 1. | 29/वरिष्ठ मं.वि.अभि./सा./मुरा./2022/तीसरा कॉल जेडआरटीआई चंदौसी में विद्युत सुविधाओं के प्रतिस्थापन के लिए विद्युत कार्य। | 79,70,448.10 (जीएसटी सहित) | विद्युत शाखा, मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद। | 1,59,400.00 | 4 (चार) माह | निविदायें दिनांक 13.02.2023 को 15.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन 15.00 बजे खोली जायेगी। | वेबसाइट www.ireps.gov.in मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय/उत्तर रेलवे, मुरादाबाद। |
| 2. | 27/वरिष्ठ मं.वि.अभि./सा0/मुरा0/2022/तीसरा कॉल ओक ग्रोव स्कूल झड़ीपानी में विद्युत सुविधाओं के सुधार हेतु विद्युत कार्य। | 79,11,353.58 (जीएसटी सहित) | | 1,58,200.00 | 4 (चार) माह | | |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 214/23


## भाजपा और कांग्रेस की कमान दो भाईयों के हाथ में

चमोली : भाजपा मंडल अध्यक्षों की सूची में कर्णप्रयाग ग्रामीण मंडल में भाजपा ने रोचक निर्णय लिया है। यहां बिक्रम मिंगवाल को भाजपा ने ग्रामीण मंडल की अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी है। भाजपा के इस निर्णय के साथ ही कर्णप्रयाग में भाजपा और कांग्रेस की कमान दो सगे भाइयों के हाथों में चली गई है। कर्णप्रयाग में कांग्रेस के पूर्व ब्लाक अध्यक्ष रहे राजेंद्र सगोई के भाजपा में शामिल होने के बाद कांग्रेस ने यहां कुछ समय पूर्व ही पूर्व ज्येष्ठ उपप्रमुख रहे और वर्तमान में प्रधान संघ के ब्लाक महामंत्री गौतम मिंगवाल को ब्लाक का अध्यक्ष मनोनीत किया। जबकि बीते दिन भाजपा ने पार्टी में सक्रिय और समर्पित रहे बिक्रम मिंगवाल को ग्रामीण मंडल का अध्यक्ष मनोनीत किया है। मटियाला निवासी गौतम और बिक्रम सगे भाई हैं। अलग-अलग राजनीतिक दलों में होने के बावजूद दोनों भाइयों के परिवार संयुक्त रूप से रहते हैं। अब दोनों भाइयों पर भाजपा और कांग्रेस को ब्लाक स्तर पर मजबूत करने की जिम्मेदारी है। भाजपा ने नगर पालिका में मनोनीत सभासद रहे सुभाष चमोली को नगर अध्यक्ष और बिक्रम मिंगवाल को ग्रामीण मंडल अध्यक्ष बनाया है। वहीं गौचर के रानीगढ़ मंडल अध्यक्ष की जिम्मेदारी दिनेश डिमरी और चांदपुरगढ़ी मंडल की बीरेंद्र प्रभु को दी है। मंडल अध्यक्षों के मनोनयन पर विधायक अनिल नौटियाल, जिलाध्यक्ष रमेश मैखुरी, जिपंस विनोद नेगी, समीर मिश्रा, कैलाश चंद, चेतन मनोड़ी, सुमन डिमरी, संपूर्णानंद डिमरी, नपा अध्यक्ष दमयंती रतूड़ी, धीरेंद्र भंडारी, सुनील पंत, कैलाश खंडूड़ी, गंभीर मियां आदि ने खुशी व्यक्त की है। (एजेंसी)

## भाजपा ने 12 मंडल अध्यक्षों की सूची जारी की

रुद्रप्रयाग : भाजपा जिलाध्यक्ष महावीर पंवार ने प्रदेश हाईकमान के निर्देशों पर जनपद के 12 मंडल अध्यक्षों की घोषणा कर दी है।

गुरुवार को उन्होंने सूची जारी करते हुए सभी को अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करने का आह्वान किया ताकि पार्टी और मजबूती के साथ आगे बढ़े। जिलाध्यक्ष ने बताया कि गुप्तकाशी मंडल में राय सिंह राणा, ऊखीमठ अनुसूया भट्ट, अगस्त्यमुनि नगर बीना राणा, अगस्त्यमुनि ग्रामीण अनिल कोटियाल, सतेराखाल त्रिलोचन भट्ट, जखोली धूम सिंह राणा, सिद्धसौड़ यशवीर सिंह चौहान, तिलवाड़ा जयप्रकाश सेमवाल, तल्लानागपुर घनश्याम पुरोहित, रुद्रप्रयाग नगर पार्वती गोस्वामी, रुद्रप्रयाग ग्रामीण सुरेंद्र सिंह बिष्ट एवं खांकरा शशि नेगी को मंडल अध्यक्ष बनाया गया है। (एजेंसी)

## ब्रिटेन में घर की खिड़की तोडने पर सिख को सजा

**लंदन (एजेंसी)।** हकी स्टिक से आवासीय कलोनी की खिड़की व कई अन्य अपराधों के लिए 48 वर्षीय एक सिख पर जुर्माना लगाया गया और गाड़ी चलाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। मारस्टन रोड, लीसेस्टर के जोतिंदर सिंह पर पिछले सप्ताह 480 पाउंड का जुर्माना, 192 पाउंड का पीडित अधिभार और 85 पाउंड का कोर्ट खर्च अदा करने का आदेश दिया गया।लीसेस्टर मजिस्ट्रेट कोर्ट द्वारा उसे 22 महीने के लिए गाड़ी चलाने पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया। पिछले साल 7 सितंबर को सिंह ने लीसेस्टर सिटी सेंटर के डी मोंटफोर्ट हाउस में गलत जगह पर कार पार्क करन से रोकने पर हकी स्टिक से एक खिड़की तोड़ दी थी।रिपोर्ट के मुताबिक पिछले साल एक सिविल कोर्ट की सुनवाई के बाद हुई क्षति के लिए वह 2,000 पाउंड चुका रहा है।सिंह को 2004, 2010 और 2011 में ड्रिंक-ड्राइविंग के लिए सजा सुनाई जा चुकी है।

2011 में उसे चार साल के लिए गाड़ी चलाने से प्रतिबंधित कर दिया गया था। एक स्पीड कैमरे ने उसे 28 मई, 2022 को 66 मील प्रति घंटे और अगले दिन 52 मील प्रति घंटे की रफ्तार से गाड़ी चलाते हुए पकड़ा।पिछले महीने वह मैनर रोड, थुरमास्टोन में शराब पीकर गाड़ी चलाते हुए पकड़ा गया था।

## न्यूजीलैंड की प्रधानमंत्री अगले माह छोड़ देंगी पद

**वेलिंगटन (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड की प्रधानमंत्री जैसिंडा अर्डर्न ने गुरुवार को घोषणा की कि वह छह साल तक सत्ता में रहने के बाद अगले महीने पद छोड़ देंगी। अर्डर्न, 37 साल की उम्र में 2017 में प्रधानमंत्री चुनी गईं थीं। उन्होंने अपने कार्यकाल को चुनौतीपूर्ण बताया।

वह 7 फरवरी तक लेबर पार्टी के नेता के रूप में पद छोड़ देंगी। उसके बाद उनकी जगह किसी अन्य को पीएम चुना जाएगा। न्यूजीलैंड में 14 अक्टूबर को आम चुनाव होंगे।

## अमेजन में नौकरी में कटौती का नया दौर शुरू, 18,000 से अधिक की छंटनी

**सैन फ्रांसिस्को , (एजेंसी)।** अमेजन ने टंटनी के अपने नए दौर से प्रभावित अपने कर्मचारियों को सूचित करना शुरू कर दिया है। कंपनी ने कुल 18,000 कर्मचारियों को हटाने की योजना बनाई है। मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि इस विशेष दौर में कितने कर्मचारी प्रभावित हो रहे हैं, लेकिन कंपनी ने अमेरिका के वाशिंगटन राज्य में 2,300 कर्मचारियों को पहले ही निकाल दिया है, जिनमें से अधिकांश सिएटल में काम करते थे, जहां कंपनी का एक मुख्यालय स्थित है। अमेजन ने पिछले नवंबर में टंटनी का पहला दौर शुरू किया था।उस समय, ऐसी रिपोर्टें थीं कि इसके हार्ड-वेयर और सेवाओं, मानव संसाधन और खुदरा टीमों के सदस्यों सहित लगभग 10,000 लोग प्रभावित होंगे।इस महीने की शुरुआत में, अमेजन ने टंटनी और उनके बड़े पैमाने की पुष्टि करते हुए कहा था कि पिछले साल, बुधवार के दौर और 2023 में संभावित अतिरिक्त कटौती सहित, वे कुल मिलाकर 18,000 कर्मचारियों को प्रभावित करेंगे।

## यूपी में हाथी ने एक व्यक्ति को कुचल कर मार डाला

**बहराइच (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के कतर्नियाघाट वन्यजीव अभयारण्य (केडब्ल्यूएस) क्षेत्र में 60 वर्षीय एक व्यक्ति को हाथी ने कुचल कर मार डाला। वन अधिकारियों ने कहा कि बिहारीपुरवा गांव के रहने वाले राधे श्याम के रूप में पहचाने गए पीडिघ्त पर सरयू नहर के पास हाथी ने हमला किया। इस क्षेत्र में 10 दिनों के भीतर ऐसी यह दूसरी घटना है।10 जनवरी को अभयारण्य के करीब स्थित वरदिया गांव में हाथी के हमले में 32 वर्षीय सुरेश की भी मौत हो गई थी। हर के मंडल वन अधिकारी (डीएफओ) आकाशदीप बधावन ने कहा, हम अभयारण्य से सटे गांवों में हाथियों की आवाजाही को प्रतिबंधित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं।

# कर्नल रैंक में 108 महिला अफसरों को प्रमोशन देकर इसी महीने से कमांड में तैनात करेगी सेना



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सेना में महिलाओं को बराबर का मौका देने की बड़ी पहल के तहत भारतीय सेना ने लेफ्टिनेंट कर्नल पद पर कार्यरत 108 महिला अफसरों को कर्नल रैंक में प्रमोशन देने का फैसला किया है। इतनी बड़ी संख्या में महिला अधिकारियों का सेना कर्नल रैंक में प्रमोशन की प्रक्रिया बेहद खास है। कर्नल रैंक में प्रमोशन हासिल करने वाली सभी महिला अफसरों को सेना इसी महीने कमान असाइनमेंट पर तैनाती का आदेश भी जारी कर देगी।

सूत्रों के अनुसार, सेना जनवरी के आखिर तक कर्नल रैंक में पदोन्नत की गई महिला अधिकारियों के पहले बैच की अलग-अलग ब्रांचों में तैनाती की अधिसूचना भी जारी कर देगी। सेना में महिला अफसरों को उनके पुरुष समकक्षों के बराबर लाने के लिए विशेष चयन बोर्ड की प्रक्रिया बीते 9 जनवरी से शुरू की गई है जो 22 जनवरी को पूरी हो जाएगी। सूत्रों ने बताया कि इसमें 1992 से 2006 बैच तक विभिन्न शस्त्र और सेवा इंजीनियर, सिग्नल, सेना वायु रक्षा, खुफिया कोर, सेना सेवा कोर, सेना आयुध कोर और इलेक्ट्रिकल और इंजीनियर्स और मैकेनिकल में 108 कर्नल रैंक की रिक्तियां हैं। इसके लिए दावेदार कुल 244 महिला अधिकारियों में 108 को पदोन्नति दी जाएगी।

पदोन्नति प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए सेना ने कुल 60 प्रभावित महिला अधिकारियों को चयन बोर्ड के लिए पर्यवेक्षक के रूप में बुलाया गया है, ताकि निष्पक्ष आचरण सुनिश्चित किया जा सके और दावेदार महिला अफसरों की किसी भी तरह की आशंका को स्पष्ट किया जा सके। 22 जनवरी को चयन बोर्ड की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी तो इसमें फिट घोषित की गई 108 महिला अधिकारियों को विभिन्न कमांड असाइनमेंट पर तैनात करने की प्रक्रिया इसी महीने शुरू कर दी जाएगी।

महिलाओं को समान अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से सेना ने महिला अधिकारियों को उनके पुरुष समकक्षों के बराबर स्थायी कमीशन (पीसी) प्रदान किया है। स्थाई कमीशन हासिल करने वाली सभी महिला अधिकारी सेना में उच्च नेतृत्व की भूमिकाओं के लिए उन्हें सशक्त बनाने के लिए विशेष प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के साथ चुनौतीपूर्ण सैन्य कार्य भी कर रही हैं। जूनियर बैचों में भी महिला अधिकारियों के लिए पीसी शुरू हो गया है जिसमें उनकी सेवा के 10वें वर्ष में स्थाई कमीशन पर विचार किया जाता है।

सेना में महिलाओं के आगे आने की शुरूआत का नमूना यह भी है कि पहली बार पांच महिला अधिकारियों ने प्रतिष्ठित रक्षा सेवा स्टाफ कोर्स और रक्षा सेवा तकनीकी स्टाफ कोर्स परीक्षा पास की है। इन पांचों महिला अफसरों को एक साल का कोर्स करना होगा और भविष्य में कमांड नियुक्तियों के लिए विचार किए जाने के दौरान उन्हें इसका पर्याप्त वेटेज मिलेगा। वैसे सेना में महिला कम्बैट एविएटर्स विभिन्न विमानन इकाइयों में अपने समकक्षों के साथ शामिल हो गई हैं।

इंजीनियर्स, आर्मी एयर डिफेंस और सिग्नल के हिस्से के रूप में महिला अधिकारी पहले से ही तैनाती के अग्रिम क्षेत्रों में अपनी पहचान बना रही हैं। महिलाओं को जल्द ही आर्टिलरी कोर में शामिल किया जाएगा। हाल ही में एक महिला अधिकारी को सियाचिन ग्लेशियर में एक पोस्ट पर तैनात किया गया है। संयुक्त राष्ट्र के विभिन्न शांति मिशनों में भारतीय महिला सैनिकों की भूमिका में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

## वाटर वार का प्लान बना रहा चीन! भारत ने भी कसी कमर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चीन के साथ भारत के संबंध काफी तनावपूर्ण हैं। वास्तविक नियंत्रण रेखा पर हाल के दिनों में दोनों देशों के सैनिकों के बीच टकराव की भी खबर आई। भारत के साथ चीन श्जल युद्ध लडने की तैयार में है। चीन के रुख को भांपते हुए अब दिल्ली सरकार उसे इस चाल में भी मात देने की तैयारी में जुट गई है। भारत नहीं चाहता कि वह किसी भी मोर्चे पर चीन से कमजोर साबित हो, ऐसे में उसने अरुणाचल प्रदेश में चीन की नई चाल के खिलाफ घेरेबंदी शुरू कर दी है।भारत सरकार ने अरुणाचल के सुबानसिरी में चल रहे 11 हजार मेगावाट के हाईड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट को फास्ट-ट्रैक पर डाल दिया है। इसके अलावा उसने पहले से तीन स्थापित प्रोजेक्ट के विस्तार का काम भी शुरू कर दिया है। चीन की नई चाल भारत के साथ श्जल युद्ध लडने की है। वह भारत को सूखे या फिर बाढ़ से नुकसान पहुंचाना चाहता है। इसके लिए चीन अरुणाचल प्रदेश सीमा के पास यारलुंग जैंगबो नदी(ब्रह्मपुत्र) पर 60 हजार मेगावाट का डैम बना रहा है, जिसने भारत की चिंता बढ़ा दी है।

## अमेरिका ने एशियाई व अन्य समुदायों के उत्थान के लिए बनाई रणनीति

**न्यूयार्क (एजेंसी)।** व्हाइट हाउस ने एशियाई-अमेरिकी, मूल निवासी हवाईयन और पैसिफिक आइलैंडर (एए और एनएचपीआई) समुदायों के लिए समानता, न्याय और अवसर को आगे बढ़ाने के लिए अपनी पहली राष्ट्रीय रणनीति जारी की है। व्हाइट हाउस ने कहा कि वरिष्ठ बाइडेन-हैरिस प्रशासन के अधिकारियों ने मंगलवार को एक आभासी कार्यक्रम में भारतीयों और एनएचपीआई सहित एशियाई अमेरिकियों के लिए सुरक्षा और इक्विटी को बढ़ावा देने के लिए 32 संघीय एजेंसियों द्वारा बनाई गई एक कार्य योजना के विवरण को रेखांकित किया।

सामुदायिक नेताओं ने अतिरिक्त कदमों पर भी चर्चा की, जो संघीय सरकार एए और एनएचपीआई समुदायों के लिए महत्वपूर्ण प्राथमिकताओं को संबोधित करने के लिए उठा सकती है। इसमें डेटा असहमति, भाषा का उपयोग और एशियाई विरोधी घृणा का मुकाबला करना शामिल है। स्टप एएपीआई (एशियन-अमेरिकन पैसिफिक आइलैंडर्स) हेट की अक्टूबर 2022 की रिपोर्ट में कहा गया है कि पांच में से एक घटना में भारतीयों सहित एशियाई-अमेरिकियों को गलत तरीके से कोविड, जासूसी या आर्थिक असुरक्षा के लिए दोषी ठहराते हुए बलि का बकरा बनाया जाता है।पिछले साल एएपीआई के एक राष्ट्रीय सर्वेक्षण में अनुमान लगाया गया था कि मार्च 2021 और मार्च 2022 के बीच कम से कम तीन मिलियन लोगों ने नफरत की घटनाओं का अनुभव किया।स्वास्थ्य और मानव सेवा (एचएचएस) सचिव जेवियर बेसेरा ने एक बयान में कहा,आज की राष्ट्रीय रणनीति जारी होने के साथ, जनता समानता को आगे बढ़ाने और एशियाई अमेरिकी, मूल निवासी हवाईयन, और प्रशांत द्वीपसमूह समुदायों के सामने आने वाली चुनौतियों को संबोधित करने के लिए बाइडेन-हैरिस प्रशासन के संपूर्ण-सरकार के ष्टिकोण को देख सकती है, ।28 मई, 2021 को, राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए, जिससे एशियाई-अमेरिकियों, मूल निवासी हवाईयन और प्रशांत द्वीपसमूह पर व्हाइट हाउस पहल की स्थापना हुई। अपने पहले वर्ष में इनिशिएटिव ने 32 संघीय एजेंसियों से कार्य योजनाएं एकत्र कीं।

## पत्रकारों को जांच एजेंसियों को अपने स्रोत का खुलासा करने से छूट नहीं : कोर्ट

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली की एक अदालत ने कहा है कि जांच एजेंसियों को अपने स्रोत के बारे में बताने के लिए पत्रकारों को कोई टूट नहीं है। खासकर तब जब ऐसा करना किसी आपराधिक मामले की जांच में सहायक हो। यह बात राउज एवेन्यू कोर्ट के मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट अंजनी महाजन ने कही। दिवंगत समाजवादी पार्टी सुप्रीमो मुलायम सिंह यादव और उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के आरोपों के संबंध में समाचार पत्रों में प्रकाशित और टीवी चौनलों पर प्रसारित एक रिपोर्ट से संबंधित एक मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने एक क्लोजर रिपोर्ट जारी की थी।

सीबीआई ने एक शिकायत दर्ज कराई, जिसमें आरोप लगाया गया कि अज्ञात व्यक्तियों ने सीबीआई की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने के लिए धोखाधड़ी और झूठी रिपोर्ट तैयार की थी। यह कहा गया था कि ये लोग फर्जी दस्तावेजों को बनाने और भ्रामक जानकारी फैलाने के लिए उन्हें वास्तविक दस्तावेजों के रूप में इस्तेमाल करने के इरादे से एक आपराधिक साजिश में शामिल थे।

हालांकि अदालत ने पाया कि क्लोजर रिपोर्ट के अवलोकन से पता चलता है कि सीबीआई जांच को उसके निष्कर्ष तक ले जाने से इनकार कर दिया था। अदालत ने कहा, केवल इसलिए कि संबंधित पत्रकारों ने अपने स्रोतों को बताने से इनकार कर दिया, जैसा कि क्लोजर रिपोर्ट में कहा गया है, जांच एजेंसी को जांच पर रोक नहीं लगानी चाहिए थी। भारत में पत्रकारों को जांच एजेंसियों को अपने स्रोतों का खुलासा करने से कोई वैधानिक टूट नहीं है। , विशेष रूप से जब एक आपराधिक मामले की जांच में सहायता के उद्देश्य से इस तरह का खुलासा आवश्यक है।

## ट्रेन में नाबालिग से रेप के आरोप में रेल कर्मचारी गिरफ्तार

**इटावा (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के इटावा जिले में रेलवे स्टेशन पर खड़ी एक ट्रेन में घर से भागी नाबालिग लड़की के साथ बलात्कार किया गया। 15 जनवरी को हुई इस घटना के लिए रेलवे के कैरिज और वैगन विभाग के एक कर्मचारी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक झांसी की रहने वाली लड़की अपने माता-पिता द्वारा डांटे जाने के बाद महोबा में अपने दादा के घर जाने के लिए घर से निकल गई थी। हालांकि गलती से वह इटावा जाने वाली ट्रेन में सवार हो गईं। रात में जब ट्रेन इटावा पहुंची तो सभी यात्री उतर गए और छात्रा वहीं बैठी रही। बाद में ट्रेन की सफाई करने आए नगर निगम के एक कर्मचारी ने ट्रेन में उसके साथ दुष्कर्म किया।अगली सुबह लड़की ने एक अन्य यात्री से फोन लिया और अपने परिवार के सदस्यों से बात की और उन्हें इटावा रेलवे स्टेशन से वापस ले जाने के लिए कहा। जब लड़की अपने माता-पिता के साथ अपने घर झांसी पहुंची, तो उसने आपबीती सुनाई।

# गुजरात दंगे पर बीबीसी डाक्यूमेंट्री औपनिवेशक मानसिकता से प्रेरितः भारत



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दो दशक पहले गुजरात में हुए दंगे पर बीबीसी की तरफ से तैयार एक डक्यूमेंट्री को भारत ने औपनिवेशिक मानसिकता से प्रेरित, और गुमराह करने वाला करार दिया है। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरविंद बागची ने इस डक्यूमेंट्री के जरिए पीएम नरेन्द्र मोदी की छवि को नुकसान पहुंचाने की कोशिशों को प्रोपेगंडा करार दिया है। भारत की यह तीखी प्रतिक्रिया तब आई है जब ब्रिटेन के पीएम रिषि सुनक ने भी इस डाक्यूमेंट्री में दिए गए तथ्यों को खारिज कर दिया है और कहा है कि इसमें जिस तरह का चरित्र दिखाने की कोशिश की गई है उससे सहमत नहीं है।

उधर, तत्कालीन विदेश सचिव कंवल सिब्बल ने भी कहा है कि बतौर विदेश सचिव वर्ष 2002 के दंगे के दौरान ब्रिटेन उच्चायुक्त की तरफ से भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने पर चेतावनी दी थी। बागची ने कहा कि, यह डाक्यूमेंट्री भारत में दिखाने के लिए नहीं है। हमें लगता है कि यह दुष्प्रचार का ही एक हिस्सा है जो एक खास तरह की अप्रतिष्ठित नजरिए को आगे बढ़ाता है। यह पक्षपातपूर्ण है और सही मायने में पूछा जाए तो औपनिवेशिक मानसिकता से प्रेरित है। यह इसे बनाने वाली एजेंसी या उसके निर्माता की सोच को भी बताता है जो इस तरह के नजरिए को काफी समय से आगे बढ़ाते रहे हैं। सही मायने में हम इस तरह की कोशिश को कोई भाव नहीं देना चाहते। बीबीसी की इस डाक्यूमेंट्री का नाम है श्इंडियारू द मोदी क्वेश्चनश। दावा किया गया है कि बीबीसी ने ब्रिटेन के विदेश मंत्रालय से लिए गये गोपनीय कागजातों के आधार पर इसे तैयार किया है। ये गोपनीय कागजात वर्ष 2002 में नई दिल्ली स्थित ब्रिटिश उच्चायोग के तरफ से अपने हेडक्वार्टर को भेजे गये रिपोर्ट से संबंधित हैं।

गुरुवार को इस बारे में एक अहम खुलासा तब के विदेश सचिव कंवल सिब्बल ने की है। उन्होंने कहा है कि, श्मैं उस समय विदेश सचिव था। मुझे उस समय ब्रिटेन के उच्चायोग ने जो गड़बडिघ्यां की थी उसके बारे में जानकारी है। तब उच्चायोग ने अपनी टीम गुजरात भेजी थी और एक बहुत ही आपत्तिजनक रिपोर्ट दिल्ली में यूरोपीय संघ (ईयू) के दूसरे राजदूतों को भेजी थी। ईयू के एक राजनयिक ने मुझे इसके बारे में जानकारी दी तो मैंने उन्हें चेतावनी दी कि वह हमारे आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप नही करे।श

बीबीसी की इस विवादित डाक्यूमेंट्री को ब्रिटेन के संसद में पाकिस्तानी मूल के एक सांसद इमरान हुसैन ने उठाया था। लेकिन पीएम सुनक ने साफ तौर पर कहा है कि इसमें जिस तरह से माननीय नेता (पीएम मोदी) का चरित्र दिखाया गया है उससे वह सहमत नहीं है। ब्रिटेन में रहने वाले भारतवंशी भी इस रिपोर्ट के खिलाफ लगातार सोशल मीडिया पर अपने गुस्से का इजहार कर रहे हैं।

# निजी अस्पतालों में खून के नाम पर लूट, एक यूनिट के लिए 1450 की जगह छह हजार रुपये वसूले, बिल से हुआ खुलासा



लखनऊ , एजेंसी। निजी अस्पतालों में खून के नाम पर लूट मची है। बिना डोनर के खून देने पर तीमारदारों से तय कीमत से चार गुना तक ज्यादा वसूली हो रही है। बुधवार को ऐसा ही मामला सामने आया, जहां तीमारदार से खून की तय कीमत 1450 के बजाय छह हजार रुपये प्रति यूनिट वसूली गई। मरीज को कुल चार यूनिट खून चढ़ाना पड़ा। इसके एवज में 24 हजार रुपये वसूले गए। पीड़ित ने सीएमओ कार्यालय में इसकी शिकायत की है। इस पर स्वास्थ्य विभाग के साथ खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने भी मामले की जांच शुरू कर दी है।

सड़क दुर्घटना में घायल 21 वर्षीय करन का चौक इलाके के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। उसे अक्सीजन सपोर्ट पर रखा गया। चार दिन बाद डिस्चार्ज होने पर चार लाख रुपये का बिल थमा दिया गया। इस पर परिजनों ने मदवार ब्यौरा मांगा। बिल में हर चीज के नाम पर मनमानी वसूली तो थी, साथ ही चार यूनिट खून के 24 हजार रुपये लिए गए थे। स्वास्थ्य विभाग ने निजी ब्लड बैंकों में एक यूनिट खून की कीमत 1450 रुपये तय है। इसके लिए डोनर देना होता है। बिना डोनर खून उपलब्ध कराने के लिए किसी प्रकार की अतिरिक्तवसूली की सख्त मनाही है। मरीज की जरूरत देखकर ब्लड बैंक चाहे तो खून दे सकते हैं। इसके बावजूद अस्पताल में चार यूनिट खून के एवज में 24 हजार रुपये वसूले गए। पीड़ित ने सीएमओ से मामले की शिकायत की। राजधानी में सरकारी और निजी अस्पतालों के आसपास दलाल सक्रिय रहते हैं। केजीएमयू और लोहिया संस्थान के बाहर फुटपाथ पर लगने वाली खाने-पीने और अन्य सामान की दुकानों पर ये हमेशा मौजूद रहते हैं। जैसे ही इन्हें गुलाबी पर्चा लेकर तीमारदार जाता दिखता है, ये पीटे लग जाते हैं। इनका सबसे ज्यादा शिकार अन्य जिलों के लोग होते हैं, क्योंकि उनके पास यहां खून के लिए डोनर उपलब्ध नहीं होते हैं। ऐसे में ये आसानी से इनका शिकार बन जाते हैं। दलाल मरीज और तीमारदार की हैसियत के साथ ब्लड ग्रुप देखकर भी वसूली करते हैं। निगेटिव ब्लड ग्रुप की हमेशा किल्लत रहती है। ऐसे में इसकी कीमत भी सामान्य के मुकाबले ज्यादा होती है। डोनर देने पर यह खून तीन से चार हजार रुपये प्रति यूनिट में तो डोनर न देने पर आठ हजार रुपये तक में दिया जाता है।डिप्टी सीएमओ डा एपी सिंह ने कहा कि निजी अस्पताल में खून के लिए तय कीमत से ज्यादा वसूली की शिकायत मिली है। मामला गंभीर है। इसकी जांच कराई जाएगी। ज्यादा फीस लेने की बात साबित होने पर अस्पताल के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एफएसडीए के सहायक आयुक्त बृजेश कुमार ने कहा कि खून की ज्यादा कीमत वसूले जाने की शिकायत मोबाइल पर मिली है। कोई ब्लड बैंक तय से ज्यादा कीमत वसूलता है तो यह गलत है। मामले की जांच के लिए स्वास्थ्य विभाग से ब्लड बैंक की जानकारी व अन्य दस्तावेज मांगे गए हैं।

## बिहार : दो महिला सिपाहियों ने दिखाई हिम्मत, बैंक लूटने से बचाया

**हाजीपुर (एजेंसी)।** बिहार में एक तरफ जहां रोज लूट, हत्या की खबरें सुनने को मिलती हैं, वही दूसरी ओर वैशाली जिले से सुकून और पुलिस की जांबाजी की खबर भी सामने आई हैं। यहां दो जाबांज महिला कांस्टेबल (सिपाही) ने अपनी हिम्मत और कर्तव्यपरायणता का उदाहरण पेश कर एक बैंक को लूटने से बचा लिया। वैशाली के पुलिस अधीक्षक अब इन दोनो महिला सिपाहियों की जांबाजी से खुश होकर पुरस्त करने की घोषणा की है।

पुलिस के मुताबिक सदर थाना क्षेत्र के सेन्दुआरी चौक स्थित उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक में बुधवार को महिला कांस्टेबल शांति कुमारी और जूही कुमारी अपनी ड्यूटी पर तैनात थी। बैंक में सारे कार्य चल रहे थे। इसी बीच चार बाइक पर सवार होकर चार बदमाश बैंक के बाहर पहुंचे। इनमे से मास्क लगाए दो बदमाश बैंक अंदर जाने लगे।

इस पर सुरक्षा में तैनात सिपाहियों ने मास्क उतारने और पासबुक दिखाने को कहा। सिपाहियों की इस मांग पर बदमाश भड़क गए और पिस्तौल निकालकर तान दिया।महिला सिपाही भी अपनी बहादुरी का परिचय देते हुए उनसे भिड़ गई। बदमाशों ने इन सिपाहियों से हथियार छीनने की भी कोशिश की, जिसमें महिला सिपाहियों को हल्की चोट भी लगी।

दोनों महिला सिपाही जब फायरिंग की पोजिशन में आईं, तो बदमाश भाग खड़े हुए।

## हैदराबाद की बहुमंजिला इमारत में लगी भीषण आग

**हैदराबाद (एजेंसी)।** सिकंदराबाद में गुरुवार को एक बहुमंजिला व्यावसायिक परिसर में भीषण आग लग गई, जो आसपास की दो इमारतों में फैल गई। अग्निशमन कर्मियों ने चार लोगों को बचा लिया, लेकिन दो अन्य के अभी भी अंदर फंसे होने की आशंका है। दमकल की छह गाडियां चार घंटे से अधिक समय से आग बुझाने में लगी हुई हैं।इमारत में धुएं का गुबार छा गया, जिससे बचाव अभियान मुश्किल हो गया। धुएं के कारण दो दमकलकर्मी घायल और उन्हें अस्पताल ले जाया गया।सिकंदराबाद के रामगोपालपेट इलाके के नल्लागुट्टा में पांच मंजिला इमारत डेक्कन स्पोर्ट्स स्टोर और कुछ अन्य दुकानों में आग लग गई।पुलिस और दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर बचाव अभियान शुरू किया। पांच लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।आग अगल-बगल की दो इमारतों में फैल गई, जिससे निवासियों में दहशत फैल गई। प्रशासन एहतियात के तौर पर आसपास के घरों को खाली करा रहा है।गोदाम में आग लगने का कारण शर्ट सर्किट बताया जा रहा है।मौके पर पहुंचे राज्य मंत्री टी. श्रीनिवास यादव बचाव और राहत कार्य की निगरानी कर रहे हैं। मंत्री ने कहा कि आवासीय क्षेत्रों के बीच अवैध गोदामों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी क्योंकि वे लोगों के जीवन के लिए खतरा पैदा कर रहे हैं।

## हमारी लड़ाई फेडरेशन के खिलाफ है न कि सरकार के खिलाफ: ओलंपियन बजरंग पूनिया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जंतर-मंतर पर डब्लूएफआई के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे भारतीय पहलवान व ओलंपियन बजरंग पूनिया ने कहा है कि हमारी लड़ाई फेडरेशन के खिलाफ है न कि सरकार के खिलाफ । उन्होने कहा कि हम चाहते हैं कि फेडरेशन को बंद किया जाए क्योंकि फेडरेशन में वे अपने ही लोगों को बिठाएंगे। अगर इसका समाधान जल्दी नहीं निकला तो हम कानून का भी सहारा लेंगे ।

वही भारतीय पहलवान साक्षी मलिक ने कहा कि मीटिंग में सिर्फ आश्वासन दिया गया है, किसी तरह का ठोस कदम या एक्शन लेने की बात नहीं की गई। हम रेसलिंग फेडरेशन को भंग करवाना चाहते हैं। हर जगह उनके लोग हैं।

### खाने-पीने की चीजों की किल्लत के बीच पाकिस्तान को एक और झटका

# गिलगिट बाल्टिस्तान के भारत में विलय की उठी मांग



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** गिलगिट बाल्टिस्तान में उठी विद्रोह की आवाज पाकिस्तान के लिए चिंता का कारण बन गई है। प्रदर्शनकारी इस क्षेत्र का भारत के साथ एकीकरण (विलय) की मांग कर रहे हैं। इस्लामाबाद ने कभी इस तरह की मांग उठने की कल्पना भी नहीं की होगी। जबकि पाकिस्तान की मुख्यधारा की न्यूज मीडिया ने गिलगिट बाल्टिस्तान में होने वाले इस तरह के प्रदर्शनों की उपेक्षा की है।

प्रदर्शनकारियों ने इंटरनेट मीडिया पर कई वीडियो पोस्ट किए हैं, जिनमें पाकिस्तान सरकार और सेना के विरुद्ध लोगों को नारे लगाते जाते देखा जा सकता है। प्रदर्शनकारी अपने क्षेत्र को कारगिल के साथ जोड़ने की मांग कर रहे हैं, जो भारत के लद्दाख क्षेत्र में आता है। पंजाब को छोड़ पाकिस्तान के करीब-करीब सभी प्रांत पाकिस्तान से अलग होने की इच्छा व्यक्त कर चुके हैं।

हालांकि किसी भी प्रांत ने भारत के साथ विलय की इच्छा नहीं व्यक्त की। लेकिन अब गिलगिट बाल्टिस्तान ने भारत में विलय की मांग की है। इस्लाम खबर की रिपोर्ट के अनुसार, यह पूरे कश्मीर विवाद पर पाकिस्तान के नैरेटिव के लिए घातक साबित हो सकता है। भारत ने अभी तक इस घटनाक्रम पर आधिकारिक रूप से कुछ भी नहीं कहा है।

लेकिन वैश्विक मंचों पर जब पाकिस्तान कश्मीर पर चर्चा का प्रयास करेगा तब भारत इन प्रदर्शनों को उदाहरण के तौर पर रख सकता है। भारत, सामाजिक कार्यकर्ता और मीडिया लगातार इस क्षेत्र में पाकिस्तानी सेना के दमन, संसाधनों के अन्यापूर्ण दोहन, महंगाई और बेरोजगारी समेत अन्य मुद्दों को उठाता रहा है।

## सम्पादकीय

# खेलों में यौन शोषण

देश को मान सम्मान दिलाने वाले पहलवानों की खुद की इज्जत दांव पर लगी हुई है। कुश्ती एसोसिएशन के क्रियाकलापों को लेकर पहलवानों ने सवाल खड़े किए हैं तो वही ऐसा पहली बार हुआ है कि विश्व स्तरीय भारतीय पहलवानों ने भारतीय कुश्ती संघ के खिलाफ सीधे-सीधे मोर्चा खोलते हुए धरना शुरू कर दिया है। जहां एक तरफ देश को सम्मान दिलाने वाले खेलों से जुड़े खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने की बातें की जाती हो तो वही दूसरी तरफ खेल एसोसिएशन के अधिकारियों के शोषण की बातें भी सामने आती हैं। विश्व चौंपियनशिप और तीन बार की कमन वेल्थ गेम्स विजेता विनेश फोगाट ने कुश्ती एसोसिएशन के अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह को सीधे आरोपों में लेते हुए उन पर यौन शोषण का आरोप लगाया है। विश्व स्तरीय भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट के साथ सांसद बृजभूषण के सांसद निवास के निकट नामी पहलवान भी धरने पर बैठे हैं। सांसद एवं भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं जिसने एसोसिएशन के कामकाज करने के तरीके और खिलाड़ियों तथा अधिकारियों के बीच संबंधों को कटघरे में खड़ा किया है। ऐसा नहीं है कि खेलों में प्रशिक्षकों द्वारा खिलाड़ियों का योन एवं शारीरिक शोषण करने का यह कोई पहला मामला हो। इससे पूर्व भी अन्य खेलों में भी महिला खिलाड़ियों ने अपने प्रशिक्षकों पर इस प्रकार के आरोप लगाए हैं। यह अलग बात है कि आरोपों के बावजूद कभी गंभीरता से जांच नहीं की गई जिसस गलत नियत रखने वाले प्रशिक्षकों के हौसले बढ़ते चले गए। पहलवानों ने कुश्ती संघ के प्रशिक्षकों पर गंभीर आरोप लगाए हैं और कहां है कि वर्तमान अध्यक्ष कई वर्षों से महिला पहलवानों का ना केवल यौन शोषण कर रहे हैं बल्कि प्रशिक्षण शिविर भी लखनऊमें ही लगाए जाते हैं ताकि महिला पहलवानों से आसानी से संपर्क हो सके। केंद्र सरकार एवं खेल मंत्रालय को इस दिशा में गंभीरता से कार्रवाई करनी चाहिए साथ ही यह जरूरी है कि कुश्ती संघ में बड़े बदलाव भी हो। हैरानी की बात यह है कि वर्तमान अध्यक्ष बृजभूषण चरण सिंह वर्ष 2011 से भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष बने हुए हैं। ओलंपियन विनेश फोगाट के आरोपों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता और यदि वाकई खेलों में महिला खिलाड़ियों से देश के लिए कुछ करने की उम्मीद की जानी है तो पूर्ण सुरक्षित माहौल मुहैया कराना ही होगा। विश्व स्तरीय खिलाड़ियों द्वारा इस प्रकार के आरोपों को नकारा नहीं जा सकता, यह एक गंभीर मुद्दा है और इस पर कार्रवाई भी बेहद जरूरी है। ना केवल कुश्ती बल्कि ऐसे दूसरे खेल जिनमें महिलाएं अपनी व्यक्तिगत प्रतिभा के बल पर आगे आना चाहती हैं उनका शोषण किया जाना बेहद शर्मनाक है। फिलहाल पहलवानों ने अध्यक्ष को हटाने का मोर्चा खोल दिया है लेकिन देखना यह है कि क्या ऐसे संगीन आरोपों के बावजूद भी केंद्र सरकार या खेल मंत्रालय खिलाड़ियों के हित में निर्णय लेता है या नहीं?

# सामयिक : पाकिस्तान पर तालिबानी खतरा

**तालिबान ने केवल जिहादी आतंकवादी गुटों को शरण देना आरंभ किया बल्कि धीरे-धीरे उनकी सारी नीतियां 2001 तक उनके शासन की स्थिति में लौट रही है। सामान्य तौर पर पाकिस्तान को इससे कोई समस्या नहीं हो सकती थी, क्योंकि वह ऐसा चाहते भी थे। हां, दुनिया के लिए अवश्य चिंता का विषय है। अमेरिका के साथ तालिबान ने दोहा में जो समझौता किया था, उसमें माना था कि अलकायदा जैसे आतंकवादी गुटों को प्रश्रय नहीं देगा। भारत ने उस समय भी अमेरिका और दूसरे देशों को आगाह किया था कि तालिबान पर इस तरह भरोसा न करें। वहां इस समय न केवल अलकायदा की प्रकट मौजूद्गी दिखी है, बल्कि इस्लामी स्टेट के साथ-साथ अनेक आतंकवादी समूह सक्रिय हैं। इनमें टीटीपी भी शामिल है। टीटीपी अफगानिस्तान में प्राप्त प्रश्रय एवं सहयोग के कारण पाकिस्तान में जाकर हमले करता है और वापस आ जाता है।**



**अवधेश कुमार**

हममें से शायद कइयों को यह दूर की कौड़ी लगे, लेकिन अफगानिस्तान की तरह पाकिस्तान में तालिबानों के वर्चस्व का प्रत्यक्ष खतरा दिखने लगा है।

तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान यानी टीटीपी अफगानिस्तान को केंद्र बनाकर सत्ता पर कब्जा करने की जंग टेड़ चुका है। उसने बलूचिस्तान, वजीरिस्तान आदि में अपनी समानांतर सरकारें गठित कर इसकी घोषणा भी कर दी है।

टीटीपी को लेकर अफगानिस्तान की तालिबान सरकार और पाकिस्तान के बीच तनाव काफी बढ़ चुका है। अफगानिस्तान के उप प्रधानमंत्री तालिबानी अहमद यासिर ने ट्विटर पर 1971 में भारतीय सेना के सामने पाकिस्तान के आत्मसमर्पण की ऐतिहासिक तस्वीर साझा करते हुए लिखा है कि पाकिस्तान ने उन पर हमला किया तो उसे ऐसी ही शर्मनाक स्थिति का सामना करना पड़ेगा। दरअसल, पाकिस्तान के गृह मंत्री राणा सनाउल्लाह ने तालिबान को धमकी दिया था कि टीटीपी ने उनके देश पर हमले नहीं रोके तो पाकिस्तानी फौज अफगानिस्तान में घुसकर उन आतंकवादियों के ठिकानों को खत्म करेगी। पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने भी अफगानिस्तान सरकार को कहा कि टीटीपी पर लगाम लगाएं। अगर वह इसमें विफल रहते हैं तो आतंकवादियों के खिलाफ सीधी कार्रवाई की जाएगी। इसकी प्रतिक्रिया में ही राणा सनाउल्ला ने यह ट्वीट किया है।

इस एक उदाहरण से समझा जा सकता है कि पाकिस्तान इस समय टीटीपी के खतरे को लेकर किस स्थिति से गुजर रहा है। दरअसल, जब तालिबान ने अफगानिस्तान पर कब्जा करना शुरू किया तो पाकिस्तान ने हर तरीके से न केवल उसकी मदद की, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इमरान खान और उनके साथियों ने उनका पूरी तरह बचाव किया। उनको लगता था कि तालिबान के शासन स्थापित होने के बाद वे पहले की तरह फिर से एक उपनिवेश की भांति इसका उपयोग करेंगे और भारत जैसे देश के लिए परेशानियां बढ़ेगी। पाकिस्तान ने तालिबान से अपने संबंधों का उपयोग कर चीन के लिए वहां काम करने के आधार भी तैयार किए। किंतु तालिबान ने सत्ता पर आने के साथ धीरे-धीरे स्वतंत्र स्वायत्त व्यवहार करना शुरू किया और इस समय वे सबसे बड़े दुश्मन और सिरदर्द किसी के लिए बने हुए हैं तो वह पाकिस्तान है।

तालिबान ने केवल जिहादी आतंकवादी गुटों को शरण देना आरंभ किया बल्कि धीरे-धीरे उनकी सारी नीतियां 2001 तक उनके शासन की स्थिति में लौट रही है। सामान्य तौर पर पाकिस्तान को इससे कोई समस्या नहीं हो सकती थी, क्योंकि वह ऐसा चाहते भी थे। हां, दुनिया के लिए अवश्य चिंता का विषय है। अमेरिका के साथ तालिबान ने दोहा में जो समझौता किया था, उसमें माना था कि अलकायदा जैसे आतंकवादी गुटों को प्रश्रय नहीं देगा। भारत ने उस समय भी अमेरिका और दूसरे देशों को आगाह किया था कि तालिबान पर इस तरह भरोसा न करें। वहां इस समय न केवल अलकायदा की प्रकट मौजूद्गी दिखी है, बल्कि इस्लामी स्टेट के साथ-साथ अनेक आतंकवादी समूह सक्रिय हैं। इनमें टीटीपी भी शामिल है।

टीटीपी अफगानिस्तान में प्राप्त प्रश्रय एवं सहयोग के कारण पाकिस्तान में जाकर हमले करता है और वापस आ जाता है। टीटीपी पाकिस्तान के फाटा यानी संघ शासित जनजातीय क्षेत्र पर अपना प्रभुत्व कायम कर चुका है और स्वात घाटी कभी भी उसके नियंत्रण में आ सकता है। टीटीपी ने पाकिस्तानी सेना के साथ शांति संधि को पहले से तोडना आरंभ कर दिया था। वास्तव में आज शांति संधि केवल कागजों पर है और टीटीपी से पाकिस्तानी सेना का सीधा युद्ध चल रहा है। तालिबान की सोच और नीति तथा उसके कारण विश्व भर के आतंकवादी समूहों की फिर से वहां सक्रियता पूरे दक्षिण एशिया और भारत के साथ विश्व समुदाय के लिए भी चिंता का कारण बनना चाहिए। टीटीपी ने पूरे दक्षिण एशिया में इस्लामिक शासन लागू करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। यानी टीटीपी भी केवल पाकिस्तान के लिए खतरा नहीं हैय हमारे और आसपास के अन्य देशों के लिए भी यह चिंता का कारण है। लेकिन इस समय वह पाकिस्तान केंद्रित हमले कर रहा है। इसलिए पाकिस्तान के भविष्य को लेकर अनिश्चितता की तस्वीर बन रही है। टीटीपी के नेता पाकिस्तान, वहां की राजनीति, इस्लाम आदि को लेकर जो कुछ बोलते हैं उससे जनता के एक वर्ग का भी उन्हें समर्थन मिल रहा है। वर्तमान शासन को वह इस्लाम विरोधी और पाकिस्तान राष्ट्र के लक्ष्य के विपरीत बताता है। इस तरह टीटीपी का पाकिस्तानी राजनीतिक प्रतिष्ठान या यूं कहें पूरे सप्ताह प्रतिष्ठान के साथ वैचारिक संघर्ष भी चल रहा है। पाकिस्तान इस समय भयानक आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहा है। दूसरी ओर सत्तारूढ़ गठबंधन एवं इमरान खान की पार्टी के अलावा दूसरे कट्टरपंथी राजनीतिक समूहों के बीच भी टकराव चल रहा है। इसमें उसके लिए टीटीपी से निपटना काफी मुश्किल हो गया है। इस समय केवल टीटीपी ही उसका दुश्मन नहीं अफगान का तालिबान भी है। दोनों से वह कैसे निपटे यह बड़ा प्रश्न पाकिस्तानी सत्ता प्रतिष्ठान के साथ खड़ा है। इधर अमेरिका ने पाकिस्तान को फिर से पहले की तरह गोद में लिया है। उसे काफी सैन्य और वित्तीय मदद दे रहा है। राष्ट्रपति बाइडेन के नेतृत्व वाला अमेरिका पाकिस्तान, अफगानिस्तान और दक्षिण एशिया के बारे में क्या सोच रखता है यह आसानी से नहीं समझा जा सकता। क्या बाइडेन भूल गए कि एक समय पाकिस्तान के संरक्षण में पले आतंकवादियों ने ही तालिबान को केंद्र बनाकर अमेरिकी ठिकानों सहित न्यूयर्क और वाशिंगटन तक पर हमला कर दिया था?

वास्तव में पाकिस्तान में एक समय भारत को लहूलुहान करने तथा दुनिया के देशों को दबाव में लाने के लिए जिस आतंकवाद को पाला-पोसा और प्रश्रय दिया वह स्वयं उसके साथ पूरे क्षेत्र के लिए दावानल बनने की और पूरी तरह अग्रसर है। इस्लाम और शरिया के टाइम का अपना नजरिया है। यह सभी स्वयं को इस्लाम के योद्धा मानकर इस्लामी शासन स्थापित करने के मजहबी लक्ष्य संघर्ष कर रहे हैं, जिसमें जान लेना और जान देना भी इस्लाम की सेवा है। इसलिए इन्हें रोकना और खत्म करना आसान नहीं है।

# मनोनीत कोटे की दो सीटें खाली हैं

**केरल से पीटी उषा, कर्नाटक से धर्मस्थल वीरेंद्र हेगड़े, तमिलनाडु से इलैयाराजा और आंध्र प्रदेश से वी विजयेंद्र को मनोनीत किया गया। इनके अलावा पहली बार जम्मू कश्मीर की आरक्षित जनजाति समुदाय से एक व्यक्ति गुलाम अली को राज्यसभा में मनोनीत किया गया। ये पांचों नियुक्तियां सामाजिक व क्षेत्रीय समीकरण को ध्यान में रख कर की गईं। सुब्रह्मण्यम स्वामी जैसे नेता और स्वपन दासगुप्ता जैसे पत्रकार रिटायर हुए लेकिन उनका कोटा किसी नेता या पत्रकार से नहीं भरा गया। बहरहाल, अब दो सीटें खाली हैं और एक अनार सौ बीमार वाली स्थिति है।**

राज्यसभा में मनोनीत कोटे की दो सीटें खाली हैं। मनोनीत कोटे की 12 में से 10 सीटों पर नियुक्ति हो गई है। पिछले साल दक्षिण भारत के चार राज्यों से एक साथ चार लोग मनोनीत हुए थे।

केरल से पीटी उषा, कर्नाटक से धर्मस्थल वीरेंद्र हेगड़े, तमिलनाडु से इलैयाराजा और आंध्र प्रदेश से वी विजयेंद्र को मनोनीत किया गया। इनके अलावा पहली बार जम्मू कश्मीर की आरक्षित जनजाति समुदाय से एक व्यक्ति गुलाम अली को राज्यसभा में मनोनीत किया गया। ये पांचों नियुक्तियां सामाजिक व क्षेत्रीय समीकरण को ध्यान में रख कर की गईं। सुब्रह्मण्यम स्वामी जैसे नेता और स्वपन दासगुप्ता जैसे पत्रकार रिटायर हुए लेकिन उनका कोटा किसी नेता या पत्रकार से नहीं भरा गया।

बहरहाल, अब दो सीटें खाली हैं और एक अनार सौ बीमार वाली स्थिति है। इन दो सीटों के लिए दर्जनों लोगों की दावेदारी है। केंद्र सरकार और भारतीय जनता पार्टी के लिए घोषित या अघोषित रूप से सलाहकार का काम कर रहे कुछ पत्रकार उम्मीद लगाए बैठे हैं कि इस बार उनको मौका मिल सकता है। जिन राज्यों में इस साल चुनाव होने वाले हैं वहां के नेताओं या भाजपा से जुड़े सामाजिक कार्यकर्ताओं की अलग उम्मीद है। दो तीन पूर्व अधिकारी भी उम्मीद लगाए बैठे हैं। इस सत्र से पहले अगर दोनों सीटों पर नियुक्ति नहीं होती है तो मामला मई तक टल सकता है। लेकिन फिर सब वही बात कहते हैं कि प्रधानमंत्री को छोड़ कर किसी को कोई अंदाजा नहीं है कौन मनोनीत होगा और कब होगा।

# ये कारगर उपाय है?



**गोलीबारी अलग-अलग तीन घरों पर की गई थी। पिछले साल घाटी में रहने वाले हिंदू परिवारों पर लगातार हमले होते रहे। दिसंबर में गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने राज्यसभा में बताया था कि 2020 से 2022 के बीच तीन साल में नौ कश्मीरी पंडितों की मौत हुई थी। मरने वालों में कई ऐसे कश्मीरी पंडित थे, जो प्रधानमंत्री विकास पैकेज के तहत घाटी में काम कर रहे 56 कर्मचारियों में शामिल थे। प्रधानमंत्री विकास पैकेज के तहत इन 56 कश्मीरी पंडितों को घाटी में बसाया गया और वहां काम दिया गया। यह भारत सरकार की उन कश्मीरी पंडित परिवारों को वापस लाने की कोशिशों का हिस्सा है, जो 1990 के दशक में आतंकवाद के डर से राज्य छोड़कर चले गए थे। वह डर आज भी कायम है।**

लगभग 26 हजार वीडीजी को फिर से सक्रिय कर दिया है। सीमावर्ती जिलों में स्थानीय लोगों के हाथों में हथियार देने का कदम सरकार के उस दावे को गलत साबित करता है कि इलाके में हालात सामान्य हैं।भारत सरकार कश्मीर में हजारों ग्रामीणों को हथियारबंद करने की योजना पर फिर अमल कर रही है। एक बार इन लोगों को हथियारबंद कर अपने-अपने इलाकों की सुरक्षा का जिम्मा सौंपा गया था। तब ये उपाय कारगर साबित नहीं हुआ। अब हाल में घाटी में सात नागरिकों की हत्या के बाद यह कदम उठाया जा रहा है। इस महीने की शुरुआत में घाटी में सात आम नागरिकों की हत्या कर दी गई। उसके बाद बताया गया कि अधिकारियों ने आम लोगों के एक सुरक्षा नेटवर्क को दोबारा खड़ा करने का फैसला किया है। इसके तहत लगभग 26 हजार ग्रामीणों में विलेज डिदें स गार्ड्स (वीडीजी) को फिर से सक्रिय कर दिया है, जो बीते कुछ सालों में निष्क्रिय हो गया था। इस बार कई लोगों को अटोमेटिक राइफलें भी दी जा रही हैं। ये योजना कितनी कारगर होगी, यह तो बाद में जाहिर होगा। लेकिन सीमावर्ती जिलों में स्थानीय लोगों के हाथों में हथियार देने का कदम सरकार के उस दावे को गलत साबित करता है कि इलाके में हालात सामान्य हैं। यह स्थिति कश्मीर से संबंधित धारा 370 खत्म करने साढ़े तीन साल बाद की है।गौरतलब है कि जम्मू-कश्मीर के राजौरी में उग्रवादियों ने एक जनवरी को हमला किया था। इस घटना में हिंदू समुदाय के चार लोगों की मौत हो गई थी और सात घायल हो गए थे। गोलीबारी अलग-अलग तीन घरों पर की गई थी। पिछले साल घाटी में रहने वाले हिंदू परिवारों पर लगातार हमले होते रहे। दिसंबर में गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने राज्यसभा में बताया था कि 2020 से 2022 के बीच तीन साल में नौ कश्मीरी पंडितों की मौत हुई थी। मरने वालों में कई ऐसे कश्मीरी पंडित थे, जो प्रधानमंत्री विकास पैकेज के तहत घाटी में काम कर रहे 56 कर्मचारियों में शामिल थे। प्रधानमंत्री विकास पैकेज के तहत इन 56 कश्मीरी पंडितों को घाटी में बसाया गया और वहां काम दिया गया। यह भारत सरकार की उन कश्मीरी पंडित परिवारों को वापस लाने की कोशिशों का हिस्सा है, जो 1990 के दशक में आतंकवाद के डर से राज्य छोड़कर चले गए थे। वह डर आज भी कायम है।

# यूट्रस की अच्छी हेल्थ के लिए महिलाएं आहार में शामिल करें ये फूड्स, समस्याएं होंगी दूर

एक महिला के लिए उसके यूट्रस का स्वास्थ्य बहुत जरुरी होता है।महिलाओं में होने वाली बहुत सी समस्याएं यूटरस हेल्थ से जुड़ी होती हैं। यूट्रस में होने वाले इंफेक्शन और केंसर जैसी समस्याओं से बचने के लिए यह जरूरी है कि हम अपने यूट्रस की हेल्थ का ध्यान रखें। कुछ लोग रिप्रोडक्शन प्रक्रिया को रेगुलर करने के लिए मेडिकल सप्लीमेंट्स का सेवन करते हैं। लेकिन इनकी अधिक मात्रा में सेवन करने से इसके साइड इफेक्ट्स हो सकते हैं। इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताएंगे कि आप सिर्फ कुछ फूड्स का सेवन करके भी अपने यूट्रस को हेल्दी रख सकती हैं।

**सूखे मेवे और बीज**

अपने यूट्रस को हेल्दी रखने के लिए आप सूखे मेवे जैसे बादाम, काजू, अखरोट और फ्लैक्सीड का सेवन जरूर करें। यह ओमेगा 3 से भरपूर होता है और गुड कोलेस्ट्रल को बढ़ाता है। यह यूट्रस में होने वाले फाइब्रयड्स और यूटरिन केंसर की समस्या के खतरे को भी कम करने में सहायक है।आप इनका सेवन दूसरी चीजों में मिलाकर भी कर सकते हैं जैसे बेक्ड फूड। बिस्किट, लड्डू, खीर, केक, आदि में इन्हें डालने से स्वाद और सेहत दोनों ही अच्छा होगा।

**नींबू का करें उपयोग** नींबू के अंदर भरपूर मात्रा में विटामिन सी मौजूद होता है जो न केवल शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करने में मददगारहै, बल्कि महिलाओं के गर्भाशय और ओवरी से बैक्टीरिया को दूर भी कर सकता है। यह बैक्टीरिया यूट्रस में इंफेक्शन की समस्या पैदा कर सकते हैं। ऐसे में नींबू के सेवन से खतरनाक इन्फेक्शन को दूर रखा जा सकता है।

**आहार में शामिल करें पत्तेदार सब्जियां** पत्तेदार सब्जियां खाने से हमारे शरीर में अल्कलाइन बैलेंस बना रहता है और मिनरल्स और फलिक एसिड की कमी पूर्ति भी होती है। इसलिए हमें पालक और मेथी जैसे पत्तेदार सब्जियों का सेवन करना चाहिए। यह फाइबर से भी भरपूर होती है।

**फलों का करें सेवन** ताजे फलों में विटामिन सी और फ्लेवनयड प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। यह यूट्रस से जुड़ी समस्याओं के नेचुरल ट्रीटमेंट में काम आते हैं। इससे फाइब्रयड की संख्या बढ़ती है और ओवराइन केंसर का खतरा कम होता है। मंचिंग के लिए आप खाने के बीच बीच में जंग फूड के बजाय इन फलों का सेवन करें। यह आपकी हेल्थ के लिए अच्टे हैं।

**डेयरी प्रोडक्ट्स को करें शामिल** अपनी डाइट में ऐसी चीजों को जोड़ें, जिनमें कैल्शियम और विटामिन दोनों मौजूद हो। उदाहरण के तौर पर आप अपनी डाइट में डेयरी प्रोडक्ट्स को जोड़ सकते हैं जैसे- दही, पनीर, दूध आदि न केवल गर्भाशय के लिए अच्टे हैं बल्कि इससे ओवरी भी स्वस्थ रह सकती है। बता दें कि कैल्शियम के सेवन से हड्डियां मजबूत रहती हैं और विटामिन डी के सेवन सेफाइब्रयड्स को गर्भाशय से दूर रखा जा सकता है।

**ग्रीन टी** ग्रीन टी सेहत के लिए फायदेमंद है। इसमें एन्टीअक्ससिडेंटहोते है जो यूट्रसको हेल्दी रखते है। ग्रीन टी यूट्रेस में फाइब्रएड्सको रोकने में असरदार होता है। इसके लिए महिलाओं को अपनी डाइट में ग्रीन टी को शामिल करना चाहिये।होल ग्रेनहोल ग्रेन फाइबर से भरपूर होते हैं। इनका सेवन करने से हमारा पाचन तंत्र और यूट्रस दोनों ही हेल्दी होते हैं। यह हमारे शरीर में अत्यधिक एस्ट्रोजन को बाहर निकाल देता है।

**कैस्टरअयल का करें प्रयोग** अगर आपको अपना यूट्रसको हेल्दी रखना है तो कैस्टरअयल का प्रयोग करें।डक्टरों का मानना है कि कैस्टर अयल के सेवन से ओवेरियन सिस्ट और यूट्रस में फाइब्रइडसकी समस्या भी दूर होती है। कैस्टर अयल में रेकोनोलिक एसिड होता है जिससे रोग प्रतिरोधक क्षमता बनी रहती है और यूट्रस में इंफेक्शन का शिकार नहीं होता।

# अर्थव्यवस्था : घरेलू बचत बढना जरूरी




**डा. जयंतीलाल भंडारी**

इस समय देश में घरेलू वित्तीय बचत बढ़ाने की जरूरत अनुभव की जा रही है।

एक ताजा रिपोर्ट के मुताबिक 2023 की शुरुआत में दिखाई दे रहा है कि महंगाई और खर्च बढने से भारतीय परिवारों की वित्तीय बचत घटकर करीब 30 साल के निचले स्तर पर आ गई है। वित्त वर्ष 2022-23 की पहली छमाही में घरेलू वित्तीय बचत सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 4 प्रतिशत के बराबर दर्ज की गई है। वित्त वर्ष 2021-22 में 73 प्रतिशत के स्तर पर थी जबकि वर्ष 2020-21 में 12 प्रतिशत की ऊंचाई पर। धनराशि के आंकड़ों के मद्देनजर अप्रैल-सितम्बर, 2022 में घरेलू वित्तीय बचत 52 लाख करोड़ रुपये रह गई जो एक वर्ष पहले की समान छमाही में 172 लाख करोड़ थी।

ऐसे में आगामी तिमाहियों में बचत में तेजी नहीं आती है, तो अर्थव्यवस्था में खपत और निवेश, दोनों प्रभावित होते दिखेंगे। अतएव घरेलू वित्तीय बचत को बढ़ाने के लिए छोटी बचत योजनाओं को ब्याज दर के मद्देनजर आकषर्क बनाया जाना जरूरी है। यद्यपि सरकार ने जनवरी से मार्च, 2023 तिमाही के लिए राष्ट्रीय बचत प्रमाणपत्र (एनएससी), डाकघर सावधि जमा, वरिष्ठ नागरिक बचत योजना सहित छोटी जमा राशि पर ब्याज दरों में बढ़ोतरी की है, किंतु महंगाई और जीवन निर्वहन के बढ़ते खचरे के मद्देनजर छोटी बचत योजनाओं और अधिक आकषर्क बनाना जरूरी है।

गौरतलब है कि जनवरी, 2023 से एनएससी पर 7 फीसदी की ब्याज दर मिलेगी। वर्तमान में यह 68 फीसदी है। वरिष्ठ नागरिक बचत योजना वर्तमान में 7.6 फीसदी के मुकाबले अब 8 फीसदी ब्याज देगी। 1 से 5 साल की अवधि की डाकघर सावधि जमा योजनाओं पर ब्याज दरों में 1.1 फीसदी तक की वृद्धि होगी। मासिक आय योजना में भी 6.7 फीसदी से बढ़कर 7.1 फीसदी ब्याज मिलेगा। ज्ञातव्य है कि इससे पहले 9 सितम्बर को सरकार ने अक्टूबर से दिसम्बर, 2022 की तीसरी तिमाही में किसान विकास पत्र के ब्याज दर को 6.9 फीसदी से बढ़ाकर 7 फीसदी किया था।

उल्लेखनीय है कि कोविड-19 की आर्थिक चुनौतियों से लेकर महंगाई की चुनौतियों के बीच देश में आम आदमी के सामने बड़ी चिंता छोटी बचत योजनाओं पर ब्याज दर कम रहना थी। रूस-यूक्रेन युद्ध जारी रहने, वैश्विक खाद्यान्न उत्पादन में कमी, अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व द्वारा 2023 में मौद्रिक नीति को सख्त बनाए जाने से डलर की तुलना में रुपये की कीमत घटने की चिंता तथा चीन सहित कई देशों में कोहराम मचा रहे कोरोना वायरस के नये वेरिएंट की वजह से 2023 में महंगाई बढने की आशंका के बीच इस वर्ष की शुरुआत में छोटी बचत योजनाओं पर ब्याज दर में वृद्धि छोटे निवेशकों के लिए राहतकारी है। स्पष्ट है कि अभी वैश्विक चुनौतियों के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था गतिशील है, और कारोबार से कर्ज की मांग तेजी से बढ़ रही है और बैंकों में कर्ज के मुकाबले जमा की रफ्तार धीमी है। रिजर्व बैंक के हालिया आंकड़ों से पता चलता है कि बैंकों की ।ण वृद्धि दर जमा वृद्धि दर की तुलना में डेढ़ गुना से भी अधिक है। ऐसे में तमाम बैंकों में बढ़ते ।णों की जरूरत के मद्देनजर जमा धन राशि बढ़ाने के लिए सावधि जमा पर ब्याज दरों में वृद्धि की होड़ लग गई है। वस्तुतः देश में बचत की प्रवृत्ति के लाभ आमजन के साथ ही समाज व अर्थव्यवस्था के लिए भी हैं। बचत की जरूरत इसलिए भी है क्योंकि हमारे यहां विकसित देशों की तरह सामाजिक सुरक्षा का उपयुक्त ताना-बाना नहीं है। यद्यपि छोटी बचत योजनाओं में ब्याज दर की कमाई का आकषर्ण घटने से 2012-13 के बाद सकल घरेलू बचत दर (ग्रास डोमेस्टिक सेविंग रेट) घटती गई है। लेकिन अभी भी छोटी बचत योजनाएं अपनी विशेषताओं के कारण आमजन के विश्वास और निवेश का माध्यम बनी हुई हैं।

गौरतलब है कि 2008 की वैश्विक मंदी का भारत पर कम असर होने का एक कारण भारतीयों की संतोषप्रद घरेलू बचत की स्थिति को भी माना गया था। कोविड-19 से जंग में भारतीयों की घरेलू बचत विसनीय हथियार के रूप में दिखी। नेशनल सेविंग्स इंस्टीट्यूट (एनएस-।आई) द्वारा भारत में निवेश की प्रवृत्ति से संबंधित रिपोर्ट में कहा गया है कि लोगों के लिए छोटी बचत योजनाएं लाभप्रद हैं। उम्मीद करें कि घरेलू वित्तीय बचत बढ़ाने की जरूरत के मद्देनजर वित्त मंत्रालय द्वारा तत्परतापूर्वक छोटी बचत की ब्याज दरों में बदलाव के लिए एक और उपयुक्त समीक्षा करके इस बार ब्याज दर बढने से वंचित रहे पीपीएफ और सुकन्या समृद्धि योजना की ब्याज दरों में उपयुक्त वृद्धि की जाएगी। करीब पांच करोड़ कर्मचारियों से संबंधित ईपीएफ पर वर्तमान में दी जा रही और चार दशक की सबसे कम 8.1 फीसदी ब्याज दर में भी वृद्धि की जाएगी। इससे महंगाई की निराशाओं एवं मुश्किलों के बीच छोटी बचत करने वाले करोड़ों लोगों के चेहरों पर मुस्कुराहट बढ़ते हुए दिखाई दे सकेगी। बचत की प्रवृत्ति बढने से छोटी बचत योजनाओं के बढ़े हुए कोष से अर्थव्यवस्था के लिए निवेश भी बढ़ाया जा सकेगा।

# लेजर हेयर रिमूवल ट्रीटमेंट क्या है? जानिए इससे जुड़े फायदे और नुकसान

शरीर से अनचाहे बालों को हटाने के लिए शेविंग, वैक्सिंग, थ्रेडिंग जैसे पारंपरिक तरीके अपनाए जाते हैं, लेकिन इनमें अधिक समय और मेहनत लगने के कारण अब पेशेवर लोग लेजर हेयर रिमूवल ट्रीटमेंट पर फोकस करने लगे हैं। इसमें इस्तेमाल होने वाली लेजर बीम भाप के जरिए सीधे रोमछिद्रों से बाल साफ करती है। आइए जानते हैं कि यह ट्रीटमेंट कितना प्रभावी है।

लेजर हेयर रिमूवल ट्रीटमेंट सुरक्षित और प्रभावी है। यह अनचाहे बालों को बढने से रोकने में मदद कर सकता है। इसमें वैक्सिंग की तुलना में दर्द भी नहीं होता है। हालांकि, इसके लिए आपको कई सेशन लेने पड़ सकते हैं। अगर आप यह ट्रीटमेंट लेना चाहते हैं तो पहले किसी त्वचा रोग विशेषज्ञ सलाह जरूर लें। इसका कारण है कि यह हर किसी को सूट नहीं करता है।

इस ट्रीटमेंट के बाद मामूली दुष्प्रभाव सामने आ सकते हैं। इनमें त्वचा का लाल होना और जलन होना आम है। अगर दुष्प्रभाव गंभीर हों तो तत्काल त्वचा विशेषज्ञ से संपर्क करना चाहिए।

# मुख्यमंत्री एनटीपीसी टनल में हो रही ब्लास्टिंग को रुकवाएं : महाराज

## अधिकारी अनावश्यक कमरे न घेरे, जिनको आवश्यकता है वही रुकें



जयन्त प्रतिनिधि। जोशीमठ : प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने जोशीमठ पहुंचकर मकानों और होटलों में आयी दरारों व भू-धंसाव का स्थलीय निरिक्षण किया। महाराज ने जहां एक ओर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए प्रभावितों को हर संभव मदद दिये जाने की बात कही वहीं उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से दूरभाष पर वार्ता कर एनटीपीसी टनल में चल रही ब्लास्टिंग को पूरी तरह से रुकवाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि जोशीमठ को छोड़कर उत्तराखंड में सभी स्थान सुरक्षित हैं। सरकार औली में होने वाले विंटर गेम्स् को संपन्न कराने का भी प्रयास करेगी प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने गुरुवार को जोशीमठ पहुंचकर मकानों और होटलों में आयी दरारों व भू-धसाव का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान स्थानीय लोगों ने उन्हें बताया कि एनटीपीसी टनल में अभी भी लगातार ब्लास्टिंग चल रही है। महाराज ने मामले का संज्ञान लेते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से दूरभाष पर वार्ता कर एनटीपीसी टनल में चल रही ब्लास्टिंग को पूरी तरह से रुकवाने के लिए कहा। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने हर प्रकार की ब्लास्टिंग रुकवाने के निर्देश दे दिए हैं। कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने जोशीमठ स्थित सिंहधार, नरसिंह मंदिर, गांधीनगर, जेपी कॉलोनी (मारवाड़ी) आदि स्थानों में भू-धंसाव की जद में आए मकानों और भवनों के निरीक्षण करने के साथ-साथ नगर पालिका और गुरुद्वारे में चल रहे राहत शिविरों की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। उन्होंने आपदा से प्रभावित एक परिवार के कई-कई लोगों के एक ही कमरे में रहने को लेकर कहा कि जिन अधिकारियों की वहां पर जरूरत है, केवल वही जोशीमठ में रुकें ताकि भू-धंसाव से प्रभावित ऐसे परिवारों को कमरे मिल सकें। श्री महाराज ने कहा कि सरकार द्वारा 50-50 हजार रुपये की तत्काल सहायता दी गई है। क्षति का आंकलन करने के बाद सरकार पूरी मदद करेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में इस आपदा से निपटने का सरकार हर संभव प्रयास कर रही हैं। कहा कि आपदा का सरकार पूरा विश्लेषण कर रही है। एक और जहां राज्य सरकार पूरी मुस्तैदी के साथ काम कर रही है वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने भी पूरा विश्वास दिलाया है कि वह प्रभावित लोगों की हर संभव सहायता करेंगे। इस दौरान पूर्व मंत्री मोहन सिंह रावत गांववासी, ऋषि प्रसाद सती, कुलदीप वर्मा, गजेन्द्र रावत, दर्शन सिंह दानू, मनोज भण्डारी, वीरेन्द्र असवाल, महावीर रावत और पंकज डिमरी आदि मौजूद थे।



## रतन सिंह के मंडलाध्यक्ष बनने से कार्यकर्ताओं में उत्साह

नई टिहरी : गजा मंडल के मंडलध्यक्ष बनाने पर रतन सिंह रावत का कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं और मिष्ठान वितरण कर स्वागत किया। भाजपा मंडलध्यक्षों की घोषणा के बाद नव नियुक्त गजा मंडलध्यक्ष रतन सिंह रावत गजा पहुंचे। उन्होंने कहा कि प्रदेश संगठन की ओर से उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है उसका वह ईमादारी से पालन करेंगे, और पार्टी की रीति नीति को आगे बढ़ाने के साथ प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर जनजन तक पहुंचाने का काम करेंगे। नव नियुक्त मंडलध्यक्ष ने प्रदेश और जिला स्तरीय पदाधिकारियों का आभार जताया। मौके पर गजा नगर पंचायत अध्यक्ष मीना खाती, जिला मंत्री गजेन्द्र खाती, अरविंद उनियाल, राजेन्द्र खाती, वीर सिंह असवाल, चतर सिंह रावत, सुरेन्द्र नेगी आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

## जोशीमठ की तबाही के लिए एनटीपीसी को जिम्मेदार ठहराया

चमोली : भाकपा माले ने केंद्र सरकार से मांग करते हुए कहा भू धंसाव से संकटग्रस्त जोशीमठ के राहत–पुनर्वास–स्थिरीकरण के काम को अपने हाथ में ले कर त्वरित गति से कार्यवाही की जाए। भाकपा माले ने राज्य व्यापी धरने के तहत प्रधानमंत्री को भेजे ज्ञापन में जोशीमठ की वर्तमान तबाही के लिए एनटीपीसी को जिम्मेदार बताते हुए कहा कि एनटीपीसी द्वारा बनाई जा रही तपोवन–विष्णुगाड़ परियोजना को तत्काल स्थायी रूप से बंद किया जाए। साथ ही जोशीमठ का अस्तित्व संकट में डालने के लिए एनटीपीसी पर इस परियोजना की लागत का दो गुना जुर्माना लगाया जाए। लगभग बीस हजार करोड़ की इस राशि को परियोजना के कारण उजड़ने वाले लोगों में वितरित किया जाए। भाकपा माले के गढ़वाल सचिव इंद्रेश मैखुरी, राज्य कमेटी सदस्य अतुल सती ने बताया प्रधानमंत्री से मांग की गई है कि केंद्र सरकार जोशीमठ के लोगों को घर के बदले घर व जमीन के बदले जमीन देते हुए नए व अत्याधुनिक जोशीमठ के समयबद्ध नव निर्माण के लिये एक उच्च स्तरीय उच्च अधिकार प्राप्त समिति गठित करे। जिसमें जोशीमठ बचाओ संघर्ष समिति और स्थानीय जन प्रतिनिधियों को भी शामिल किया जाए। केंद्रीय रक्षा मंत्रालय द्वारा सेना के लिए 1962 में जोशीमठ के लोगों की जमीनें अधिगृहित जमीनों का मुआवजा मुआवजा वर्तमान बाजार दर पर दिया जाए।

## भाजपा ने मंडल अध्यक्ष घोषित किए

चमोली : भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट की सहमति के बाद चमोली के जिला अध्यक्ष रमेश मैखुरी ने जिले के मंडल अध्यक्षों की सूची जारी की है। भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश मैखुरी ने बताया जोशीमठ ग्रामीण मंडल अध्यक्ष संदीप नौटियाल बनाये गये हैं। जबकि जोशीमठ नगर मंडल अध्यक्ष नितीश चौहान, पीपल कोटी मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र फर्स्वाण, दशोली मंडल अध्यक्ष बल्लभ थपलियाल, गोपेश्वर मंडल अध्यक्ष महेन्द्र राणा, पोखरी नगर मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र राणा, पोखरी ग्रामीण मंडल अध्यक्ष ललित मिश्राकर्णप्रयाग ग्रामीण मंडल अध्यक्ष विक्रम मिंगवाल, कर्णप्रयाग नगर मंडल अध्यक्ष सुभाष चमोली और गौचर मंडल अध्यक्ष दिनेश डिमरी बनाये गए हैं। (एजेंसी)

## हार-जीत खेल का हिस्सा, युवा खेलों पर विशेष ध्यान दें : अपर्णा



जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : जिला प्रशासन के मार्गदर्शन एवं खेल विभाग के तत्वाधान में अगस्त्यमुनि के क्रीड़ा मैदान में चार दिवसीय पुरुष ओपन वर्ग में राज्य स्तरीय बालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 12 जिलों की टीमों द्वारा प्रतिभाग किया गया। फाइनल मुकाबला जनपद टिहरी एवं चंपावत की टीमों के बीच खेला गया जिसमें टिहरी गढ़वाल ने चंपावत को 3-0 से शिकस्त देते हुए ट्राफी अपने नाम की। बालीबॉल प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी सदर अपर्णा ढौंडियाल ने शिरकत करते हुए विजेता व उप विजेता टीमों को ट्राफी प्रदान की। उन्होंने कहा कि सभी खिलाडियों ने उत्साह एवं खेल भावना से प्रतियोगिता में हिस्सा लिया जिसके लिए सभी बधाई के पात्र हैं। कहा कि हार-जीत खेल का हिस्सा है तथा उप विजेता खिलाड़ियों को इसमें मायूस होने की जरूरत नहीं है। सभी ने अनुशासित होकर अपनी खेल भावना का परिचय दिया है। आगे भी अपने खेलों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है तथा सभी खिलाड़ियों को अपना शत–प्रतिशत प्रदर्शन करते हुए उन्हें विजय अवश्य हासिल होगी। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा खेलों को प्रोत्साहित करने के लिए हर संभव प्रयासरत है। इस अवसर पर कबड्डी संघ के जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह रौथाण ने प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों की सराहना करते हुए कहा कि खिलाड़ियों ने पूरी खेल भावना के साथ खेलते हुए अनुशासन का परिचय दिया जिसके लिए वह बधाई के पात्र हैं। उन्होंने सभी खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर जिला क्रीड़ा अधिकारी महेशी आर्य ने कहा कि जिलाधिकारी के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन एवं खेल विभाग के तत्वाधान में चार दिवसीय राज्य स्तरीय बालीबाल पुरुष वर्ग ओपन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ 16 जनवरी को अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती अमरदेई शाह द्वारा किया गया जिसमें 12 जनपदों की टीमों द्वारा इसमें प्रतिभाग किया गया। प्रतियोतिगता का फाइनल मैच जनपद टिहरी एवं चंपावत की टीमों के बीच खेला गया जिसमें टिहरी गढ़वाल की टीम विजेता रही। कार्यक्रम का सफल संचालन किशन सिंह रावत द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार, जिला सूचना अधिकारी रती लाल शाह, उत्तराखंड बालीबाल संघ के सचिव हेम पुजारी, टिहरी टीम के कोच वरुण गैरोला, चंपावत के कोच हेम पाठक, व्यायाम शिक्षक विपिन रावत, मनमोहन भट्ट, ईश्वर चंद्र अवस्थी, महेंद्र कंडारी, नागेंद्र कंडारी, भगत गुसांई, व्यापार संघ अगस्त्यमुनि के अध्यक्ष नवीन बिष्ट, हर्षवर्धन सिंह बिष्ट, एथलेटिक कोच मनोज चैहान, वरिष्ठ सहायक खेल विभाग टीएस राणा सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

### प्रभावितों के साथ समान व्यवहार किया जाय

चमोली : भारत संवैधानिक अधिकार संरक्षण मंच ने कहा कि जोशीमठ भू धंसाव में प्रभावित सभी लोगों के साथ बराबरी का व्यवहार किया जाय। मंच ने जिलाधिकारी हिमांशु खुराना के माध्यम से प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में उन्होंने कहा कि सभी के साथ समान व्यवहार किया जाए अन्यथा भारत संवैधानिक अधिकार संरक्षण मंच अनिश्चितकालीन धरना देगा। भारत संवैधानिक अधिकार संरक्षण मंच के राष्ट्रीय संयोजक दौलत कुंवर ने कहा कि सरक्षण मंच ने अपनी पड़ताल में पाया कि जोशीमठ नगर में भू धंसाव से लगभग 1200 परिवार रूप से प्रभावित हुए हैं। (एजेंसी)

### भाजपा ने 25 मंडल अध्यक्षों की सूची जारी की

नई टिहरी : जनपद टिहरी गढ़वाल में भाजपा ने 25 मंडलों के अध्यक्ष नियुक्त कर दिये हैं। यह जानकारी देते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश नौटियाल ने बताया कि बुढ़ाकेदार में चंद्रेश नाथ, बालगंगा में कविता तिवारी, भिलंगना में हयात तिवारी, हुलाणाखाल में दिनेश गुसांई, देवप्रयाग ग्रामीण में प्रमोद चंद, देव प्रयाग नगर में शशि ध्यानी, कीर्तिनगर ग्रामीण में विकास मेहरा, कीर्तिनगर में प्रमेंद्र पंवार, गजा में रतन सिंह रावत, नरेंद्रनगर में सिद्धार्थ नेगी, मुनिकीरेती ढालवाला में राकेश भट्ट, नरेंद्रनगर ग्रामीण में रविंद्र भंडारी, डोबरी भरपूर में हर्षपाल कोली, सेम मुखेम में राजपाल सिंह राणा, प्रताप नगर में त्रिलोक सिंह रावत, कांडीखाल में ऋषिराम भट्ट, रजाखेत में रमेश रतूड़ी, नई टिहरी में गोपी राम चमोली, चंबा नगर में संदीप रावत, चंबा ग्रामीण में सुशील बहुगुणा, जाखणीधार में हर्षमणी सेमवाल, नैनबाग में करण कंडारी, जौनपूर में पृथ्वी सिंह रावत, सकलाना में जय सिंह और थौलधार में रामचंद्र खण्डुड़ी को मंडल अध्यक्ष बनाया गया है। (एजेंसी)

### मेधावियों की माताओं को पुरस्कृत किया

ऋषिकेश। राजकीय इंटर कॉलेज आईडीपीएल वीरभद्र के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा में 75 प्रतिशत अंक लाने वाले मेधावियों की माताओं को स्व. कमला नेहरू पुरस्कार से सम्मानित किया। इसके तहत प्रत्येक को एक–एक हजार रुपये का चेक वितरित किया गया। गुरुवार को इंटर कॉलेज के सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में क्षेत्रीय पार्षद विपिन पंत और एम्स चिकित्सक निसर्गन अरविंदन ने मेधावी विद्यार्थियों की माताओं को सम्मानित किया। हाई स्कूल में आर्यन की माता शुभलेश, इंटर में रीतिका की माता बबली, संतोष की माता मोहिनी, निशांत की माता सपना और शिवानी की माता दुर्गा को एक–एक हजार रुपये के चेक वितरित किए गए।

प्रधानाचार्य राजीव लोचन सिंह ने कहा कि पुरस्कार पाने वाले कॉलेज के पांच छात्र– छात्राओं ने शहर और कॉलेज का गौरव बढ़ाया है।

## राज्यपाल ने किया राजभवन में आयोजित "टेडेक्स मसूरी" कार्यक्रम में प्रतिभाग



देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने आज राजभवन में आयोजित टेडेक्स मसूरी कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। द फ्यूचर इज हेयर की थीम पर आधारित इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ वक्ताओं ने अपना संबोधन दिया। इस कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विद्यार्थियां में परीक्षा के दौरान तनाव को कम करने के लिए लिखित पुस्तक एग्जाम वॉरियर्स का भी विमोचन किया।

इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि इस कार्यक्रम की थीम युवाओं पर केंद्रित की गई है जो हमारे देश व आने वाले समय का भविष्य हैं। उन्होंने कहा कि बदलाव के इस दौर में युवाओं को अपनी नेतृत्व क्षमता को दिखाते हुए समाज और राष्ट्र के विकास के लिए आगे आना होगा। अमृतकाल के इस दौर में युवाओं को अपना रोल समझना होगा।

राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड में सभी क्षेत्रों में असीमित संभावनाएं हैं हमें उन संभावनाओं को बेहतर अवसरों में परिवर्तित करना होगा।

राज्यपाल ने कहा कि भारत अपनी युवा शक्ति, महिला शक्ति और टेक्नोलॉजी के बल पर परिवर्तन की ओर बढ़ रहा है, जो उसे विकसित राष्ट्र और विश्व गुरू बनाने में अहम साबित होगा। भारत का महिला सशक्तिकरण से महिला नेतृत्व की ओर बढ़ना भी सकारात्मक परिवर्तन है। उन्होंने कहा कि आने वाले 25 साल युवाओं और भारत दोनों के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं।

## बेकाबू ट्रक की चपेट में आकर एक कार व छह बाइकें क्षतिग्रस्त

ऋषिकेश। हरिद्वार–ऋषिकेश नेशनल हाईवे पर नेपालीफार्म के पास एक तेज रफ्तार बेकाबू ट्रक की चपेट में आकर छह बाइकें क्षतिग्रस्त हो गई। इस दौरान ट्रक ने एक कार को भी चपेट में ले लिया। हादसे में एक युवक को भी हल्की चोटें आई हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेते हुए चालक को हिरासत में ले लिया है। मामले में पुलिस ने नीलकंठ शोरूम संचालक की शिकायत पर चालक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा भी दर्ज कर लिया है।रायवाला पुलिस के मुताबिक गुरुवार दोपहर ऋषिकेश की ओर से आ रहा एक ट्रक अचानक नेपालीफार्म के नजदीक बेकाबू हो गया।

## ऋषिकेश—कर्णप्रयाग रेल परियोजना पूरी तरह सुरक्षित

ऋषिकेश। नरेंद्रनगर विकास खंड के अटाली गांव और जोशीमठ में भूधंसाव की घटनाओं के बीच रेलवे विकास निगम लिमिटेड के मुख्य परियोजना प्रबंधक अजीत सिंह यादव ने दावा किया है कि ऋषिकेश–कर्णप्रयाग रेल परियोजना पूरी तरह से सुरक्षित है। प्राकृतिक आपदा से कोई खतरा नहीं है। रेल परियोजना को आरवीएनएल निर्धारित समय पर पूरा करेगा। गुरुवार को हरिद्वार बाईपास मार्ग पर स्थित आरवीएनएल कार्यालय में पत्रकारवार्ता में मुख्य परियोजना प्रबंधक अजीत सिंह यादव ने बताया कि ऋषिकेश–कर्णप्रयाग रेल परियोजना के तहत शिवपुरी से कर्णप्रयाग तक बनने वाली 41 सुरंगे भूकंपरोधी बनाई जा रही हैं। विदेशी सुरंग विशेषज्ञ और निगम की टीम लगातार निगरानी कर रही है। लिहाजा 100 साल तक परियोजना के कार्य अपनी अवस्था में बने रहेंगे। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि अटाली गांव और जोशीमठ की घटना से ऋषिकेश–कर्णप्रयाग रेल परियोजना पर कोई असर नहीं पड़ने वाला। अत्याधुनिक मशीनों से परियोजना का निर्माण कार्य चल रहा है, इसमें बारीक से बारीक खामियां भी सामने आ जाती हैं। यही नहीं डिजाइन टीम और तकनीकी विशेषज्ञ प्रत्येक पहलु की जांच करते हैं। लिहाजा परियोजना को खतरा नहीं है। मौके पर प्रोजेक्ट मैनेजर ओपी मालगुडी आदि अधिकारी मौजूद रहे।

गंगोत्री–यमुनोत्री सर्किट का

## शैक्षणिक उपलब्धियों के साथ महिला सशक्तिकरण पर रहा फोकस

देहरादून। दून विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर डॉक्टर सुरेखा डंगवाल का दो साल का कार्यकाल विवि को अकादमिक श्रेष्ठता की ऊंचाइयों पर ले जाने के साथ ही महिला सशक्तिकरण के लिए समर्पित रहा। इस दौरान उन्होनें कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए।

गुरुवार को उन्होंने विवि में अपने दो साल सफलता से पूरे कर लिए। विवि के स्कूल आफ मैनेजमेंट के एचओडी प्रो. एचसी पुरोहित ने बताया कि उनके कार्यकाल में विवि में उत्कृष्ट शिक्षण, गुणवत्ता युक्त शोध कार्यों को संचालित करवाने के साथ– साथ विद्यार्थियों को सामाजिक दायित्व का बोध कराने के उद्देश्य से कई कार्यक्रम पिछले दो वर्षो में संचालित किए गए। राज्य की लोक कला संस्कृति के संवर्धन व संरक्षण के लिए विश्वविद्यालय में स्नातकोत्तर स्तर पर थिएटर व लोक कला परफार्मिंग आर्ट पाठ्यक्रम प्रारंभ किया गया। हिमालय का संरक्षण व नागरिक की समस्याओं के अध्ययन के लिए डॉक्टर नित्यानंद हिमालय अध्ययन व शोध केंद्र सुचारू रूप से प्रारंभ कराया। महिला वैज्ञानिकों के लिए दो दिवसीय साइंस टेक्नोलॉजी इंजीनियरिंग मैथमेटिक्स (स्टेम) के तहत अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन भी कराया। महिला सशक्तिकरण के लए संवर्धनी न्यास नई दिल्ली तथा एसएनडीटी महिला विश्वविद्यालय मुंबई के साथ मिलकर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी पिछले वर्ष नवंबर माह में आयोजित कराई गई। जी– 20 की अध्यक्षता को लेकिर 'यूनिवर्सिटी कनेक्ट' कार्यक्रम के तहत राज्य से केवल दून विवि का चयन हुआ। पहली बार विवि के दीक्षां समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भाग लिया और मातृभूमि के विकास, मातृभाषा के उन्नयन के साथ मातृशक्ति के सम्मान के भाव नई पीढ़ी में जागृत करने का आह्वान किया ।

## किराये पर कमरा लेने का झांसा देकर ठगे 95 हजार

देहरादून। साइबर ठग ने किराये पर कमरा लेने का झांसा देकर नत्थनपुर निवासी व्यक्ति को 95 हजार रुपये का चूना लगा दिया। इंस्पेक्टर नेहरू कॉलोनी लोकेंद्र बहुगुणा ने बताया कि केआर वेलवाल निवासी शांतिकुंज, नत्थनपुर ने तहरीर दी। कहा कि उन्होंने अपने घर में कमरा किराये पर देने की पोस्ट डाली थी।

उनके पास बबलू कुमार नाम के व्यक्ति का फोन आया। उसने खुद को सीआईएसएफ कर्मचारी बताया। कहा कि उसकी पोस्टिंग जोलीग्रांट एयरपोर्ट पर हुई है। कमरा लेने की डील करते हुए ऑनलाइन किराया भेजने का झांसा देकर पीड़ति से ई वॉलेट की जानकारी ली। इसके बाद दो अलग–अलग ट्रांजेक्शन में उनके बैंक खाते से 95 हजार रुपये ट्रांसफर कर लिए गए।

## डीएम ने परेड ग्राउण्ड का स्थलीय निरीक्षण कर लिया गणतंत्र दिवस की तैयारियों का जायजा



देहरादून। जिलाधिकारी सोनिका ने आज परेड ग्राउण्ड का स्थलीय निरीक्षण करते हुए गणतंत्र दिवस की तैयारियों का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने स्मार्ट सिटी लि0 एवं कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों का निर्देशित किया कि परेडग्राउण्ड में संचालित सभी निर्माण कार्यों को युद्धस्तर पर पूर्ण करें, ताकि गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम निर्बाद रूप से संपादित हो सके। उन्होंने लोनिवि के अधिकारियों को मंच, टैंट, बैरिकेटिंग, बैठने की व्यवस्था आदि के साथ ही विद्युत विभाग को निर्बाद विद्युत व्यवस्था, पेयजल निगम पेयजल आदि व्यवस्थाएं बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर निगम को शहर तथा आयोजन स्थल परेड ग्राउण्ड पर सफाई व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर मुख्य नगर अधिकारी नगर निगम जगदीश लाल, मुख्य व्यैक्तिक सहायक वीरेन्द्र सिंह सहित स्मार्ट सिटी लि0, के सीजीएम जगमोहन चैहान, गिरीश पुण्डीर, लोनिवि एवं नगर निगम के अधिकारी उपस्थित रहे।

## मंत्री अग्रवाल ने किया नवनियुक्त मंडलाध्यक्षों का स्वागत




ऋषिकेश। शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने भाजपा के ऋषिकेश जिले के नवनियुक्त मंडलाध्यक्षों का स्वागत किया। उन्होंने मंडलाध्यक्षों को पार्टी का निष्ठावान कार्यकर्ता बताते हुए आगामी लोकसभा चुनाव के लिए एकजुट होने का आह्वान किया। साथ ही पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा का कार्यकाल बढ़ाने पर हर्ष जताया। गुरुवार को बैराज रोड स्थित कैंप कार्यालय में मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष ऋषिकेश सुमित पंवार, मंडल अध्यक्ष वीरभद्र सुरेंद्र कुमार, मंडल अध्यक्ष श्यामपुर दिनेश पयाल, मंडल अध्यक्ष डोईवाला नरेंद्र सिंह नेगी, मंडल अध्यक्ष रानीपोखरी अरुण शर्मा, मंडल अध्यक्ष माजरीग्रांट प्रताप बस्सी, मंडल अध्यक्ष बालावाला प्रशांत खरोला का स्वागत किया। इस दौरान मंत्री अग्रवाल ने कहा कि भाजपा सबसे बड़ी पार्टी है। पार्टी के डिजिटलाइजेशन के बारे में बताते हुए मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष से लेकर बूथ स्तर तक के तीन करोड़ से अधिक पदाधिकारी महज एक क्लिक की दूरी पर हैं। कहा कि पार्टी के भीतर संवाद और संदेश का यह बड़ा माध्यम बन गया है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आज प्रदेश में हर एक जगह पर चौपाल लगाकर लोगों की समस्याएं सुन रहे हैं।

## कार्डियोलाजिस्ट डा. तनुज को मिला इंडियन अचीवर्स अवार्ड

देहरादून। श्री महंत इंदिरेश अस्पताल के वरिष्ठ ह्दय रोग विशेषज्ञ डा. तनुज भाटिया को दिल्ली में इंडियन अचीवर्स अवार्ड से सम्मानित किया गया है। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित सम्मान समारोह में देश भर से चुने गए 31 लोगों वह सम्मानित हुए। श्री महंत इंदिरेश अस्पताल के चेयरमैन श्रीमहंत देवेंद्र दास ने डा. तनुज भाटिया को सम्मान मिलने पर शुभकामनाएं दीं।

## देहरादून की सड़कों पर चिह्नित हैं 49 ब्लैक स्पॉट

देहरादून। देहरादून जिले की सड़कों पर 19 स्थान अभी भी खतरनाक हैं, जो ब्लैक स्पॉट के रूप में चिह्नित हैं, इन्हें ठीक किया जाना था, लेकिन अभी तक सुधारीकरण के काम नहीं हो पाए। इनको सुधारने के लिए दीर्घकालीन योजना बनाई गई है। हाईवे के 500 मीटर के उस हिस्से को जिसमें तीन साल में पांच सड़क हादसे या दस लोगों की मौत हुई हो, उसे ब्लैक स्पॉट कहा जाता है। जिले की सड़कों पर कुल 49 ब्लैक स्पॉट चिह्नित हैं। इसमें 30 ब्लैक स्पॉट पर सुधारीकरण के काम हो चुके हैं, लेकिन बाकी बचे 19 के सुधारीकरण के लिए दीर्घकालिक योजना बनाई गई है। इसमें सड़कों का चौड़ीकरण समेत अन्य बड़े काम होने हैं। आरटीओ (प्रवर्तन) शैलेश तिवारी ने बताया कि ब्लैक स्पॉट पर शॉट और लॉग टर्म सुधारीकरण कार्य होते हैं। शॉर्ट टर्म कार्य ज्यादातर पर हो चुके हैं। लॉग टर्म के लिए योजना बनाई, जिस पर कार्यवाही चल रही है।

# क्या होता है जब गेंद की स्पीड 150 किमी. हो जाती है, शोएब अख्तर ने किया खुलासा




नई दिल्ली, पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर शोएब अख्तर अपनी तेज गेंदबाजी के लिए जाने जाते हैं। शोएब अख्तर ने अपने करियर में 161 किलोमीटर प्रतिघंटे की स्पीड से गेंदबाजी की है, इस रिकॉर्ड को अभी तक कोई तोड़ नहीं पाया है। शोएब अख्तर को "रावलपिंडी एक्सप्रेस" के रूप में भी जाना जाता है। उनका उदाहरण क्रिकेट जगत में उभरते तेज गेंदबाजों को दिया जाता है जो तेज गेंदबाजी की कला सीखना चाहते हैं। टीम इंडिया में उमरान मलिक के उभरने के साथ, भारत में भी अतिरिक्त तेज गेंदबाजों पर ध्यान तेजी से बढ़ा है।

शोएब अख्तर का ने ट्विटर पर एक वीडियो पोस्ट किया है। इसमें वह अपनी तेज यॉर्कर गेंद से बल्लेबाजों को बोल्ड करते हुए दिखाई दे रहे हैं। इसके बाद वीडियो के दूसरे हिस्से में अख्तर एक बॉलिंग मशीन के साथ दिखाई देते हैं। इसमें वह बताते हैं कि 100 मील प्रति घंटे (160 किमी प्रति घंटे) की गेंद का सामना करते हुए कैसा लगता है, इसकी जानकारी दे रहे हैं।

**ब्रेट ली और अख्तर में होती प्रतिस्पर्धा**

बता दें कि एक समय ऑस्ट्रेलिया के ब्रेट ली और अख्तर के बीच तेज गेंदबाजी करने के लिए बड़ी प्रतिस्पर्धा दिखाई देती थी। ब्रेट ली ने करियर की सबसे तेज गेंद 160.8 किमी प्रति घंटे (99.9 मील प्रति घंटे) की थी जो उन्होंने 2005 में न्यूजीलैंड के खिलाफ फेंकी थी। वहीं, शोएब अख्तर ने दक्षिण अफ्रीका के केप टाउन में 2003 क्रिकेट विश्व कप के दौरान एकदिवसीय मैच में इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज निक नाइट को 161.3 किमी प्रति घंटे (100.2 मील प्रति घंटे) की गेंद फेंकी।

**शोएब अख्तर ने नाम दर्ज है सबसे तेज गेंद फेंकने का रिकॉर्ड**

दिलचस्प बात यह है कि अख्तर के नाम क्रिकेट इतिहास में अब तक की सबसे तेज गेंद फेंकने का रिकॉर्ड है। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के केप टाउन में 2003 क्रिकेट विश्व कप के दौरान एकदिवसीय मैच में इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज निक नाइट को 161.3 किमी प्रति घंटे (100.2 मील प्रति घंटे) की गेंद फेंकी। यह उनके पहले ओवर की आखिरी गेंद थी, जिसने अपनी पहली पांच गेंदों में 153.3 किमी प्रति घंटे, 158.4 किमी प्रति घंटे, 158.5 किमी प्रति घंटे, 157.4 किमी प्रति घंटे और 159.5 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से इंग्लैंड के बल्लेबाज को परेशान किया था।

## युवराज सिंह के ट्वीट पर शुभमन गिल ने दिया खूबसूरत जवाब

नई दिल्ली, भारतीय टीम के ओपनर बल्लेबाज शुभमन गिल ने न्यूजीलैंडे के खिलाफ दोहरा शतक लगाया। वनडे क्रिकेट के इतिहास में शुभमन गिल पांचवे भारतीय बल्लेबाज बन गए, जिन्होंने दोहरा शतक लगाय है। शुभमन गिल से पहले सचिन तेंदुलकर, वीरेंद्र सहवाग, रोहित शर्मा, ईशान किशन दोहरे शतक लगा चुके हैं। शुभमन की शानदार बैटिंग से जहां भारतीय फैंस खुश हैं तो वहीं, भारत के पूर्व हरफनमौला खिलाड़ी युवराज सिंह ने ट्वीट कर उन्हें बधाई दी। इस पर शुभमन ने खूबसूरत जवाब दिया है।

शुभमन के इस दोहरे शतक पर क्रिकेट जगत के कई नामी सितारों ने गिल को बधाई दी। ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम समेत कई माध्यमों पर उनके लिए प्यार भरे संदेश आ रहे थे।

ईएसपीएन क्रिकइन्फो के मुताबिक एक ट्वीट जिसने उनके चेहरे पर सबसे अधिक हंसी लाई, वह थी युवराज सिंह की। युवराज ने लिखा कि यह उनके तथा शुभमन के पिता के लिए गर्व महसूस करने का दिन है।

# भारतीय खिलाड़ी ने की भविष्यवाणी, कहा— आने वाले समय में कम होगें वनडे, सिर्फ टेस्ट और टी20 ही खेले जाएंगे



नई दिल्ली, वनडे क्रिकेट के भविष्य पर युवराज सिंह ने सवाल उठाए थे। इसके बाद भारत के पूर्व बल्लेबाज रॉबिन उथप्पा ने भी इसको लेकर अपने विचार साझा किए हैं।

पूर्व क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा का मानना है कि आने वाले समय में वनडे प्रारूप कम हो जाएगा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में केवल टी20 और टेस्ट मैच खेले जाएंगे। उथप्पा संयुक्त अरब अमीरात में कळछ20 के पहले सीजन में दुबई कैपिटल्स के लिए खेल रहे हैं। शारजाह में गल्फ जायंट्स के खिलाफ मैच में गुरुवार शाम को वह मैदान पर उतर सकते हैं। उन्होंने टी20 लीगों में वृद्धि के कारण वनडे क्रिकेट के भविष्य पर अपने विचार साझा किए।

वनडे के भविष्य पर खतरा

रॉबिन उथप्पा ने कहा, ह्लआने वाले समय में, हम वनडे क्रिकेट में कमी देखेंगे, और सिर्फ टी20 और टेस्ट क्रिकेट सामने आएंगे, और शायद टी10 क्रिकेट भी देखने को मिले।

क्योंकि यह बहुत सारे युवा देशों को क्रिकेट से परिचित कराने का एक शानदार प्रारूप है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि क्रिकेट विकसित हो रहा है और यह काफी आगे बढ़ रहा है, जो शायद फुटबॉल की दिशा में भी है जो इतने दशक पहले हुआ था और समय के साथ आप अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की तुलना में अधिक लीग देखेंगे। आप टी20 को क्रिकेट के भविष्य के रूप में देख सकते हैं।

# विदर्भ ने रचा इतिहास, गुजरात के खिलाफ बनाया सबसे कम स्कोर के बचाव का नया भारतीय रिकॉर्ड



नई दिल्ली, रणजी ट्रॉफी 2022-23 के एलीट ग्रुप ऊके एक लीग मुकाबले में विदर्भ की टीम ने इतिहास रच दिया। विदर्भ ने गुजरात के खिलाफ सबसे कम स्कोर का बचाव करते हुए नया भारतीय रिकॉर्ड बनाया है। गुजरात की टीम विदर्भ द्वारा दिए गए 73 रन के मामूली लक्ष्य का पीछा नहीं कर सकी और सिर्फ 54 रन पर ऑलआउट हो गई और 17 रन से मुकाबला गंवा दिया।

ईएसपीएन क्रिकइन्फो के मुताबिक, यह भारतीय प्रथम श्रेणी क्रिकेट में सबसे कम स्कोर के बचाव का रिकॉर्ड है। इससे पहले यह रिकॉर्ड बिहार के नाम था। बिहार ने 1948-49 में जमशेदपुर में दिल्ली के खिलाफ 78 रन के लक्ष्य का सफलतापूर्वक बचाव किया था।

**स्पिनर आदित्य सरवटे ने लिए 6 विकेट**

विदर्भ और गुजरात के बीच यह मैच नागपुर के जामथा मैदान में खेला गया। विदर्भ के लिए इस जीत के हीरो बाएं हाथ के स्पिनर आदित्य सरवटे रहे, जिन्होंने दूसरी पारी में सिर्फ 17 रन देकर छह विकेट झटके। उन्होंने पहली पारी में भी पांच विकेट लिए थे।

इससे पहले बुधवार को गुजरात के बाएं हाथ के स्पिनर सिद्धार्थ देसाई ने छह विकेट लेकर विदर्भ को दूसरी पारी में सिर्फ 254 रन पर रोक दिया था। उस समय ऐसा लगा था कि गुजरात इस मैच को आसानी से जीत जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। दूसरे दिन की खेल की समाप्ति पर गुजरात का स्कोर छह रन पर एक विकेट था।

# भारत के खिलाफ वनडे सीरीज तक दिग्गज ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर को पूरी तरह फिट होने की उम्मीद

नई दिल्ली, ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर मिचेल मार्श को उम्मीद है कि वो मार्च में भारत के खिलाफ होने वाली वनडे सीरीज तक फिट हो जाएंगे। मार्श ने हाल ही में एड़ी की सर्जरी कराई थी और इससे उबरने में जुटे हुए हैं। 31 साल के मार्श को पिछले साल टी20 वर्ल्ड कप के दौरान एड़ी में परेशानी हुई थी। इसके बाद दिसंबर में वो बिग बैश लीग से बाहर हुए और उन्हें सर्जरी करानी पड़ी।

मिचेल मार्श ने अपनी रिकवरी शुरू की और बुधवार को पहली दौड़ लगाई।

ऑलराउंडर को उम्मीद है कि वो भारत के खिलाफ वनडे सीरीज से पहले पूरी तरह फिट हो जाएंगे। मार्श ने फॉक्स क्रिकेट से बातचीत में कहा, 'पहला दौड़ने वाला सत्र आज था। मैदान पर लौटकर बहुत अच्छा महसूस हो रहा है। यह आसान होने के साथ-साथ कठिन भी था। मुझे कुछ काम भी करना है। उम्मीद है कि अगले छह सप्ताह में ठीक हो जाऊंगा।'

उन्होंने आगे कहा, 'मेरा भारत दौरे पर वनडे सीरीज पर ध्यान लगा है। यह हमारे लिए आखिरी घरेलू वनडे होगा और फिर मुझे उड़कर जाना रहेगा, जो कि शानदार है।' मार्श ने अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मुकाबला नवंबर में इंग्लैंड के खिलाफ खेला था। ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल भी भारत दौरे से पहले अपनी फिटनेस साबित करने पर तुले हुए हैं। मैक्सवेल ने कहा कि वो सप्ताह दर सप्ताह अपनी प्रगति पर ध्यान दे रहा हूं और बीबीएल सत्र समाप्त होने से पहले वो लौट आएंगे।



**स्कॉटलैंड को हराकर भारत ने हासिल की तीसरी जीत। फोटो— ट्विटर**

मैक्सवेल ने कहा, 'हमारा भारत दौरा आने वाला है। मैं खुद को इसके लिए तैयार करने को लेकर काफी उत्सुक हूं। मैं वहां रहूंगा या नहीं, ये तो वक्त ही बताएगा। मगर मेरे नियंत्रण में जो है, उसके रहते फिट होने की पूरी कोशिश करूंगा। मेरे पास वापसी करने का समय है।' ऑस्ट्रेलिया का भारत दौरा 9 फरवरी से शुरू होगा। 17 मार्च, 19 मार्च और 22 मार्च को भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच वनडे मैच खेले जाएंगे।

## फिल्मी सफर

# हारमोनियम बजाना सीख रही एक्ट्रेस रीना कपूर



टीवी सीरियल आशाओं का सवेरा.. धीरे-धीरे से की एक्ट्रेस रीना कपूर ने संगीत के प्रति अपने प्यार के बारे में बात की और बताया कि कैसे वह हारमोनियम बजाने में महारत हासिल करना चाहती हैं। उसने कहाः मैं अपने गुरुजी के बहुत सारे सत्संगों में भाग लेती थी, जहां विभिन्न स्थानों के बहुत सारे गायक आते थे और गाते थे, और मैं उन भजनों को सुनना पसंद करती थी और हमेशा चाहती थी कि क्या मैं कभी उन लोगों की तरह हारमोनियम बजा सकती हूं, जो वहां बजाते थे।

उन्होंने कहा, सौभाग्य से एक दिन, मेरे गुरुजी ने इसे बजाने की मेरी इच्छा के बारे में जानने के बाद एक हारमोनियम खरीदा और मुझे घर पर अभ्यास करने को कहा। लेकिन महीनों के अभ्यास के बाद भी, मुझे इसकी आदत नहीं पड़ी। फिर एक दिन, जब मैं अपने गुरुजी के आश्रम में दोबारा गयी, तो मेरी मुलाकात एक लडक़ी से हुई, जो तीन साल की उम्र से हारमोनियम बजा रही थी और वह कला में इतनी अच्छी थी कि उसने मुझे प्रेरित किया और मुझे पूरे मन से सीखने के लिए प्रोत्साहित किया।

रीना कपूर शक्ति- अस्तित्व के एहसास की, विष्णु पुराण, ह्यजय गंगा मैया और कई अन्य टीवी शो का हिस्सा रही हैं। वर्तमान में, वह आशाओं का सवेरा. में एक विधवा की भूमिका निभा रही हैं।

ह्यवो रहने वाली महलों कीह्न की अभिनेत्री ने आगे कहा कि वह हारमोनियम सीखने के लिए समय निकालती हैं और हारमोनियम बजाने की कला सीखने में अपना सारा प्रयास लगा देती हैं।

हालांकि मैं अभी भी हारमोनियम बजाने का अभ्यास करती हूं, जब भी मुझे समय मिलता है और संगीत के प्रति अपने प्यार को व्यक्त करने के लिए और संगीत की लय के साथ ताल मिलाने के लिए मैं हारमोनियम बजाते हुए भजन गाती हूं।

ह्यआशाओ का सवेरा धीरे धीरे सेह्न स्टार भारत पर प्रसारित होता है।

## शिल्पा शिंदे शो मैडम सर से कर रही छोटे पर्दे पर वापसी

पॉपुलर कॉमेडी शो भाभीजी घर पर हैं में अंगूरी भाभी का किरदार निभाकर देशभर में मशहूर हुईं अभिनेत्री शिल्पा शिंदे करीब सात साल बाद छोटे पर्दे पर वापसी करने के लिए तैयार है। वह जल्द ही सब टीवी के कॉमेडी शो मैडम सर में दिखेंगी। इसमें वह एक पुलिस ऑफिसर एसीपी नैना माथुर का किरदार निभाती नजर आएंगी। शिल्पा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा कर इस खबर की पुष्टि की है। शिल्पा ने इंस्टा पोस्ट में लिखा, मैं मैडम सर में एसीपी नैना माथुर का किरदार निभाने के लिए बहुत उत्साहित हूं। मुझे उम्मीद है कि आप सभी को मेरा यह रोल बेहद पसंद आएगा। आप सभी का मनोरंजन करने के लिए मैं अच्छा प्रदर्शन करूंगी। बता दें, साल 1999 में शिल्पा ने टेलीविजन की दुनिया में डेब्यू किया था,

# मैं अपने हर परफॉर्मेंस से लोगों को चौंकाता रहूंगाः अर्जुन कपूर

कुत्ते में एक भ्रष्ट पुलिस वाले की भूमिका निभा रहे अर्जुन कपूर ने कहा कि वह अपनी प्रत्येक फिल्म के साथ एक अभिनेता के रूप में सुधार करना चाहते हैं। अर्जुन ने कहा, मैं बस हर फिल्म के साथ सुधार करना चाहता हूं और मुझे उम्मीद है कि मैं फिल्म दर फिल्म अपने प्रदर्शन से लोगों को आश्चर्यचकित करता रहूंगा।

यह देखना बेहद खुशी की बात है कि कुत्ते में मेरे प्रयास के बारे में मीडिया और दर्शक उत्साहजनक हैं। यह वास्तव में मेरे लिए दिलचस्प भूमिकाएं चुनना जारी रखने के लिए प्रेरित कर रहा है जो मुझे स्क्रीन पर बेहतर प्रदर्शन देने के लिए प्रेरित करती हैं।अर्जुन अपनी प्रशंसित फिल्म संदीप और पिंकी फरार के बाद एक पुलिस वाले की भूमिका निभा रहे हैं। वह मीडिया और दर्शकों से एक बार फिर प्यार पाकर रोमांचित हैं। उन्होंने कहा, संदीप और पिंकी फरार से ही, मैं विश्वसनीय फिल्म निर्माताओं के साथ विश्वसनीय फिल्में खोजने की यात्रा पर हूं, जो मुझे एक अभिनेता के रूप में विकसित होने में मदद करती हैं और कुत्ते एक और ऐसी फिल्म है, जिसे मैं बहुत महत्व देता हूं।



अर्जुन ने आगे कहा, विशाल भारद्वाज और लव रंजन जैसे प्रेरक प्रोड्यूसर्स का मेरे काम पर नजर रखना और मुझे निर्देशित करने के लिए आसमान जैसे शानदार फिल्म-निर्माता का मिलना, यह दिखाता है कि इंडस्ट्री को भी भरोसा है कि सही स्क्रिप्ट के साथ मैं अच्छा कर सकता हूं। मैं निकट भविष्य में इस रास्ते पर चलता रहूंगा।कुत्ते में नसीरुद्दीन शाह, कोंकणा सेन शर्मा, तब्बू, कुमुद मिश्रा और राधिका मदान भी हैं।

# अक्षय और टाइगर की फिल्म बड़े मियां छोटे मियां की शूटिंग शुरू




बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ इन दिनों अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म बड़े मियां छोटे मियां को लेकर चर्चा में हैं। अब निर्माता अली अब्बास जफर ने ट्विटर हैंडल पर क्लैपबोर्ड की एक तस्वीर साझा कर जानकारी दी है कि उन्होंने फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म का बजट 300 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। इस लिहाज से यह फिल्म बॉलीवुड की सबसे महंगी फिल्मों में शामिल हो जाएगी।

फिल्म बड़े मियां छोटे मियां में अक्षय और टाइगर के अलावा सोनाक्षी सिन्हा, मानुषी छिल्लर और पृथ्वीराज सुकुमारन भी हैं, जो खलनायक की भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन अली अब्बास जफर कर रहे हैं, जबकि इसका निर्माण वाशु भगनानी, जैकी भगनानी और दीपशिखा देशमुख द्वारा किया गया है। बता दें, अमिताभ बच्चन और गोविंदा की कॉमेडी एक्शन फिल्म बड़े मियां छोटे मियां साल 1998 में रिलीज हुई थी। हालांकि, वाशु भगनानी की यह फिल्म रीमेक नहीं है।

# भोला से तब्बू का फर्स्ट लुक जारी, 30 मार्च को रिलीज होगी फिल्म

बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन अपनी मूवी दृश्यम 2 के हिट होने के उपरांत निरंतर लगातार चर्चा में बने हुए हैं। इसके साथ ही वह इन दिनों अपनी अपकमिंग मूवी भोला को लेकर बिजी हो चुके है। अब अजय देवगन ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से मूवी भोला से तब्बू का फर्स्ट लुक साझा कर दिया है। जिसके साथ ही उन्होंने तब्बू का एक मोशन पोस्टर भी साझा किया है। इस मूवी में तब्बू एक पुलिस ऑफिसर के रोल में दिखाई देने वाली है। मूवी से उनका लुक फैंस को खूब पसंद भी आने लगा है। बताते चलें कि मूवी भोला से अजय देवगन का लुक पहले ही आ चुका है जिसे लोगों ने खूब पसंद भी किया जा रहा है।



अजय देवगन ने अपने मंगलवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से मूवी भोला की एक्ट्रेस तब्बू के फर्स्ट लुक के दो पोस्टर शेयर किए हैं। इन पोस्टर में तब्बू पुलिस ऑफिसर की ड्रेस में बंदूक पकड़े हुए दिखाई दे रही है। वहीं, अजय देवगन ने एक मोशन पोस्टर भी साझा किया है। जिसमें तब्बू का पुलिसवाला अंदाज देखने के लिए मिल रहा है। भोला का निर्माण अजय की प्रोडक्शन कंपनी अजय देवगन फिल्म्स ने किया है, जो 30 मार्च, 2023 को रिलीज होगी। भोला तमिल फिल्म कैथी का हिंदी रीमेक है। कैथी 2019 में रिलीज हुई थी, जिसमें अभिनेता कार्ति मुख्य भूमिका में नजर आए थे। अजय ही भोला का निर्देशन भी कर रहे हैं। इससे पहले रनवे 34 और शिवाय जैसी फिल्मों का निर्देशन भी कर चुके हैं। इस फिल्म में मुख्य भूमिका में अजय, तब्बू और राई लक्ष्मी नजर आएंगे। यह फिल्म 3डी में भी रिलीज होगी। इससे पहले फिल्म से अजय का लुक भी सामने आ चुका है।

जयन्त

संस्थापक
नरेन्द्र उनियाल

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक और
सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
द्वारा जयन्त प्रकाशन
डिग्री कॉलेज रोड़,
जौनपुर कोटद्वार गढ़वाल
(उत्तराखण्ड) से मुद्रित
तथा जयन्त कार्यालय
चन्द्रसिंह गढ़वाली मार्ग,
गैरसैंण, जनपद चमोली
उत्तराखण्ड से प्रकाशित
RNI No.UTTHIN/2005/16338